

वाहन और दूरसंचार शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी सेंसेक्स 609 अंक उछला-12



गंगा एक्सप्रेस-वे से उत्तर प्रदेश के बारह जिलों में आर्थिक क्रांति की नींव-12



ईरान युद्ध में खुद ही चौतरफा घिरा अमेरिका ट्रंप की बढ़ीं मुश्किलें-13



ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट पीने पर विवादों से घिरे रियान पराग-14


आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
24.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.34
सूर्यास्त 06.46

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ · बरेली · कानपुर · मुरादाबाद · अयोध्या · हल्द्वानी

| बरेली |

बैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 09:12 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 30 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 155, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# एक्सप्रेस-वे से भी तेज है उत्तर प्रदेश के विकास की रफ्तार: मोदी

## प्रधानमंत्री ने किया गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण, योगी के नेतृत्व में विकास को सराहा

- पीएम बोले-किसानों, उद्योग व युवाओं के लिए नई लाइफलाइन, 12 जिलों में बढ़ेंगे अवसर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/हरदोई

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आज विकास की रफ्तार एक्सप्रेस-वे से भी तेज है। गंगा एक्सप्रेस-वे केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक परिवर्तन का आधार है। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेस-वे प्रदेश की अर्थव्यवस्था, कनेक्टिविटी और रोजगार के लिए नई लाइफलाइन साबित होगा।

प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को हरदोई के तहसील बिलग्राम स्थित मल्लावां कट के पास गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि मां गंगा के नाम पर बना यह एक्सप्रेस-वे प्रदेश की विरासत और विकास दोनों का प्रतीक है। इससे अब लोग कम समय में संगम और काशी पहुंच सकेंगे, जिससे आस्था और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। मेरठ के स्पोर्ट्स गुड्स, हरदोई का हैंडलूम, उन्नाव का लेदर और प्रतापगढ़ का आंवला जैसे उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचने का बेहतर अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक्सप्रेस-वे 12 जिलों में उद्योगों को आकर्षित करेगा और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री को प्रतीक के रूप में मां गंगा की प्रतिमा भी भेंट की।




गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण अवसर पर मंच पर उपस्थित पीएम मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन, सीएम योगी तथा अन्य।

### पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा लगाने जा रही जीत की हैट्रिक : मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि कुछ समय पहले, जब बिहार में चुनाव हुए तो भाजपा-एनडीए ने प्रचंड जीत दर्ज की थी, एक इतिहास रच दिया था। अभी कल ही गुजरात में महानगर पालिका, नगर पालिका, जिला पंचायतें, नगर पंचायतें, तहसील पंचायत... इन सब के चुनाव के नतीजे आए हैं। 80 से 85 प्रतिशत नगरपालिका और पंचायत भाजपा ने जीत ली हैं। मुझे विश्वास है कि इन पांच राज्यों के चुनाव में भी भाजपा ऐतिहासिक जीत की हैट्रिक लगाने जा रही है। 4 मई के नतीजे विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करेंगे। केंद्र की एनडीए सरकार नारी शक्ति वंदन संशोधन लेकर आई थी, अगर यह संशोधन पास हो जाता तो 2029 के चुनाव से ही महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण मिलता। सपा ने इस संशोधन के खिलाफ वोट किया। यूपी को सपा और उसके सहयोगियों से सावधान रहना है।

### इंफ्रास्ट्रक्चर से बदल रही यूपी की तस्वीर

मोदी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है। एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में तेजी से काम हो रहा है। प्रदेश में 21 एयरपोर्ट विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें पांच अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हैं। ब्रह्मोस मिसाइल जैसे बड़े प्रोजेक्ट राज्य की औद्योगिक शक्ति को नई पहचान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उप्र अब एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### विपक्ष पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में अपराध और जंगलराज का माहौल था, जिससे निवेश और विकास बाधित होता था। आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है और प्रदेश निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है।

# चहुंमुखी विकास का आधार बनेगा गंगा एक्सप्रेस-वे : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/हरदोई



हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण पर वार्ता करते पीएम मोदी और सीएम योगी।

- एक्सप्रेसवे से किसानों, युवाओं, निवेश और सांस्कृतिक विकास को मिलेगा बढ़ावा
- 594 किमी एक्सप्रेसवे में 12 जिलों के एक लाख से अधिक किसानों का योगदान

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे प्रदेश के चहुंमुखी विकास का मजबूत आधार बनेगा। 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे मेरठ से प्रयागराज तक 12 जिलों को जोड़ते हुए प्रदेश की अर्थव्यवस्था, रोजगार और आस्था-संस्कृति को नई दिशा देगा। उन्होंने इन एक लाख से अधिक किसानों को भी याद किया, जिन्होंने अपनी भूमि का योगदान किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दिसंबर 2021 में रखी गई आधारशिला आज साकार रूप में सामने है। 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे मेरठ से प्रयागराज तक 12 जिलों को जोड़ते हुए प्रदेश की अर्थव्यवस्था, रोजगार और आस्था-संस्कृति को नई दिशा देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 जैसी वैश्विक चुनौती के दौरान भी इस परियोजना की रफ्तार नहीं रुकी। भूमि अधिग्रहण से लेकर निर्माण तक हर चरण में समयबद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित की गई। उन्होंने हरदोई की पावन धरती को भगवान नरसिंह और भक्त प्रह्लाद से जुड़ा बताते हुए इस ऐतिहासिक अवसर को गौरवपूर्ण बताया। सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में विकास, निवेश और रोजगार की कल्पना कठिन थी, लेकिन अब एक्सप्रेसवे, हाईवे और ग्रामीण सड़कों का विशाल नेटवर्क तैयार हुआ है।

### औद्योगिक क्लस्टर खोलेंगे रोजगार के नए द्वार

मुख्यमंत्री ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे 27 स्थानों पर इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल क्लस्टर और लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं। इससे निवेश के नए अवसर पैदा होंगे और युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा।

### किसानों के योगदान को किया नमन

परियोजना के लिए करीब 18,000 एकड़ भूमि किसानों से प्राप्त की गई है, जबकि औद्योगिक क्लस्टर के लिए 7,000 एकड़ अतिरिक्त भूमि ली गई है। मुख्यमंत्री ने 12 जिलों के एक लाख से अधिक किसानों का आभार जताया, जिनके सहयोग से परियोजना साकार हो सकी।

## न्यूज ब्रीफ

### विधानमंडल का विशेष सत्र आज हंगामे के आसार

**लखनऊ, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश विधानमंडल का एक दिवसीय विशेष सत्र गुरुवार को हंगामेदार रहने के आसार हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े संशोधन विधेयक के लोकसभा में गिरने के मुद्दे पर योगी सरकार सदन में निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी में है, जबकि विपक्ष इसके खिलाफ जोरदार विरोध की रणनीति बना चुका है। सूत्रों के अनुसार, सुबह 11 बजे सत्र शुरू होने से पहले भाजपा गठबंधन के विधायकों और मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी विधायक दल की बैठकें होंगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।

### कम दूरी की पोत विध्वंसक मिसाइल का सफल 'साल्वो परीक्षण'

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना और डीआरडीओ ने बुधवार को ओडिशा तट के पास कम दूरी की पोत विध्वंसक मिसाइल प्रणाली का पहला 'साल्वो लॉन्च' सफलतापूर्वक पूरा किया। इस परीक्षण में नौसेना के हेलीकॉप्टर के जरिए एक ही लॉन्चर से कुछ ही सेकंड के भीतर कई मिसाइलें तेजी से दागी गईं। यह 'साल्वो' तकनीक दुश्मन की रक्षा प्रणाली को एक साथ कई सटीक हमलों से ध्वस्त करने के लिए डिजाइन की गई है।

# बंगाल में मतदान का महा-रिकॉर्ड अंतिम चरण में 92.47% वोटिंग

### मतदान के बड़े आंकड़े

**ऐतिहासिक भागीदारी :** राज्य की 294 सीटों पर औसत मतदान 92.47% रहा, जिसने 2011 के 84.72% के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

**महिलाओं का वर्चस्व :** महिला मतदाताओं का प्रतिशत 93.24% रहा, जबकि पुरुषों का प्रतिशत 91.74% दर्ज किया गया।

कोलकाता/नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव-2026 ने लोकतंत्र के उत्सव में एक नया इतिहास रच दिया है। राज्य में दो चरणों में हुए मतदान में आजादी के बाद से अब तक का सबसे अधिक 92.47 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। मतगणना 4 मई को होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने इस ऐतिहासिक भागीदारी के लिए जनता को बधाई देते हुए इसे पश्चिम बंगाल का गर्व बताया।

भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपना वोट डालने के बाद केंद्रीय बलों पर "अति" करने का आरोप लगाया। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ और पर्यवेक्षक मतदाताओं को डरा-धमका रहे हैं और लोगों की पिटाई कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि सुरक्षा बल महिलाओं और बच्चों तक को नहीं छोड़ रहे हैं और बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां की गई हैं। उन्होंने इसे अदालत की अवमानना और लोकतंत्र का अपमान बताते हुए कहा कि केंद्रीय बल लोगों को इस तरह प्रताड़ित नहीं कर सकते।



मध्य कोलकाता में बुधवार को मताधिकार का प्रयोग करने के बाद मिशनरीज ऑफ चैरिटी की नन। ● अमृत विचार

विपक्ष के आरोपों के बीच, निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि चुनाव के बाद की अवधि में शांति सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की लगभग 700 कंपनियां अगले आदेश तक राज्य में तैनात रहेंगी।

# बंगाल-असम में भाजपा को बढ़त, केरल-तमिलनाडु में बदलाव की लहर; पुडुचेरी में फिर खिल सकता है कमल

नई दिल्ली, अमृत विचार नेटवर्क

चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न होने के बाद आए अधिकांश सर्वेक्षणों में असम और पश्चिम बंगाल में भाजपा की स्थिति मजबूत दिखाई दे रही है, जबकि दक्षिण भारत के राज्यों और पुडुचेरी में कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

**पुडुचेरीः राजग की वापसी के आसार**

30 सीटों वाले केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में अधिकतर सर्वेक्षण एआईएनआरसी की अगुवाई वाले एनडीए को बहुमत दे रहे हैं।

### एग्जिट पोल

**एक्सिस माय इंडियाः** राजग को 16-20 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि कांग्रेस-द्रमुक गठबंधन 6-8 सीटों पर सिमट सकता है। यहाँ अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके को 2-4 सीटें मिलने की संभावना है।

**पीपुल्स प्लसः** इस सर्वे ने भी राजग को 16-18 सीटें देकर उनकी सरकार बनने का संकेत दिया है, जबकि कांग्रेस-द्रमुक गठबंधन को 10-12 सीटें दी गई हैं।

एग्जिट पोल की मानें तो उत्तर-पूर्व और बंगाल में भाजपा अपनी पकड़ मजबूत कर रही है, वहीं दक्षिण में क्षेत्रीय दलों और कांग्रेस गठबंधन का पलड़ा भारी है। अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके के प्रदर्शन ने तमिलनाडु और पुडुचेरी के समीकरणों को रोचक बना दिया है।

### असम और बंगाल: भाजपा के लिए शुभ संकेत

**असम :** 126 सीटों वाले इस राज्य में भाजपा गठबंधन जीत की हैट्रिक लगाता दिख रहा है। 'एक्सिस माय इंडिया' ने राजग को 88-100 और 'मैट्रिज' ने 85-95 सीटें दी हैं।

**बंगाल :** 294 सीटों पर 'पी-मार्क' (150-175) और 'पोल डायरी' (142-171) भाजपा की जीत देख रहे हैं, जबकि 'पीपुल्स प्लस' ने टीएमसी को 177-187 सीटों के साथ बहुमत का दावा किया है।

### तमिलनाडु और केरल: सत्ता परिवर्तन की आहट

**तमिलनाडु :** यहां द्रमुक गठबंधन की वापसी के संकेत हैं। 'पीपुल्स प्लस' ने द्रमुक को 125-145 सीटें दी हैं। दिलचस्प बात यह है कि अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके पहली बार 10 से 12 सीटें हासिल कर खाता खोल सकती है।

**केरल :** यहाँ वामपंथियों की विदाई होती दिख रही है। 'एक्सिस माय इंडिया' (78-90 सीटें) और 'पीपुल्स प्लस' (75-85 सीटें) ने कांग्रेस नीत यूडीएफ को पूर्ण बहुमत मिलने का अनुमान लगाया है।

**प. बंगाल सीटें 294 बहुमत 148**

| एजेंसी | टीएमसी+ | भाजपा |
|---|---|---|
| मैट्रिज | 125-140 | 146-161 |
| पोल डायरी | 99-127 | 142-171 |
| चाणक्य स्ट्रैटजीज | 130-140 | 150-160 |
| प्रजा पोल | 85-110 | 178-208 |
| पीपल्स पल्स | 177-187 | 95-110 |
| पी- मारक्यू | 118-138 | 150-175 |
| जनमत पोल्स | 195-205 | 80-90 |
| जेवीसी | 131-152 | 138-159 |

**तमिलनाडु सीटें 234 बहुमत 118**

| एजेंसी | द्रमुक+ | एनडीए | टीवीके |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 122-132 | 87-100 | 10-12 |
| पीपल्स पल्स | 125-145 | 65-80 | 18-24 |
| चाणक्य स्ट्रैटजी | 145-160 | 50-65 | - |
| प्रजा पोल | 148-168 | 61-81 | - |
| पी-मारक्यू | 125-145 | 65-85 | 16-26 |
| जेवीसी | 75-95 | 128-147 | 8-15 |
| पीपल्स इन्साइट | 120-140 | 60-70 | 30-40 |
| कामाख्या | 78-95 | 68-84 | 67-81 |

**केरल सीटें 140 बहुमत 71**

| एजेंसी | द्रमुक+ | एनडीए | टीवीके |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 122-132 | 87-100 | 10-12 |
| पीपल्स पल्स | 125-145 | 65-80 | 18-24 |
| चाणक्य स्ट्रैटजी | 145-160 | 50-65 | - |
| प्रजा पोल | 148-168 | 61-81 | - |
| पी-मारक्यू | 125-145 | 65-85 | 16-26 |
| जेवीसी | 75-95 | 128-147 | 8-15 |
| पीपल्स इन्साइट | 120-140 | 60-70 | 30-40 |
| कामाख्या | 78-95 | 68-84 | 67-81 |

# यूपी में आंधी-पानी ने मचाई तबाही, 12 की मौत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अयोध्या में धूलभरी आंधी से एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा सीएम योगी का हेलिकॉप्टर
- सुल्तानपुर में सर्वाधिक छह की मौत, लखनऊ समेत 10 जिलों में जमकर ओले गिरे

**अमृत विचारः** यूपी में बुधवार को मौसम ने अचानक करवट ली। आंधी-बारिश से जगह-जगह पेड़, बिजली के खंभे उखड़ गए। कई कच्चे मकान ढह गए। इससे 12 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 6 मौत सुल्तानपुर में हुई। अयोध्या-अमेठी में 2-2, प्रयागराज और गाजीपुर में 1-1 की जान गई, जबकि दर्जनों घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को मौके पर जाकर बचाव एवं आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

यूपी में बुधवार को लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज-वाराणसी समेत 30 से ज्यादा जिलों में आंधी के साथ बारिश हुई। लखनऊ समेत 10 जिलों में जमकर ओले गिरे। सुल्तानपुर में 60 किमी की स्पीड से तूफान आया। इससे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बने टोल प्लाजा की छत उड़ गई। अयोध्या में धूलभरी आंधी के साथ बारिश हुई। इससे सीएम योगी का हेलिकॉप्टर एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। सुल्तानपुर में बिजली गिरने से खेत में आग लग गई। यूपी में पेड़-मकान व आकाशीय बिजली गिरने से मरने वालों में सुल्तानपुर के महेंद्र तिवारी (20) निवासी पूरे शिववंश दुबे, थाना कुड़वार, महिमा (8) - कस्बा माफियात, थाना बल्दीराय, रामबरन (58) - सिंघनी गांव, थाना बल्दीराय, रीता (35) - पूरे निधई तिवारी, मजरा डोभियारा, थाना हलियापुर, सुरेमन (8) - मुरादाबाद बरामदपुर, थाना अखंडनगर और सुषमा गुप्ता (40) - अलीगंज दाऊदपुर, थाना बंधुआकला शामिल हैं। जबकि अयोध्या की कर्मा देवी (64) - खजुरहट गणेशी गांव, बीकापुर और जमुना प्रसाद मिश्रा (40) - पूरा कलंदर क्षेत्र अमेठी से अंबिका पांडे (65) - खाखर देई गांव, थाना मुंशीगंज और मोहित गिरी (19)- शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के महिया सिंदुरिया की मौत हो गई। प्रयागराज में आकाशीय बिजली से कुसुम देवी (45) फूलपुर थाना क्षेत्र के दुल्मापुर गांव की जान चली गई, जबकि गाजीपुर में रामदरस राम निवासी बकराबाद निवासी (पेड़ गिरने से) की मौत हो गई। मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं की वजह से मौसम बदला है। आज पूर्वांचल, अवध, बुंदेलखंड और ब्रज क्षेत्र के 58 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है।

### अगले 4 दिन कैसा रहेगा मौसम

1 मई : पश्चिमी यूपी में हल्की और पूर्वी यूपी में तेज बारिश होगी। बादलों की गड़गड़ाहट के बीच बिजली भी गिर सकती है।

2 मई : प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। तेज हवा चलेगी। तापमान में हल्की गिरावट आएगी।

3 मई : पूर्वी और पश्चिमी यूपी में कुछ जगहों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होगी। आंधी-तूफान की संभावना नहीं है।

4 मई : आंधी-तूफान के साथ बारिश होगी। दिन वक्त बीच-बीच में धूप निकलने से उमस की स्थिति बनेगी।

# प्रवेश वाही बने दिल्ली के नए मेयर, मोनिका पंत उपमहापौर बनीं

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ पार्षद प्रवेश वाही दिल्ली नगर निगम के नए महापौर (मेयर) चुन लिए गए हैं। बुधवार को हुए चुनाव में रोहिणी पूर्व से पार्षद प्रवेश वाही ने भारी मतों से जीत हासिल की। उनके साथ ही आनंद विहार से भाजपा पार्षद मोनिका पंत को उपमहापौर चुना गया है। कुल 273 वोटों वाले निर्वाचक मंडल में जीत के लिए 137 वोटों की आवश्यकता थी। प्रवेश वाही को कुल 156 वोट मिले, जिसमें इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के 14 पार्षदों का समर्थन भी शामिल रहा। उनके प्रतिद्वंदी कांग्रेस उम्मीदवार हाजी जरफ को केवल नौ वोट मिले। उपमहापौर पद पर मोनिका पंत को भी 156 वोट हासिल हुए। विशेष बात यह रही कि आम आदमी पार्टी (आप) ने इस महापौर चुनाव की प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया।

# दुधवा में पालतू हाथी का कहर, चारा कटर की पटक-पटक कर मौत

संवाददाता, पलिया कलां (लखीमपुर खीरी)



राम विलास।

- सुहेली नदी में स्नान के दौरान हुई घटना, परिजनों में मचा कोहराम

**अमृत विचारः** दुधवा टाइगर रिजर्व की दक्षिण सोनारीपुर रेंज के सलूकापुर क्षेत्र में बुधवार पूर्वाह्न एक दर्दनाक हादसा हो गया। सुहेली नदी में स्नान कराते समय एक पालतू हाथी ने गुस्से में आकर अपने ही चारा कटर को पटक-पटक कर मार डाला, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

दुधवा के उपनिदेशक जगदीश आर. ने बताया कि तहसील क्षेत्र के गांव कोठिया निवासी 52 वर्षीय रामविलास पुत्र इंदल पिछले करीब 25 वर्षों से दुधवा टाइगर रिजर्व में चारा कटर के पद पर कार्यरत थे। वह पर्यटकों को घुमाने के लिए रखे गए हाथियों की देखभाल और चारा देने का काम करता था। बुधवार को भीषण गर्मी के चलते रामविलास हाथी को पास की सुहेली नदी में स्नान कराने ले गए थे। इसी दौरान किसी कारणवश हाथी आक्रामक हो गया और उसने रामविलास को पटक-पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद अन्य महावतों और चारा कटरों ने किसी तरह हाथी को काबू में किया और घायल रामविलास को सीएचसी पलिया ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही दुधवा के उपनिदेशक जगदीश आर. अस्पताल पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। रामविलास के घर में कोहराम मच गया। पत्नी, तीन पुत्रों और एक पुत्री सहित अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक का बड़ा पुत्र अनंतराम भी दुधवा टाइगर रिजर्व में चारा कटर के पद पर कार्यरत है, जो पिता के शव के साथ लखीमपुर गया है।

### हाथी ने चौकीदार को कुचला

**हल्द्वानी :** लालकुआं के शाह पठानी खत्ता क्षेत्र में बुधवार तड़के पेड़ के नीचे सो रहे करीब 75 वर्षीय खत्ता चौकीदार बंधु प्रजापति निवासी चतरा, झारखंड को जंगली हाथी ने हमला कर कुचलकर मार डाला।

उत्तराखण्ड शासन | उत्तराखण्ड 25 — गौरव, विकास और संकल्प का पर्व

# देवभूमि उत्तराखण्ड

**विकास भी, विरासत भी**

# चारधाम यात्रा

## आप सभी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन

**श्री यमुनोत्री**



**श्री गंगोत्री**





**श्री केदारनाथ**



**श्री बदरीनाथ**

## चारधाम मार्ग के समीप आध्यात्मिक और प्राकृतिक रत्न

### यमुनोत्री के पास

जानकी चट्टी, हनुमान चट्टी, खरसाली गांव, सप्तऋषि कुंड, लाखा मण्डल, केदारकांठा ट्रैक, राणा चट्टी

### केदारनाथ के पास

भैरवनाथ मन्दिर, वासुकीताल, गौरीकुंड, त्रियुगीनारायण मन्दिर, चोपता तुंगनाथ चंद्रशिला, गुप्तकाशी, देवरियाताल

### गंगोत्री के पास

गौमुख ट्रैक, भोजबासा, तपोवन, सूर्यकुंड व गौरीकुंड, हर्षिल वैली, मुखीमठ (मुखबा), दयारा बुग्याल ट्रैक, गर्तांग गली, काशी विश्वनाथ मन्दिर, नचिकेताताल, डौडीताल

### बदरीनाथ के पास

माणा गांव, व्यास गुफा और गणेश गुफा, भीमशिला, औली, फूलों की घाटी, वसुधारा जलप्रपात, चरणपादुका, तप्तकुंड, नारदकुंड, ज्योतिर्मठ (जोशीमठ), सतोपंथ झील, पाण्डुकेश्वर, आदिबदरी मन्दिर, हेमकुंट साहिब


त्रियुगी नारायण मन्दिर


फूलों की घाटी


औली


देवप्रयाग


गर्तांग गली


ऋषिकेश


हर्षिल वैली


कार्तिक स्वामी मंदिर



## मेरे प्यारे देशवासियों,

देवभूमि उत्तराखण्ड की पावन धरती पर चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो गया है। बाबा केदार के दर्शन सहित चारो धामों की यह पावन यात्रा भारत की सनातन सांस्कृतिक चेतना का एक भव्य उत्सव है। जगदगुरु आदि शंकराचार्य ने बदरीनाथ और केदारनाथ की यात्राओं से भारतीय संस्कृति को एक नई दिशा दी थी। जगदगुरु रामानुजाचार्य और जगदगुरु मध्वाचार्य ने भी अपने धर्मविचारों को समृद्ध करने के लिए बदरीनाथ की यात्रा की थी।

आज भी हिमालय की गोद में विराजमान ये चारो धाम हमारी शाश्वत आस्था और विश्वास के दिव्य केंद्र हैं। हर वर्ष विविध भाषाओं, परंपराओं और संस्कृतियों के लोग यहां पहुंचते हैं और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के भाव को और अधिक सशक्त करते हैं। इस वर्ष की यात्रा भी इसी परंपरा का विस्तार है।

हमारे शास्त्रों में कहा गया है,

**अग्निष्टोमादिभिर्यज्ञैरिष्ट्वा विपुलदक्षिणैः।**
**न तत्फलमवाप्नोति तीर्थाभिगमनेन यत्॥**

भाव ये है कि बड़े-बड़े यज्ञों और दान आदि से हमें अपार पुण्य प्राप्त होते हैं। और इन अनुष्ठानों से भी कहीं अधिक पुण्य, हमें तीर्थ यात्राओं से प्राप्त होता है।

विकसित भारत के संकल्प में विकसित उत्तराखण्ड की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कुछ वर्ष पहले, बाबा केदार के द्वार पर मैंने कहा था कि ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। आज उत्तराखण्ड की प्रगति इस विश्वास को साकार कर रही है। उत्तराखण्ड आज पर्यटन, आध्यात्मिकता और आर्थिक प्रगति, तीनों क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

पिछले कुछ वर्षों से उत्तराखण्ड में विकास का जो महायज्ञ चल रहा है, उसने चारधाम यात्रा को पहले से अधिक सुगम, सुरक्षित और दिव्य बनाया है। इससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं, संतजनों और पर्यटकों को बहुत सुविधा हो रही है। इन सारे कामों में उत्तराखण्ड की प्राकृतिक सुंदरता का ध्यान रखने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

मैं उत्तराखण्ड आने वाले हर अतिथि से भी कहूंगा कि वो इस नए अनुभव का आनंद जरूर लें। सभी यात्रीगण अपनी यात्रा के दौरान डिजिटल उपवास रखने और उत्तराखण्ड की प्राकृतिक सुंदरता को जीने का प्रयास भी करें। इससे आपको एक अलग संतुष्टि भी मिलेगी।

चारधाम की हर यात्रा में हम एक संकल्प लेकर अपने मूल स्थान से देवभूमि के लिए आते रहे हैं। इसी क्रम में, मैं भी आपसे पांच संकल्पों का आग्रह करना चाहता हूं:

**पहला संकल्प - स्वच्छता सर्वोपरि** : धाम और उसके आस पास स्वच्छता बनाए रखें। नदियों को साफ रखने के लिए अपना योगदान दें। सिंगल यूज़ प्लास्टिक से मुक्त यात्रा का संकल्प लें और इस पावन धरा की गरिमा को बनाए रखें।

**दूसरा संकल्प - प्रकृति और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता** : हिमालय की इस दिव्य धरा के प्रति संवेदनशील रहें। प्रकृति के संतुलन को बनाए रखते हुए, 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे प्रयासों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

**तीसरा संकल्प - सेवा, सहयोग और एकता पर बल** : पुरातन काल से हमारी तीर्थ यात्राएं सर्वजन की सेवा और सामाजिक समरसता को स्थापित करने का माध्यम रही हैं। आज भी लोग इसी सेवा भाव से तीर्थयात्रियों की सेवा करते हैं। मैं चारधाम आने वाले हर तीर्थयात्री से भी आग्रह करता हूं कि वो अपनी यात्रा के हर दिन, किसी ना किसी रुप में, लोगों की सेवा का एक काम अवश्य करें।

सहयात्रियों की सहायता करें और देश की विभिन्न जगहों से आए लोगों से जुड़ें। उनकी परंपराओं का सहभागी बनकर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को इस यात्रा के माध्यम से सशक्त करें।

**चौथा संकल्प - वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा** : अपने मूल स्थान से चलकर यात्रा से घर लौटने तक अपने कुल खर्च का पांच प्रतिशत हिस्सा लोकल उत्पादों को खरीदने पर जरूर खर्च करें। अगर किसी स्थानीय चीज की जरूरत इस मौसम में नहीं भी है, तो भी उसे भविष्य के इस्तेमाल के भाव से ही खरीदने का प्रयास करें।

**पांचवां संकल्प - अनुशासन, सुरक्षा और मर्यादा का पालन** : यात्रा के नियमों और यातायात निर्देशों का पालन करें। एक जिम्मेदार और सजग नागरिक के रूप में इस तीर्थ यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाएं। हम ये प्रयास करें कि हमारी यात्रा से, इस यात्रा के आयोजन और प्रबंधन में जितने भी लोग लगे हुए हैं, उन्हें कोई असुविधा ना हो।

हाल के वर्षों में बड़ी संख्या में हमारे क्रिएटर्स, इंफ्लूएंसर्स चारधाम दर्शन के लिए जाने लगे हैं। मैं सभी से ये आग्रह करूंगा कि वो उत्तराखण्ड की स्थानीय कहानियों और यहां की छोटी-छोटी परंपराओं को भी जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करें।

बाबा केदार के साथ ही चारो धामों का आशीर्वाद आपके जीवन में नई ऊर्जा, नई प्रेरणा और नए संकल्पों का संचार करे। मेरी यही कामना है।

आप सभी को एक सफल, सुरक्षित, दिव्य और आत्मीय यात्रा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

आपका

नरेन्द्र मोदी













"माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरुप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।"

**पुष्कर सिंह धामी** मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## महत्वपूर्ण सूचना

- यात्रा से पूर्व पंजीकरण अनिवार्य है।
- रजिस्ट्रेशन में सही मोबाईल नम्बर दर्ज करें।
- अपने साथ पर्याप्त ऊनी कपड़े, छतरी, रेनकोट आदि अवश्य रखें।
- पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान सटीक स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करें।
- वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा से पहले स्वास्थ्य जांच करवाने की सलाह दी जाती है।
- यदि आप कोई दवा लेते हैं तो प्रचुर मात्रा में स्टॉक साथ रखे।
- यात्रा मार्ग पर विभिन्न पड़ावों पर विश्राम करते हुए प्रस्थान करें, जिससे जलवायु अनुकूल हो सकें।
- यदि आप अस्वस्थ महसूस कर रहे हैं तो यात्रा ना करें।
- धामों पर दर्शन कराने का दावा करने वाले अनधिकृत व्यक्तियों से बचें।
- यात्रा मार्गों पर गंदगी न फैलाकर, उन्हें स्वच्छ रखने में हमारा सहयोग करें।
- कृपया वाहनों की गति नियंत्रित रखें एवं वाहनों को उचित स्थलों पर ही पार्क करें।
- सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करें।

### रजिस्ट्रेशन के माध्यम

वेबसाइट पर जाएं या QR कोड स्कैन करें: registrationandtouristcare.uk.gov.in

ऐप डाउनलोड करें touristcareuttarakhand

Google Play | App Store

अधिक जानकारी के लिए हमारे **टोल फ्री नंबर (24x7)** पर संपर्क करें

**0135-3520100**

विस्तृत जानकारी हेतु **फोन नंबर**
0135-2552627
0135-2559898
पर संपर्क करें

**ई-मेल :** touristcare.uttarakhand@gmail.com

#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK

| पंच केदार | पंच प्रयाग | पंच बद्री |
|---|---|---|
| 1. केदारनाथ | 1. देवप्रयाग | 1. विशाल बद्री |
| 2. तुंगनाथ | 2. रुद्रप्रयाग | 2. योगदर्शन बद्री |
| 3. रुद्रनाथ | 3. कर्णप्रयाग | 3. भव्य बद्री |
| 4. मदमहेश्वर | 4. नन्दप्रयाग | 4. वृद्धा बद्री |
| 5. कल्पेश्वर | 5. विष्णुप्रयाग | 5. आदि बद्री |



**केवल आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से हेलीकॉप्टर बुकिंग करें धोखाधड़ी से सुरक्षित रहें।**

**www.heliyatra.irctc.co.in**

**चारधाम यात्रा पर आप पंच केदार, पंच प्रयाग एवं पंच बद्री के भी दर्शन कर सकते हैं। पंच बद्री में अलग-अलग रूपों में भगवान विष्णु की पूजा की जाती है।**

**सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।**

www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

### न्यूज ब्रीफ

## पुरानी रंजिश में लाठी डंडों से हमला कर दो लोगों को किया घायल

**तिलहर, अमृत विचार :** नगर की गुरुगवां कॉलोनी निवासी राना पुत्र प्रेमपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह चाचा के बेटे की शादी में गया था। उसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही वेदपाल पुत्र जगराम, उसका बेटा रवि और पत्नी सुनीता पहुंचे और भाई करन पर लाठी-डंडों से हमला कर उसे घायल कर दिया। राना के अनुसार शोर सुनकर जब वह अंदर से बाहर आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद उसने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## छुट्टा पशुओं से लोग परेशान, गोशाला भिजवाने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर से लेकर गांव तक लोग छुट्टा पशुओं से परेशान है। इन पशुओं के कारण आए दिन हादसे हो रहे है। हाईवे के बीच या किनारे इन पशुओं का झुंड बैठ जाता है। रात में अक्सर यह पशु दिखाई नहीं देते और टकराकर बाइक सवार घायल हो जाते है।

# पत्नी की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

## मिर्जापुर के भौती गांव में सोमवती हत्याकांड का खुलासा, बेटी की तहरीर पर पुलिस ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मिर्जापुर पुलिस की गिरफ्त में आरोपी पति व बरामद फावड़ा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मिर्जापुर क्षेत्र के भौती गांव में पत्नी सोमवती की फावड़े से हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति क्षत्रपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बेटी ममता की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी की ओर से आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई थी, जिसने कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ लिया।

ममता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार दोपहर उसकी मां सोमवती घर में जमीन पर चादर बिछाकर सो रही थी, तभी पिता क्षत्रपाल ने फावड़े से प्रहार कर गला काटकर मां की हत्या कर दी। उसने बताया कि पिता का मां से अक्सर विवाद होता था और घटना वाले दिन सुबह भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। पिता को मां पर शक था, जिसे लेकर आए दिन तनाव बना रहता था।

- घरेलू विवाद और शक के चलते पति ने फावड़े से की थी हत्या आरोपी ने कबूला जुर्म
- पुलिस ने निशानदेही पर बरामद किया फावड़ा, कलान रोड से किया गिरफ्तार

पुलिस टीम ने कलान रोड से आरोपी क्षत्रपाल को गिरफ्तार किया और उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त फावड़ा बरामद कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि घरेलू विवाद के चलते वह आक्रोशित हो गया और उसने पत्नी की गर्दन काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी का चालान कर उसे जेल भेज दिया है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सोनी शुक्ला, उप निरीक्षक रामपाल सिंह, यशपाल सिंह सहित पुलिस टीम शामिल रही।

### पिंकी शुक्ला मौत मामले में प्रेमिका प्रिया गुप्ता गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चिनौर गांव में पिंकी शुक्ला की मौत के मामले में पुलिस ने पिंकी के पति की प्रेमिका प्रिया गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी महिला का चालान कर जेल भेज दिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।



इससे पहले पति दीपक शुक्ला को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। हरदोई जिले के थाना बेहटा गोकुल के गांव बेहटा धीरा निवासी राधेश्याम मिश्रा ने थाना सदर बाजार में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने अपनी पुत्री पिंकी शुक्ला की शादी चिनौर निवासी दीपक शुक्ला के साथ की थी। 15 फरवरी को पिंकी शुक्ला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। आरोप था कि दीपक शुक्ला के प्रिया गुप्ता से अवैध संबंध थे और दोनों मिलकर पिंकी को परेशान करते थे तथा आत्महत्या के लिए उकसाते थे। पुलिस ने इस मामले में दीपक शुक्ला, प्रिया गुप्ता, रमेश शुक्ला और राजेश शुक्ला निवासी चिनौर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी पति को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। अब पुलिस ने प्रिया गुप्ता निवासी रेलवे कालोनी जिला वाराणसी को रोडवेज से गिरफ्तार कर चालान किया। कार्रवाई में उप निरीक्षक नरगेश कुमार और महिला सिपाही पवित्रा सिसौदिया सहित पुलिस टीम शामिल रही।

## बरात से आ रही कार ट्रॉली से टकराई, पांच लोग घायल

संवाददाता, खुटार

- खुटार मैलानी रोड पर सलनहां गांव के पास हुआ सड़क हादसा

**अमृत विचार :** बरात से वापस आ रही कार को ट्राली ने टक्कर मार दी। हादसे में पांच बराती घायल हो गए। चीख पुकार सुन राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर घायलों को सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। इसमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

मंगलवार को लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी के गांव गफ्फारनगर से पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव जगदीशपुर में बरात आई थी। वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर कुछ बराती कार से वापस घर जा रहे थे। खुटार मैलानी रोड पर सलनहां गांव के पास रात 3 बजे कार को ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी।

हादसे में कार में सवार बराती लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी के गांव गफ्फारनगर निवासी बालकराम, रामलड़ैते, थाना मैगलगंज के गांव एटारा निवासी दाताराम, थाना मोहम्मदी के गांव मूड़ा माफी निवासी छत्रपाल व थाना अमीननगर के गांव मगदापुर निवासी अनुज घायल हो गए। हादसा होते ही घायलों में चीख पुकार मच गई।

मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों ने बरातियों को कार से बाहर निकाला। पुलिस व 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

हालत गंभीर होने पर बालकराम व रामलड़ैते को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। उधर, चालक ट्रैक्टर ट्राली सहित मौके से भाग गया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हादसे के संबंध में अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## घायल की मौत, गांव में तनाव की स्थिति

संवाददाता, कलान



दारानगर गांव में घटना के बाद तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम दारानगर में 22 अप्रैल की शाम करीब 6:30 बजे गोली मारकर घायल किए गए जयवीर यादव की इलाज के दौरान 28 अप्रैल को मौत हो गई। घटना के बाद घायल के भाई रामवीर की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें पुलिस ने मुख्य आरोपी सत्यपाल और देव सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घायल जयवीर को पहले उसावा बदायूं सीएचसी ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर बदायूं राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, लेकिन सुधार न होने पर उसे सैफई मेडिकल कॉलेज और बाद में रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज बरेली रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

मौत की खबर गांव दारानगर पहुंचते ही माहौल तनावपूर्ण हो गया और तरह-तरह की अफवाहें फैलने लगी। स्थिति को देखते हुए थाना प्रभारी शिव दीन वर्मा ने तुरंत पुलिस फोर्स तैनात कर गांव को छावनी में तब्दील कर दिया। इससे पहले भी मृतक के परिजनों की ओर से माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई थी, जिसे पुलिस ने समय रहते शांत करा दिया। घटना पहले हत्या के प्रयास के रूप में दर्ज थी, लेकिन जयवीर की मौत के बाद अब मुकदमे को हत्या में तरमीम किया जाएगा। बुधवार 29 अप्रैल को दोपहर बाद जैसे ही जयवीर का शव गांव पहुंचा, पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार में कई दिनों से चूल्हा नहीं जला था और गांव की गलियों में मातम का सन्नाटा पसरा रहा।

- दारानगर में 22 अप्रैल को मारी थी गोली, गांव में पुलिस बल किया तैनात

## स्टेशन पर दूसरी कंपनी के पानी की 17 बोतलें जब्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत चिचार :** मुरादाबाद मंडल के अधिकारियों के निर्देश पर स्टेशन पर अभियान चलाया गया। इस दौरान स्टेशन के प्लेटफार्म पर रेल नीर के अलावा दूसरे पानी की 17 बोतलों को जब्त किया। टीम ने समोसे नष्ट कराए। इस दौरान टीम ने दूसरी कंपनी के एक स्टाल संचालक पर जुर्माना किया। इस दौरान स्टाल संचालकों में हड़कंप मच गया।

मंडल के अधिकारियों के निर्देश पर मंगलवार शाम को रेलवे के अधिकारियों की टीम ने प्लेटफार्म एक पर चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने प्लेटफार्म एक पर स्टाल पर एक बिस्कुट और दूसरे स्टाल पर केक का नमूना लिया, जो जाचं के लिए भेजा जाएगा। टीम प्लेटफार्म तीन पर गई। टीम को देखकर समोसे बेच रहे बेंडर टोकरी छोड़कर भाग गए। टीम ने समोसे को देखा जो खराब हो गए थे। बरामद समोसे नष्ट करा दिए। इसी प्रकार बेंडर रेल नीर के अलावा दूसरी कंपनी का पानी बेच रहे थे। बेंडर पानी की बोतल छोड़कर भाग गए। टीम ने पानी की 17 बोतलों को जब्त कर लिया। टीम ने पता किया कि किस स्टाल का संचालक का पानी था, संचालक के ऊपर जुर्माना किया है। रेल अधिकारियों ने बताया कि रोजाना अभियान चलाया जाएगा और अनाधिकृत वेंडर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

- चेकिंग टीम ने स्टेशन पर अभियान चलाकर खराब समोसे नष्ट कराए
- बिस्कुट और केक का नमूना लिया, दूसरी कंपनी के एक स्टाल संचालक पर जुर्माना लगाया

## बरात में दूल्हे की तबीयत बिगड़ी, मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



दूल्हे का फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** दूल्हा शादी से एक दिन पहले सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। उसकी तबीयत में सुधार हुआ तो वह बरेली से बरात लेकर तिलहर में दुल्हन के घर पहुंच गया। द्वारचार के समय उसकी तबीयत खराब हो गई। परिवार वालों ने उसे एक मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह दूल्हे की मौत हो गई।

बरेली के थाना फरीदपुर के के गांव करनपुर शंकरपुर निवासी संजू (25) की शादी तिलहर थाना क्षेत्र के गांव रजपुरी गांव में तय हुई थी। शादी को लेकर दोनों घरों में तैयारियां चल रही थी। बरात 27 अप्रैल को जानी थी। एक दिन पहले 26 अप्रैल की रात संजू बाइक से रिश्तेदार को लेने केशरपर जा रहे थे। रास्ते में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी थी, जिससे संजू के पैर में चोट लग गई। परिवालों ने फरीदपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया। संजू की हालत में सुधार हुआ तो परिजन अस्पताल से छुट्टी कराकर घर ले आए। परिजन 27 अप्रैल की शाम बरात लेकर बरेली से तिलहर के लिए निकल पड़े। रात में द्वारचार के समय दूल्हे संजू की अचानक तबीयत खराब हो गई। परिवार वाले एक मेडिकल कॉलेज में ले गए, जहां संजू को भर्ती कराया। दूल्हे की इलाज के दौरान बुधवार की सुबह मौत हो गई। तिलहर के उप निरीक्षक अनुज चौधरी ने बताया कि बरेली से बरात आई थी और द्वारचार के समय दूल्हे की तबीयत खराब हो गयी थी। उसका एक दिन पहले फरीदपुर में एक्सीडेंट हो गया था। उन्होंने बताया कि इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

- बरेली से तिलहर आई थी बरात द्वारचार के समय बिगड़ी हालत
- मेडिकल कॉलेज में कराया था भर्ती, उपचार के दौरान गई जान

### मातम में बदली बरात की खुशियां

मृतक दूल्हा संजू के चचेरे भाई यशपाल ने बताया कि संजू प्राइवेट नौकरी करता था। दूल्हा संजू की एक्सीडेंट में घायल हो गया था। परिवार वाले बरात के चक्कर में छुट्टी कराके ले आए थे। डाक्टर ने दर्द की दवा देकर सलाह दी थी कि बरात के बाद उसे लेकर एक बार अस्पताल में चेकअप कराने के लिए आ जाना, लेकिन चेकअप से पहले उसकी जान चली गई। इससे पहले की उसकी मौत हो गई। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था और उसकी दो बहनें है। इसमें एक बहन विवाहित है। इधर, दूल्हन का रो रोकर बुरा हाल है। बारात की खुशियां मातम में बदल गई।

## लूट के बजाए चोरी में रिपोर्ट दर्ज करने का आरोप

संवाददाता, निगोही/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** ऊनखुर्द गांव में बदमाशों ने घर में दंपती को बंधक बनाकर लूट की थी। दंपती का आरोप है कि पुलिस ने लूट में रिपोर्ट दर्ज न करके, चोरी में की है। पुलिस 24 घंटे बाद भी खुलासा नहीं कर पायी है।

निगोही थाना क्षेत्र के गांव ऊनखुर्द निवासी कलक्टर सिंह ने बताया कि उनका परिवार भांजे की शादी में बदायूं के गांव बझेड़ा गया हुआ था। सोमवार की रात उसका बेटा अमित कुमार और पुत्रवधू घर में अकेले थी। दोनों लोग रात में सो रहे थे। रात में 12 बजे कुछ बदमाश दीवार फांदकर मकान में घुस आए। बदमाशों ने उसके बेटे और पुत्रवधू को तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और बंधक बना लिया था। बदमाशों ने एक कमरे के ताले तोड़ दिए। बदमाश नगदी समेत लाखों रुपये का जेवर लूटकर ले गए थे। उन्होंने थाना पर लूटपाट की तहरीर दी थी। पुलिस ने लूटपाट की तहरीर बदलवाकर चोरी की ली। पीड़ित ने दी गई तहरीर में बताया कि उसका बेटा और उसकी पत्नी मकान में सो रही थी। रात में चोर मकान में घुस गए और नगदी और जेवर चुराकर ले गए। उसके बेटे ने शोर मचाया तो चोर भाग गए। चोरों की संख्या चार थी। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चोरी का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

- ऊनखुर्द गांव में बदमाशों ने घर में दंपती को बंधक बनाकर की थी लूट

## युवक ने पेड़ से रस्सी का फंदा डालकर दी जान

संवाददाता, जलालाबाद/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मोहल्ला शास्त्रीनगर के युवक ने घर से कुछ दूरी पर पेड़ से रस्सी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। उसका शव सुबह पेड़ से लटका देखा गया। परिवार वालों ने बताया कि वह आर्थिक तंगी से परेशान था। जबकि चर्चा है कि उसका एक महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतार लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।



मृतक नितिन।

- परिजन बोले- कई दिन से डिप्रेशन में था नितिन, महिला से प्रेम प्रसंग होने की चर्चा

जलालाबाद क्षेत्र के मोहल्ला शास्त्रीनगर निवासी नितिन (35) ने मंगलवार की रात नौ बजे खाना खाया और कमरे में सोने चला गया। वह रात में किसी समय उठा और घर से निकल गया। बुधवार की सुबह सात बजे लोगों ने मकान के पीछे स्थित छत पर एक पेड़ से रस्सी से उसका शव लटका देखा। इस दौरान लोगों की भीड़ लग गयी। ब्रज मोहन मकान के पीछे गए और देखा कि उसके बेटे नितिन का शव लटका है। उन्होंने थाना पर सूचना दी।

प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उसका शव नीचे उतार लिया। ब्रज मोहन पुलिस को बताया कि बरेली रोड पर उनकी पान की दुकान थी और परिवार का पालन पोषण करते थे। बीमार हो जाने के कारण उन्होंने दुकान बंद कर दी थी। उसके बेटे नितिन ने एक छोटा सा होटल खोला था, लेकिन किसी कारण वंश होटल बंद हो गया। उसका बेटा इधर एक सप्ताह से मानसिक तनाव में था और परिवार से कम बोलता था। इधर चर्चा है कि मृतक नितिन का एक महिला से प्रेम-प्रसंग था। परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि युवक ने आत्महत्या की है। उन्होंने बताया कि परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### होटल के साथ खोली थी पनीर की दुकान

मृतक नितिन की शादी नहीं हुई थी। वह अपने चार बहनों और दो भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसने जलालाबाद चौराहे पर होटल के साथ पनीर की दुकान भी खोली थी। उसकी दुकान नहीं चल पाई थी। परिवार वालों का कहना है कि वह कुछ दिन से डिप्रेशन में रहता था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## अवैध वसूली के विरोध में युवक पर हमला, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला जेरबरगद निवासी शबाना की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने डीआईजी के निर्देश पर सुरेश पाल सिंह, अमर सिंह, शिवनारायण, अंकित, मोनू सहित 5 से 6 अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट समेत आठ धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शबाना ने आरोप लगाया कि बीती 20 अप्रैल की रात करीब 11:30 बजे उसका पति हसीब पिकअप गाड़ी लेकर आ रहा था, तभी आरोपियों ने उसे रोककर अवैध वसूली करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ जमकर मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

मामले में शबाना ने बरेली जोन के उपमहानिरीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी, जिसके बाद यह मुकदमा दर्ज हुआ। गौरतलब है कि कोतवाली पुलिस ने दूसरे पक्ष की ओर से 21 अप्रैल को ही हसीब सहित नौ नामजद और सात अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

- डीआईजी के निर्देश पर कार्रवाई पत्नी की तहरीर पर नामजद और अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज

## बरात में हुई हर्ष फायरिंग दूल्हा का भाई घायल

संवाददाता, शाहजहांपुर/सिंधौली

**अमृत विचार :** सिंधौली से बरात मोहम्मदी क्षेत्र में गई थी। बरात में हर्ष फायरिंग के दौरान दूल्हे के भाई के गले से नीचे बाजू के पास गोली लग गई। इससे बरात में अफरा-तफरी मच गई। गोली से घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। दूल्हे के भाई ने एक युवक के खिलाफ मोहम्मदी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव उल्लिया निवासी ब्रिजेंद्र यादव के बेटे उदय यादव की बरात मंगलवार की शाम लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के गांव मिनरिया धनी गांव में गई थी। बरात मेरिज लान में थी। रात 9 बजे बरात का द्वारचार हो रहा था। इसी दौरान हर्ष फायरिंग हुई। हर्ष फायरिंग में दूल्हे के छोटा भाई अभय यादव के गले से नीचे एक साइड में बाजू में गोली लग गई। गोली से दूल्हा का भाई घायल हो जाने पर बरात में अफरा-तफरी मच गई। परिवार वाले गोली से घायल युवक को लेकर मोहम्मदी सीएचसी पर ले गए। डॉक्टर ने घायल को रेफर कर दिया। परिवार वाले रात ही में घायल अभय यादव को लेकर मेडिकल कॉलेज आए। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है। मोहम्मदी थाना प्रभारी ने बताया कि हर्ष फायरिंग में दूल्हे के भाई के गोली लगने से घायल हो गया था। दूल्हा उदय यादव के साले अनूप यादव ने आरोपी शेर सिंह निवासी मूड़ा हारिस थाना सिंधौली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

- मोहम्मदी थाना में एक युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

## परामर्श केंद्र में सुलह से तीन दंपती साथ रहने को हुए तैयार

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में 25 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई, जिसमें तीन दंपतियों के बीच सुलह कराकर उन्हें साथ रहने के लिए राजी किया गया। थाना निगोही क्षेत्र के एक दंपती, का विवाह लगभग तीन वर्ष पहले हुआ था, के बीच घरेलू बातों को लेकर विवाद चल रहा था। महिला का आरोप था कि उसका पति छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा करता है। दोनों पक्षों को बुलाकर वार्ता कराई गई।

थाना खुदागंज क्षेत्र के एक दंपती का विवाह करीब छह वर्ष पहले हुआ। उनमें भी पारिवारिक विवाद था। महिला डेढ़ माह से मायके में रह रही थी। केंद्र में दोनों पक्षों को बुलाकर बातचीत कराई। तिलहर क्षेत्र के एक दंपती का विवाह लगभग डेढ़ वर्ष पहले हुआ। विवाद के बाद पत्नी एक सप्ताह से मायके में रह रही थी। वार्ता के बाद तीनों पक्षों ने साथ रहने की सहमति दी।

## 20 दिन से ट्रांसफार्मर खराब आधे गांव में छाया अंधेरा



खेड़ा रठ गांव में खराब पड़ा ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार

संवाददाता, जैतीपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव खेड़ा रठ में बीते करीब बीस दिन से विद्युत ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है, जिससे आधे गांव में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। भीषण गर्मी के बीच बिजली न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और दैनिक जीवन प्रभावित हो गया है। ग्रामीण मनवीर, गड्डू, सुखपाल, ब्रजेश और रवि ने बताया कि उन्होंने कई बार विद्युत विभाग को समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं किया गया। उनका आरोप है कि अब विभाग के अधिकारी फोन तक उठाना बंद कर चुके हैं, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

- जैतीपुर के खेड़ा रठ गांव में गर्मी से ग्रामीण परेशान

## युवक ने टंकी पर फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, पुवायां/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** लखौआ गांव में एक युवक ने निर्माणाधीन पानी की टंकी पर चढ़कर पाइप से रस्सी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। गांव वालों ने उसका शव सुबह लटका हुआ देखा। वह बरात में जाने के लिए घर से कहकर निकला था। परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है।



मृतक सुमित।

पुवायां थाना क्षेत्र के गांव लखौआ निवासी 25 वर्षीय सुमित कुमार मंगलवार की शाम 8 बजे परिवार वालों को बताया कि वह एक बरात में जा रहा है। बुधवार की सुबह 6 बजे गांव वालों ने सुमित का शव घर से करीब 200 मीटर दूर निर्माणधीन पानी की टंकी पर पाइप में रस्सी से लटका हुआ था। गांव वालों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर परिवार मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त सुमित के रूप में की थी। परिवार वालों ने सूचना पुवायां थाना पर दी। प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतार लिया। फोरेसिंक टीम मौके पर पहुंची और जांच करके नमूना लिया। पुलिस ने कपड़ो की तलाशी ली, कोई सुसाइड नोट नहीं निकला है। मृतक सुमित की शादी नहीं हुई थी और प्राइवेट नौकरी करता था। वह शाम को काम करके घर आया था। उसका मोबाइल घर पर ही मिला। परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने बताया कि युवक ने पानी की टंकी पर चढ़कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



इसी निर्माणाधीन पानी की टंकी पर लगाया था फंदा। ● अमृत विचार

- लखौआ गांव का मामला, शादी में जाने की बात कहकर घर से निकला था सुमित

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more 9582831744, 9258116087 8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# क्विज क्वेंचर में तक्षशिला पब्लिक स्कूल प्रथम

## अंतर्विद्यालयी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में शहर के 12 स्कूलों की टीमों ने दिखाया दमखम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



ट्रॉफी व प्रमाण पत्र के साथक्विज क्वेंचर प्रतियोगिता के विजेता।

**अमृत विचार:** तक्षशिला पब्लिक स्कूल में बुधवार को अंतर्विद्यालयी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 'क्विज क्वेंचर'का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 9 से 12 तक की कुल 12 टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आरंभ बीएसए दिव्या गुप्ता, जनरल मैनेजर ऑर्डिनेंस क्लोदिंग फैक्ट्री श्रीकांत, निदेशक अरुण खंडेलवाल, राजकुमार खंडेलवाल, प्रबंधक मनु खंडेलवाल, प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल, पलक खंडेलवाल और उपप्रधानाचार्य के सी जोशी की ओर से मां सरस्वती की प्रतिमा व संत त्यागी जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

प्रतियोगिता में कैंब्रिज कॉन्वेंट, मारवाह मॉडर्न, कर्नल्स एकेडमी, सेठ एम आर जयपुरिया, फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, एसएसएमवी, माधव राव सिंधिया, सेंट पॉल्स इंटर कॉलेज, द रेनेसां एकेडमी, रेयान इंटरनेशनल स्कूल, तक्षशिला पब्लिक स्कूल और बीएस पब्लिक स्कूल की टीमों ने हिस्सा लिया। सेमीफाइनल के बाद सेंट पॉल्स इंटर कॉलेज, फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, तक्षशिला पब्लिक स्कूल और कर्नल्स एकेडमी की टीमों ने फाइनल में जगह बनाई, जहां छह चरणों में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, चित्र पहचानो, आवाज पहचानो, रैपिड फायर और सुनो कहानी जैसे राउंड हुए। सभी टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें तक्षशिला पब्लिक स्कूल प्रथम, सेंट पॉल्स इंटर कॉलेज द्वितीय और फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहा।

- फाइनल में चार टीमों के बीच छह चरणों में हुई कड़ी टक्कर

निर्णायक मंडल में समन्वयक शैलेंद्र सिंह चौहान, शिक्षक इरफान अली, संदीप गुप्ता और यतींद्र त्रिपाठी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हेमंत अनेजा और छात्र-छात्राओं श्रेया पांडे, अक्षरा टंडन, दर्श त्रिपाठी, अक्षत त्रिवेदी, अर्शप्रीत कौर, कनिष्ठा अग्रवाल ने किया। आयोजन में रेयांश अग्रवाल, उत्कर्ष रंजन, शौर्य शर्मा सहित कई छात्रों का सहयोग रहा, जबकि प्रश्नोत्तरी तैयार करने में शिक्षक तुषार अग्निहोत्री, शिवम वर्मा और छात्र कुशलप्रीत सिंह व अनुष्का राठौर ने योगदान दिया। विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक मयंक शुक्ला, सतनाम सिंह, प्रदीप कुमार, नेहा कपूर, सौरभ अग्निहोत्री, रिचा बाजपेई, गौरव चक्रवर्ती, गुरमुख सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बीएसए ने की प्रतिभागियों प्रदर्शन की सराहना

बीएसए दिव्या गुप्ता ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेना और सीखना सबसे महत्वपूर्ण है। जनरल मैनेजर श्रीकांत ने कहा कि प्रतियोगिता का दौर है और ज्ञान ही सफलता की कुंजी है। निदेशक अरुण खंडेलवाल और प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल ने भी छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और सभी अतिथियों, शिक्षकों व आयोजकों का आभार जताया।

# पीलीभीत व टनकपुर रूट की ट्रेनें 12 तक प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** इज्जतनगर मंडल के बरेली सिटी यार्ड में एलएचएस (लिमिटेड हाइट सब-वे) निर्माण का कार्य शुरू किया जा रहा है। इसके चलते बरेली सिटी, पीलीभीत और टनकपुर रूट पर चलने वाली ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। रेलवे प्रशासन के मुताबिक 12 मई तक पीलीभीत, टनकपुर की ओर जाने वाली ट्रेनें शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनल होकर चलेंगी।

इज्जतनगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा के मुताबिक कासगंज-बरेली सिटी सवारी गाड़ी (55329) 01 से 11 मई तक बरेली जंक्शन पर ही यात्रा समाप्त करेगी। वहीं पीलीभीत और टनकपुर से आने वाली अधिकांश ट्रेनें इज्जतनगर स्टेशन तक ही आएंगी। वहीं वापसी में बरेली सिटी से चलने वाली ट्रेनें भी इज्जत नगर और बरेली जंक्शन से अपनी यात्रा शुरू करेंगी। उन्होंने बताया कि पीलीभीत-बरेली सिटी (55316/55318), टनकपुर-बरेली सिटी (75302), पीलीभीत-बरेली सिटी डेमू ट्रेन (75304) 08 मई तक इज्जतनगर में ही अपनी यात्रा समाप्त करेंगी। यह ट्रेने इज्जतनगर एवं बरेली सिटी के बीच निरस्त रहेगी। इसके अलावा टनकपुर-बरेली जंक्शन मेला स्पेशल ट्रेन (05307) 07, 09 एवं 11 मई को इज्जतनगर में यात्रा समाप्त करेगी। बरेली सिटी-पीलीभीत (55315) और बरेली सिटी-पीलीभीत डेमू ट्रेन (75303) 08 मई तक इज्जतनगर से चलेगी। बरेली सिटी-पीलीभीत डेमू ट्रेन (75301) 30 अप्रैल से 09 मई तक इज्जतनगर से चलेगी। वहीं बरेली जंक्शन-टनकपुर मेला स्पेशल ट्रेन (05308) 08, 09 एवं 12 मई तक इज्जतनगर से चलेगी।

### एफआईआर दर्ज करने के बाद कराए बयान

**पीलीभीत, अमृत विचार :** दिल्ली की रहने वाली तलाकशुदा महिला से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में एसपी से हुई शिकायत के बाद पुलिस विवेचना कर रही है। बताते हैं कि पीड़िता के बयान दर्ज किए गए हैं। उसी आधार पर आगे कार्रवाई तय की जाएगी। फिलहाल तीन दिन बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। एसपी के आदेश पर कोतवाली में दिल्ली की रहने वाली तलाकशुदा महिला की ओर से दुष्कर्म, धोखाधड़ी आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसमें पीड़िता ने शहर के रहने वाले राजदीप शर्मा को आरोपी बनाया था। पीड़िता के अनुसार, ढाई साल पहले उसकी आरोपी से मुलाकात गोवा में हुई थी। इसके बाद शादी का झांसा देकर उसने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। कई बार जरूरत बताकर रुपये भी लिए गए थे। इसके बाद 24 अप्रैल को आरोपी ने दूसरी जगह शादी कर ली थी। दूसरे दिन जब जानकारी हुई तो पीड़िता पीलीभीत पहुंची और एसपी से शिकायत की थी। पुलिस मामले में विवेचना कर रही है। महिला के बयान दर्ज कराए गए हैं। आरोपी की गिरफ्तारी अभी नहीं हो सकी है। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि विवेचना कराई जा रही है। बयान के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# सजग और आत्मनिर्भर बनने की अपील

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



दहेज प्रतिषेध दिवस कार्यक्रम में पोस्टर प्रदर्शित करतीं छात्राएं। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज में बुधवार को मिशन शक्ति-5.0 विशेष अभियान के अन्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से दहेज प्रतिषेध दिवस मनाया गया। छात्राओं ने दहेज प्रतिषेध विषय पर पोस्टर भी प्रदर्शित किए।

कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर नवादा की मैनेजर नमिता यादव ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत में सदियों से चली आ रही दहेज प्रथा को समूल नष्ट करना है। उन्होंने छात्राओं को दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई महिला दहेज की मांग से पीड़ित है तो वह किस प्रकार कब और कहां शिकायत कर सकती हैं तथा उसे कैसे मदद प्राप्त होगी। उन्होंने आपातकालीन सहायता हेतु 112,181 नम्बर एवं वन स्टॉप सेंटर की पूरी जानकारी दी।

- डॉ. सुदामा प्रसाद कॉलेज में छात्राओं को दी दहेज प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी

प्रधानाचार्य डॉ. राखी मिश्रा ने छात्राओं से सजग, सतर्क, जागरूक और आत्मनिर्भर बनने की अपील की ताकि वह दहेज जैसी सामाजिक हिंसा के विरुद्ध निडरता से आवाज उठा सके।

कार्यक्रम को सफल बनाने में वन स्टॉप सेंटर की जेंडर स्पेशलिस्ट कीर्ति मिश्रा, शिक्षिका किरन वर्मा, दीप शिखा, प्रज्ञा सिंह आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रीतू अरोड़ा ने किया।

# अघोषित बिजली कटौती से कलान के ग्रामीण परेशान

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार :** कस्बे में अघोषित बिजली कटौती ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। मंगलवार शाम से शुरू हुई बिजली की आवाजाही रात होते-होते और बिगड़ गई। दो-दो चार-चार मिनट में बिजली आने-जाने लगी। रात करीब 12 बजे के बाद आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई और बुधवार सुबह करीब 8 बजे जाकर बहाल हो सकी। करीब सात घंटे की कटौती से पूरे कस्बे में अंधेरा छाया रहा और लोग गर्मी के चलते रातभर जागते रहे।

बिजली न होने से लोगों को पीने के पानी तक के लिए परेशानी उठानी पड़ी। नहाने-धोने जैसे जरूरी काम भी प्रभावित हुए।

- रातभर बिजली गुल रहने से गर्मी में जागते रहे उपभोक्ता, दिनचर्या प्रभावित

अंधेरे के कारण चोर-उचक्कों का डर भी बना रहा। लोगों का कहना है कि गर्मी की शुरुआत में ही यह हाल है तो आगे हालात और बिगड़ सकते हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि थाना रोड क्षेत्र में आए दिन बिजली लाइनों में तेज धमाके होते हैं, जिससे आपूर्ति बाधित होती है, लेकिन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लगातार हो रही इस समस्या से कस्बे की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
• 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
• बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
• आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
• कैशलेस ईलाज

जीवनी बोन एण्ड हैल्थ क्लीनिक
डा. विनय गंगवार
एमबीबीएस (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, दूरबीन विधि द्वारा (Arthoscopic) घुटने का इलाज (ACL/PCL Tear) गठिया एवं समस्त जोड़ों के दर्द का इलाज, सियाटिका/कमर दर्द का इलाज, फिजियोथेरेपी, प्लास्ट एवं टूटी हड्डी (फ्रैक्चर) के समस्त ऑपरेशन
डा. आंचल अग्रवाल
एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई)
फीजिशियन
शुगर एवं ब्लड प्रेशर, खांसी, सांस में दर्द, भूख न लगना, उल्टी एवं दस्त की बीमारी, माइग्रेन का इलाज, पैरों में सूजन, पीलिया/काला पीलिया का इलाज, टीवी, गुर्दे में दिक्कत, कोलेस्ट्रॉल चेकअप, बुखार (डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया)
ओपीडी समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक
बंसल इंटीरियर के सामने, 6-ए, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली मो. 6396640323

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : घबराहट, छाती में दर्द या भारीपन, सांस फूलना, पैरों में सूजन, हाई ब्लडप्रेशर, हाई कोलेस्ट्रोल, डाइबिटीज (शुगर), सीने या पेट में जलन या दर्द, हार्ट अटैक, हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
NABH PRE ACCREDITED
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

# तय मात्रा में ही किसानों को दी जाएगी खाद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में किसानों के लिए डीएपी, यूरिया और एनपीके उर्वरक का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने बताया कि वर्तमान में 8482 मीट्रिक टन डीएपी, 25699 मीट्रिक टन यूरिया और 7894 मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। प्रमुख सचिव के निर्देशन में किसानों के लिए प्रति हेक्टेयर 7 बोरी यूरिया और 5 बोरी डीएपी की संस्तुति की गई है, जिससे उर्वरकों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

किसानों से अपील की गई है कि वे अपनी खतौनी दिखाकर ही निर्धारित मात्रा में उर्वरक प्राप्त करें। यदि कोई किसान निर्धारित सीमा से अधिक उर्वरक खरीदता है तो इसे जमाखोरी माना जाएगा और संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

- जिले में डीएपी, यूरिया और एनपीके का पर्याप्त स्टॉक
- कृषकों को खतौनी दिखाकर उर्वरक लेने के निर्देश

जिला प्रशासन की ओर से 28 अप्रैल 2026 को नोटिस जारी कर उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच भी शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि कहीं खरीद-बिक्री में नियमों का पालन नहीं किया जाता है तो संबंधित विक्रेता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे घबराकर अनावश्यक अधिक मात्रा में उर्वरक न खरीदें और निर्धारित मानक के अनुसार ही खाद का उपयोग करें, ताकि सभी किसानों को समय पर उर्वरक मिल सके और खेती का कार्य प्रभावित न हो।

# हाईटेंशन लाइन की मरम्मत के दौरान झुलसा संविदा लाइनमैन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** हाईटेंशन लाइन की मरम्मत के दौरान एक संविदा लाइनमैन झुलस गया। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। परिजनों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

बुधवार को गोविंद गंज फीडर से जर्जर लाइनों को बदले जाने का कार्य चल रहा था। इसके चलते फीडर से संबंधित कॉलोनी, खिरनी बाग, सदर बाजार, केशव नगर कॉलोनी आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बंद कर दी गई थी। लाइन पर कार्य होने के कारण विद्युत आपूर्ति शाम 7 बजे तक सुचारू नहीं हो पाई। बुधवार शाम 7 : 30 बजे महानगर निवासी संविदा लाइनमैन बबलू कचहरी मोड़ पर आगरा कैफे के पास पोल पर चढ़कर बिजली की लाइन जोड़ रहा था। आरोप है कि मरम्मत के दौरान बगैर सूचना के ही अचानक बिजली आपूर्ति चालू कर दी गई, जिससे लाइनमैन करंट की चपेट में आ गया। झटका लगने से वह नीचे गिर गया। घटना से अफरा-तफरी मच गई। मौजूद अन्य साथियों ने आनन-फानन में झुलसे लाइनमैन को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां लाइनमैन का बर्न वार्ड में उपचार चल रहा है। सूचना पाते हैं एसडीओ आनंद राज, अवर अभियंता कफील अहमद समेत बिजली विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए और संविदा कर्मी का हाल-चाल जाना और बेहतर उपचार के लिए डॉक्टर से बातचीत की। वहीं, परिजनों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। उपकेंद्र पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच समन्वय की कमी है, जिससे हादसे हो रहे हैं।

- शट डाउन लाइन अचानक चालू होने से हुई दुर्घटना, सीढ़ी से गिरा
- मेडिकल कॉलेज में भर्ती, विद्युत विभाग के अधिकारी पहुंचे

इस संबंध में एसडीओ आनंद राज ने बताया कि शटडाउन देने और बहाल करने की प्रक्रिया लाइनमैन और एसएसओ के बीच होती है। दुर्घटना किसकी लापरवाही से हुई, इसकी जांच कराई जा रही है। जांच के बाद दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# नहर में उतराता मिला तेंदुआ का शव

संवाददाता, पीलीभीत/बरखेड़ा



बीसलपुर ब्रांच नहर में उतराता मादा तेंदुआ का शव। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद में वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर किए जाने वाले दावों पर एक बार फिर सवालिया निशान लगा। बुधवार सुबह बरखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत बीसलपुर ब्रांच नहर की झाल में एक मादा तेंदुआ का शव उतराता मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। तमाम ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। सूचना पर टीम के साथ मौके पर पहुंचे डिप्टी रेंजर ने शव को नहर से बाहर निकलवाया। तीन सदस्यीय पैनल द्वारा तेंदुआ का शव का पोस्टमार्टम किया गया। मगर, पोस्टमार्टम के बाद भी तेंदुआ की मौत की वजह पता नहीं चल सकी।

घटना पीलीभीत रेंज के अंतर्गत बरखेड़ा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह की है। गांव जार कल्लिया से नरायनठेर जाने वाले मार्ग पर बीसलपुर ब्रांच नहर की पुलिया के पास ग्रामीणों ने पानी में एक भारी-भरकम शव तैरते देखा। इस पर ग्रामीणों ने नजदीक जाकर देखा तो वह तेंदुआ का शव निकला। तेंदुआ का शव मिलने की जानकारी आसपास गांवों तक जा पहुंचे। देखते ही देखते कुछ देर में ही घटना स्थल के आसपास ग्रामीणों की भीड़ जमा होने लगी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही सामाजिक वानिकी रेंज पीलीभीत के डिप्टी रेंजर शेर सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। इसके बाद वन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद तेंदुआ के शव को नहर के पानी से बाहर निकलवाया। तेंदुआ काफी समय से पानी में होने के कारण फूला हुआ प्रतीत हो रहा था। टीम शव को लेकर जिला मुख्यालय ले आई।

> बीसलपुर रेंज के अंतर्गत तेंदुआ का शव मिला है। तीन सदस्यीय पैनल द्वारा तेंदुआ के शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम में तेंदुआ की मौत का कारण पता नहीं चल सका है। बिसरा सैंपल जांच के लिए आईवीआरआई बरेली भेजा गया है। सैंपल जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। – **भरत कुमार डीके,** डीएफओ, सामाजिक वानिकी प्रभाग

# एमएससी रसायन विज्ञान का रिजल्ट घोषित, आकांक्षा व हिमांशी रही टॉपर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



हिमांशी प्रजापति।



आकांक्षा यादव।



अंशिका रस्तोगी।



पारुल।

**अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के एमएससी रसायन विज्ञान प्रथम व तृतीय सेमेस्टर का परिणाम एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने घोषित कर दिया है। परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल रहा।

विभागाध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार सिंह ने बताया कि एमएससी रसायन विज्ञान तृतीय सेमेस्टर में आकांक्षा यादव ने 8.31 एसजीपीए के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। हर्ष मिश्रा ने 8.08 एसजीपीए के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से पारुल और अंशिका रस्तोगी ने 7.62 एसजीपीए प्राप्त किए। प्रथम सेमेस्टर में हिमांशी प्रजापति ने 8.00 एसजीपीए के साथ पहला स्थान हासिल किया। दीपिका वर्मा 7.65 एसजीपीए के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से आरती यादव और अनमोल पांडेय ने 7.61 एसजीपीए प्राप्त किए। इस अवसर पर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, डॉ. अवनीश मिश्रा, प्रो. (डॉ.) राकेश कुमार आज़ाद, प्रो. (डॉ.) अनुराग अग्रवाल, डॉ. संदीप दीक्षित, चंदन गोस्वामी तथा अमित कुमार समेत शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

- स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज का एमजेपी रुहेलखंड यूर्निवर्सिटी ने घोषित किया परिणाम

## न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं को रजिस्ट्री में 28.52 करोड़ की छूट

बरेली, अमृत विचार : बरेली जनपद में स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग की ओर से दी जा रही छूट का महिलाओं को बड़ा लाभ मिला। महिलाओं के नाम 28,280 रजिस्ट्री हुईं, उन्हें स्टाम्प शुल्क में 28.52 करोड़ की छूट दी गई। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार, 175 दिव्यांग व्यक्तियों को 0.81 करोड़ रुपये की स्टाम्प छूट मिली 145 शहीदों के आश्रितों और भूतपूर्व सैनिकों को भी संपत्ति खरीद में 1.39 करोड़ रुपये का लाभ दिया गया। इसके अलावा, 7,084 दान पत्रों (ब्लड रिलेशन) पर सरकार ने स्टाम्प शुल्क में 83.91 करोड़ रुपये की छूट दी। 993 पट्टा विलेखों पर 0.94 करोड़ और आठ नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना पर 0.55 करोड़ रुपये की स्टाम्प ड्यूटी माफ की गई है। इस प्रकार बीते वित्तीय वर्ष में कुल 35,684 रजिस्ट्रियां हुईं, जिन पर कुल 116.12 करोड़ की स्टाम्प शुल्क में छूट प्रदान की गई।

### मानक के अनुरूप नहीं बनी सड़क, तोड़ी

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में आधुनिक प्रवेश सेल के बाहर बनी सड़क मानकों पर खरी नहीं उतरने के कारण बुधवार को जेसीबी मशीन से उखाड़ दिया गया। सड़क का ढाल प्रवेश सेल की ओर किए जाने के कारण प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने ठेकेदार को फटकार लगाई। सड़क का ढाल सही नहीं होने के कारण बरसात के मौसम में पानी प्रवेश सेल में भरने की आशंका जताई जा रही थी। इससे बरेली कॉलेज के 16, 17 हजार छात्रों के प्रवेश संबंधी कागजात खराब होने की स्थिति बनी रहती। प्राचार्य ने कहा कि ठेकेदार को बताया गया था कि सड़क को प्रवेश सेल के फर्श से नीचा बनाया जाए लेकिन ठेकेदार ने लापरवाही करते हुए सड़क को ऊंचा बना दिया। ठेकेदार को उसी लागत में सड़क निर्माण दोबारा कराने के लिए कहा गया।

### एबीसी सेंटर का संचालन नहीं, दिक्कत

बरेली, अमृत विचार : शहर में अब तक न तो कुत्तों को काबू करने के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए। पता ही नहीं चल पा रहा है कि कितने कुत्तों की नसबंदी हो गई और कितने रह गए। नगर निगम ने परसाखेड़ा के नदौसी में 1.81 करोड़ की लागत से एबीसी सेंटर बनाया है। यहां 200 कुत्तों को रखने के लिए इंतजाम हैं। इस भवन का लोकार्पण हुए एक साल से ज्यादा हो चुका है। फर्म का चयन हो चुका है, उसे ब्लैक लिस्ट करने की चेतावनी कई बार जारी की जा चुकी है, लेकिन, यहां कुत्ते अब तक नहीं रखे गए।

### रामचन्द्र मिशन आश्रम में महात्मा रामचन्द्र महाराज की 127वीं जयंती पर उमड़े आस्थावान

# सामूहिक ध्यान कर मानव कल्याण की कामना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



रामचन्द्र मिशन आश्रम में जयंती समारोह के दौरान सामूहिक ध्यान में लीन साधक। ● अमृत विचार

- दाजी ने अधूरे स्वप्न और साधना के महत्व पर दिया विस्तृत संदेश
- सामूहिक ध्यान से आश्रम में छाई शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा

**अमृत विचार :** रामचन्द्र मिशन आश्रम में महात्मा रामचन्द्र जी महाराज बाबूजी की 127वीं जयंती समारोह का आरंभ ध्यान-साधना से हुआ, जिसमें हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से सामूहिक ध्यान कर मानव कल्याण और विश्व शांति की कामना की। संपूर्ण आश्रम परिसर श्रद्धा, शांति और साधना की दिव्य ऊर्जा से आलोकित हो उठा। कार्यक्रम हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी पटेल 'दाजी' के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में साधकों ने भाग लिया।

दाजी ने वर्चुअल माध्यम से अपने संदेश में कहा कि बिना प्रयास के अधूरे रह जाने वाले स्वप्न व्यक्ति को निरंतर अधिक पीड़ा देते हैं, जबकि प्रयास कर पूर्ण किए गए कार्य अंततः शांति प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि जीवन में कई ऐसे कर्म होते हैं जिन्हें हम टाल देते हैं, जैसे संवाद, सत्य या प्रेम व्यक्त करना, और ये अकर्म भी मन पर गहरी छाप छोड़ते हैं। सहज मार्ग साधना पद्धति में शाम की सफाई के दौरान दिनभर के संस्कारों को बाहर निकाला जाता है, लेकिन अधूरे कर्मों के संस्कार भी उतने ही प्रभावी होते हैं।

उन्होंने बताया कि दिव्य प्राणाहुति की जीवंत धारा नियमित अभ्यास से साधक को उच्च आध्यात्मिक अवस्थाओं तक पहुंचाती है। यह अमूल्य विद्या समय के साथ लुप्तप्राय हो गई थी, जिसे मिशन के आदि गुरु लाला जी महाराज ने पुनः स्थापित किया और बाबूजी महाराज ने इसे जन-जन तक पहुंचाकर आध्यात्मिक चेतना का विस्तार किया। दाजी ने अभ्यासियों से आह्वान किया कि वे अपने भीतर की जड़ताओं को त्यागकर प्रेम, करुणा और शांति के मार्ग पर चलें और अपने जीवन को साधना का माध्यम बनाएं।

सायंकालीन ध्यान सत्र में भी साधकों ने ध्यान साधना कर वातावरण को और अधिक आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया।

आयोजन में उत्तर प्रदेश प्रभारी अनुपम अग्रवाल, केंद्र प्रभारी सर्वेश चंद्रा, ए के गर्ग, आश्रम प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह, राजगोपाल अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, ममता सिंह, सुयश सिन्हा, कृष्णा भारद्वाज, हर्षवर्धन अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, राजीव श्रीवास्तव, सुरेंद्र मोहन सिन्हा, माया सिंह, अभिषेक सहित अन्य का विशेष सहयोग रहा।

# कुत्तों ने दौड़ाया, बाइक से गिरकर रिटायर्ड शिक्षिका की जान गई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वीर सावरकरनगर में सुबह दामाद के घर जा रहीं थीं मंजू सक्सेना
- सिर में गंभीर चोट लगने से तोड़ा दम, परिवार में मचा कोहराम

**अमृत विचार :** आवारा कुत्तों ने एक और जान ले ली। बुधवार तड़के कर्मचारी नगर क्षेत्र में कुत्तों के झुंड से बचने की कोशिश में बाइक से गिरकर 65 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षिका की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने नगर निगम पर कुत्तों को पकड़ने में घोर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया।

वीर सावरकर फेस-2 निवासी महेश चंद्र की पत्नी मंजू सक्सेना (65), हाल ही में बेसिक शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुई थीं। बुधवार सुबह वह अपने बेटे शानू के साथ बाइक से कर्मचारी नगर स्थित केसर वाटिका में अपने दामाद शुभम सक्सेना के घर जा रही थीं। वहां से उन्हें दिल्ली के लिए रवाना होना था। बाइक ऑफिसर्स एन्क्लेव विस्तार कॉलोनी में राहुल प्रोविजन स्टोर के पास पहुंची, तभी कुत्तों का एक झुंड बाइक के पीछे दौड़ पड़ा। घबराकर मंजू सक्सेना का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर सिर के बल गिर पड़ीं। उनके सिर में गंभीर चोट आई। अत्यधिक रक्तस्राव के चलते उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हालांकि परिजन उन्हें नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतका की समधिन शशि रायजादा ने बताया कि मंजू सक्सेना को इलाज के लिए दिल्ली जाना था। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है किजांच कराएंगे।

# गंगा एक्सप्रेसवे से जलालाबाद को सीधी कनेक्टिविटी

## प्रधानमंत्री ने किया उद्घाटन, समय-दूरी में आएगी कमी, उद्योग और रोजगार के अवसर खुलने की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर




जलालाबाद क्षेत्र के पास गंगा एक्सप्रेसवे। ● अमृत विचार

- सड़क संपर्क बेहतर होने से मिलेगा बड़ा लाभ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। यह एक्सप्रेसवे शाहजहांपुर के जलालाबाद क्षेत्र से होकर गुजरता है, जिससे जिले को सीधे हाईस्पीड कनेक्टिविटी मिल गई है। इसके शुरू होने से दिल्ली सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वांचल के बीच यात्रा समय में बड़ी कमी आएगी। वहीं लोगों को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक सफर का विकल्प मिलेगा।

गंगा एक्सप्रेसवे के चालू होने से शाहजहांपुर, खासकर जलालाबाद क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। सड़क संपर्क बेहतर होने से स्थानीय व्यापार, कृषि उत्पादों की आवाजाही और छोटे उद्योगों को बड़ा लाभ मिलेगा। साथ ही निवेश बढ़ने और रोजगार के नए अवसर बनने की संभावना भी मजबूत हुई है। एक्सप्रेसवे के आसपास के इलाकों में जमीन की कीमतों में तेजी और नए व्यावसायिक केंद्र विकसित होने के संकेत मिल रहे हैं। परियोजना के तहत आधुनिक तकनीक से बनी इस सड़क पर सुरक्षा, प्रकाश और यातायात प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए गए हैं। इससे लंबी दूरी की यात्रा आसान होने के साथ दुर्घटनाओं में कमी आने की भी उम्मीद है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह एक्सप्रेसवे क्षेत्र की तस्वीर बदल देगा और शाहजहांपुर को प्रदेश के प्रमुख विकास केंद्रों में शामिल करने में अहम भूमिका निभाएगा। सरकार की इस पहल को प्रदेश के विकास के बड़े कदम के रूप में देखा जा रहा है, जिससे पूर्व और पश्चिम उत्तर प्रदेश के बीच आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी और समग्र विकास को बल मिलेगा।

### एक घंटे में शाहजहांपुर से हरदोई पहुंचे लोग

शाहजहांपुर, अमृत विचार : गंगा एक्सप्रेस वे के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बुधवार को जिले से हजारों लोग हरदोई पहुंचे, जहां पहली बार एक्सप्रेस वे पर सफर करने का अनुभव लोगों के लिए बेहद खास और रोमांचकारी रहा। सुबह तड़के ही गांव-गांव से लोग बसों में सवार होकर कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए। प्रशासन की ओर से करीब 250 बसों की व्यवस्था की गई थी, जिन्हें अधिकारियों की निगरानी में अलग-अलग स्थानों से संचालित किया गया। टोल प्लाजा के पास दोनों ओर स्टॉल लगाकर पानी, फल और भोजन के पैकेट वितरित किए गए। उधर, रोडवेज की बड़ी संख्या में बसें कार्यक्रम में लगाए जाने से आम यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। शाहजहांपुर डिपो की करीब आधी बसें हरदोई भेजे जाने से लखनऊ, दिल्ली, सीतापुर और लखीमपुर जैसे रूटों पर बसों की कमी हो गई। यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा।

### 12 जिले जुड़ेंगे, मेरठ से प्रयागराज तक सीधे भर सकेंगे फर्राटा

गंगा एक्सप्रेस वे के शुरू होने से प्रदेश के मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज जिले सीधे आपस में जुड़ जाएंगे। इस एक्सप्रेस वे से पश्चिम से पूर्व उत्तर प्रदेश तक एक मजबूत और सीधा संपर्क स्थापित होगा, जिससे आवागमन तेज और आसान हो जाएगा। इससे इन जिलों के बीच दूरी और समय दोनों में कमी आएगी और विकास को नई गति मिलेगी। शाहजहांपुर और बदायूं के जरिए बरेली तक संपर्क मजबूत होगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जरिए उत्तराखंड के हरिद्वार और देहरादून तक यात्रा सुगम होगी। प्रयागराज के माध्यम से बिहार के क्षेत्रों तक सड़क संपर्क तेज होगा, वहीं बुंदेलखंड और प्रयागराज मार्ग से मध्य प्रदेश के रीवा और सतना जैसे इलाकों तक पहुंच आसान बनेगी। गंगा एक्सप्रेस वे के शुरू होने से न केवल आवागमन में सुधार होगा, बल्कि व्यापार, उद्योग और निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। बेहतर कनेक्टिविटी से किसानों और व्यापारियों को बड़े बाजारों तक पहुंच मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी।

### अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर लगाएं रोक

बरेली, अमृत विचार : जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए डीएम अविनाश सिंह ने विकास भवन सभागार में आयोजित टास्क फोर्स बैठक में परिवहन व खनन विभाग के अधिकारियों से दो टूक कहा कि सड़कों पर दौड़ने वाले ओवरलोड वाहन न केवल नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, बल्कि राजस्व को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। आरटीओ प्रवर्तन वैभव सोती को निर्देश दिए कि जिले में ओवरलोडिंग के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए और किसी भी दशा में ओवरलोड वाहन सड़कों पर नहीं दिखने चाहिए।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से उत्तराखंड से आने वाले उप खनिज लदे वाहनों पर पैनी नजर रखने को कहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी वाहनों की आईएसटीपी चेकिंग सुनिश्चित की जाए। व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए डीएम ने कर्मचारियों की जवाबदेही भी तय कर दी है। उन्होंने चेतावनी दी कि जो भी कर्मचारी या अधिकारी चेक प्वाइंट्स पर ड्यूटी के समय तैनात नहीं मिलेगा, उसका उस दिन का वेतन तत्काल काट दिया जाएगा।

# सऊदी अरब में हादसे में मौत, बीमा क्लेम के 56 लाख हड़पे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसएसपी के आदेश पर सीबीगंज थाने में 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार:** सऊदी अरब में हादसे में युवक की मौत के बाद उसकी बुआ के लड़कों ने क्लेम के 56.25 लाख रुपये हड़प लिए। मृतक के पिता ने बहन, बहनोई और भांजों समेत कुल 12 लोगों के खिलाफ सीबीगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि रिश्तेदारों ने धोखे से पावर ऑफ अटॉर्नी लेकर यह रकम अपने खातों में ट्रांसफर कर ली। पुलिस जांच कर रही है।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के खना गौटिया निवासी आबिद रजा खां का बेटा माजिद सऊदी अरब में ड्राइवर था। 2 फरवरी 2021 को वहीं सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। आबिद ने बताया कि इज्जतनगर के शिकारपुर चौधरी निवासी उनका भांजा अतीक अहमद पुत्र इरफान और उसके परिवार के लोग पिछले 25 साल से सऊदी मेंकाम कर रहे हैं। अतीक ने कहा कि माजिद की मौत कारों की टक्कर से हुई है इसलिए क्लेम दोगुना मिलेगा। पावर ऑफ अटार्नी उसके नाम हो जाए जिससे मामू को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। सगा भांजा होने के चलते पावर आफ अटार्नी अतीक के नाम पर कर दी। बेटे के मालिक ने भांजे को पासपोर्ट, वेतन और रुपये दे दिए। लेकिन अतीक ने पैसे उन्हें नहीं दिए। आबिद ने बताया कि मामला अदालत में पहुंचने पर क्लेम के एक लाख रियाल मिले। इसके बाद क्लेम के 1.25 लाख रियाल और मिले। अतीक ने रुपये मिलने से ही इन्कार कर दिया। सऊदी में अन्य लोगों से संपर्क करने पर पता चला कि अतीक को क्लेम के कुल 2.25 लाख रियाल मिले हैं। एसएसपी के आदेश पर सीबीगंज पुलिस ने अतीक अहमद, इरफान अहमद समेत 12 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes
July 2026 session in the following disciplines
- Faculty of Medical Sciences
(All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences
(All Specialities)
- Faculty of Management
Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD
Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

# हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी को क्लेम-हर्जाना देने का आदेश

विधि संवाददाता, बरेली

- जिला उपभोक्ता फोरम ने बीमा कंपनी की हीलाहवाली पर लगाया भारी जुर्माना
- दस लाख का बीमा होने के बावजूद पीड़ित को परेशान कर रही थी कंपनी

**अमृत विचार:** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वितीय ने बीमा क्लेम रोकने पर स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी के खिलाफ सख्त आदेश जारी किया है। आयोग के अध्यक्ष दीपक कुमार त्रिपाठी और सदस्य दिनेश कुमार गुप्ता की पीठ ने कंपनी को आदेश दिया कि उपभोक्ता को इलाज में खर्च हुई 2 लाख 62 हजार 683 रुपये की राशि 45 दिनों के भीतर अदा करे। इसके साथ ही,30 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति और 10 हजार रुपये मुकदमा खर्च भी देने का आदेश सुनाया गया है।

केसी नगर निवासी विमल कुमार ने अपने परिवार के लिए 10 लाख रुपये का ''''फैमिली हेल्थ ऑप्टिमा इंश्योरेंस प्लान'''' लिया था। बीमा अवधि के दौरान उन्हें डेंगू और उसके बाद दवाओं के प्रभाव से अग्न्याशय (पेनक्रियाज) के इलाज के लिए बरेली और दिल्ली के अस्पतालों में भर्ती होना पड़ा। इलाज पर कुल 3 लाख 89 हजार 885 रुपये खर्च हुए, लेकिन बीमा कंपनी ने क्लेम निस्तारण में हीलाहवाली करते हुए भुगतान से इनकार कर दिया। उपभोक्ता ने अधिवक्ता संजय कुमार वर्मा के माध्यम से आयोग की शरण ली। पीठ ने साक्ष्यों के आधार पर कंपनी को दोषी मानते हुए यह जुर्माना और क्लेम राशि अदा करने का निर्देश दिया।

# सीबीगंज में नाले में गिरकर युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, सीबीगंज

**अमृत विचार :** सीबीगंज क्षेत्र के नदोसी गांव में एक युवक की खुले नाले में गिरकर मौत हो गई। हैरानी की बात यह रही कि आबादी और मेडिकल स्टोर से घिरे इलाके में घटना होने के बावजूद किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। पुलिस ने घटना के दो दिन बाद बुधवार सुबह शव को नाले से बरामद किया।

सीबीगंज के पचागोटिया गांव निवासी मेघनाथ (30) पुत्र तिलकराज लोधी सोमवार दोपहर से घर से लापता थे। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने परसाखेड़ा चौकी पुलिस में सूचना देकर अनहोनी की आशंका जताई थी। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने नदोसी गांव में नहर की पुलिया के पास खुले नाले में शव पड़ा होने की सूचना दी। परसाखेड़ा चौकी पुलिस और फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची और नाले से शव को निकाला। नाले में गंदा पानी और कूड़ा-करकट भरा होने के कारण शव दिखाई नहीं दे रहा था। शव की शिनाख्त मेघनाथ के रूप में होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

इंस्पेक्टर सीबीगंज प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि ग्रामीणों के मुताबिक, मेघनाथ शराब पीने का आदी था। कुछ लोगों ने उसे सोमवार दोपहर गांव के पास शराब पीते देखा था। अनुमान लगाया जा रहा है कि वह पास की शराब की दुकान से शराब लेकर पुलिया के पास बैठा होगा और नशे की हालत में नाले में गिर गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई।

### सेटेलाइट पर भी नाले में गिरकर हो चुकी युवक की मौत

बरेली, अमृत विचार : 24 मार्च को सेटेलाइट बस स्टेशन के पास खुले नाले में गिरकर हरदोई के युवक तौहीद की मौत हो गई थी। जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में दो जूनियर इंजीनियरों (जेई), एक सफाई नायक, एक सुपरवाइजर और ठेकेदार को मुख्य रूप से दोषी माना। अपर नगर आयुक्त शशि भूषण सिंह और पर्यावरण अभियंता की जांच रिपोर्ट में कहा कि जिस स्थान पर नाले का कार्य चल रहा था, वहां सुरक्षा के न्यूनतम मानकों का भी पालन नहीं किया गया था। न तो कोई बैरिकेडिंग की गई थी और न ही रात में राहगीरों को आगाह करने के लिए कोई चेतावनी बोर्ड या लाइट का इंतजाम था। इसी अनदेखी की कीमत तौहीद को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी थी और उसका शव 30 घंटे की मशक्कत के बाद गहरे नाले से निकाला जा सका था। वहीं, अब सीबीगंज के नदौसी गांव में नाले में गिरकर युवक की जान चली गई। हालांकि इस मामले में अभी परिजनों की ओर से शिकायत नहीं की गई है।

# हाईकोर्ट के आदेश पर इंग्लिश स्कूल की सीलिंग हटाई

कार्यालय संवाददाता बरेली

- मंगलवार को मुंबई के बिशप से तहसील टीम ने वसूला 11 लाख का चेक

**अमृत विचार :** क्लेरा स्वेन मिशन अस्पताल के 17 कर्मचारियों के बकाया 73.70 लाख रुपये की वसूली के मामले में प्रशासन को बड़ी सफलता मिली है। मंगलवार को मुंबई के बिशप के बरेली आगमन पर तहसील टीम ने उनसे 11.25 लाख रुपये का चेक वसूला। इसी के साथ, हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में प्रशासन ने 12 सितंबर से सील किए गए इंग्लिश स्कूल की सीलिंग हटा दी।

विद्या एजूकेशनल वेलफेयर सोसायटी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सील खोलने का आदेश दिया था, जिसके बाद तहसीलदार सदर भानु प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कराई। तहसीलदार ने बताया कि नए चेक के बाद अब तक कुल 31.25 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है। इससे पहले सचिव और ट्रेजरार की ओर से करीब 20 लाख रुपये जमा कराए गए थे। अब इन रुपयों से उन 17 श्रमिकों का बकाया भुगतान कराने की तैयारी है, जिनके वेतन और देयकों के लिए एडीएम एफआर ने 17 आरसी जारी की थीं। कहा कि वसूली के लिए मुंबई के बिशप को पहले ही पत्र जारी किया गया था, जिसके बाद कल बरेली पहुंचते ही उन पर बकाया राशि जमा करने का भारी दबाव बनाया गया। प्रशासन ने साफ किया है स्कूल की सीलिंग हटने के बावजूद शेष 42 लाख की रिकवरी के लिए अभियान जारी रहेगा। याचिकाकर्ता विद्या बेंजामिन ने दावा किया था कि जिस जमीन पर स्कूल है, वह राजस्व अभिलेखों में उनके पूर्वजों और अमेरिकन न्यू वेस्ट मिशन के नाम दर्ज है, जिसका बकायादार फर्म से कोई लेना-देना नहीं है। इसी दलील को हाईकोर्ट ने स्वीकार किया। हालांकि, तहसीलदार सदर ने बताया कि स्कूल की सीलिंग भले ही कानूनी प्रक्रिया के तहत हटा दी गई है, लेकिन श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए अन्य संपत्तियों और स्रोतों से बकाया वसूली की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# खाद्यान्न की कालाबाजारी में कोटेदार पर मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला पूर्ति अधिकारी ने बारादरी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** जिले में गरीबों के निवाले पर डाका डालने वाले कोटेदारों के खिलाफ प्रशासन ने अभियान छेड़ दिया है। जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने संजय नगर क्षेत्र के कोटेदार के खिलाफ बारादरी थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया है। कोटेदार पर सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी करने और स्टॉक में बड़े पैमाने पर हेराफेरी करने का गंभीर आरोप है।

संजय नगर के अशोक बिहार कालोनी के रूप सिंह ने डीएम से कोटेदार की शिकायत की थी। पूर्ति निरीक्षक अलीम खान ने टीम के साथ मंगलवार को कोटेदार रतिराम जयंत की दुकान का निरीक्षण किया। स्टॉक और रजिस्टर का मिलान किया गया, तो बड़ी गड़बड़ी सामने आई। गोदाम में रिकॉर्ड के अनुसार 43 बोरी गेहूं होना चाहिए था, लेकिन मौके पर मात्र 24 बोरी मिला। इसी तरह चावल के स्टॉक में भी कमी पाई गई। कुल मिलाकर 19 बोरी गेहूं और एक बोरी चावल दुकान से गायब मिला, जिसका कोटेदार कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया कि राशन की यह कमी सीधे तौर पर खाद्यान्न की कालाबाजारी की ओर इशारा करती है। जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को जिलाधिकारी से अनुमति मिलते ही आरोपी कोटेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस परामर्श केंद्र पर दो मामलों में समझौता

**बदायूं, अमृत विचार** : रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस परिवार परामर्श केंद्र पर आपसी कलह और मतभेद में आकर बिखरते परिवारों को एक डोर में बांधने का काम किया गया। काउंसलर गिरधारी सिंह राठौर, एसडी शर्मा, अशोक खुराना, जितेंद्र महाजन, नाजमा बरकाती, भीमसेन सागर के अलावा सिपाही कुमुद, राखी, संध्या के समक्ष 24 फाइलें आईं। जिनमें से 17 पर काउंसलिंग की गई। काउंसिलिंग में दोनों पक्षों को सुना गया। 2 मामलों में समझौता हुआ और 4 फाइलें निरस्त की गई। बाकी के मामलों के लिए अग्रिम तिथि दी गई है।

### अमर ज्योति कंपनी का एजेंट गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार** : अमर ज्योति यूनिवर्स लिमिटेड कंपनी के निदेशकों से लेकर एजेंटों पर बदायूं से लेकर बरेली जिले में कई मामले दर्ज हैं। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव कामग्रान निवासी अशद अहमद खान पुत्र जफर हुसैन ने भी कंपनी के लोगों पर फर्जी खाते खोलकर, फर्जी पासबुक, जाली प्रपत्र तैयार करके खाताधारकों के रुपये गबन करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें वांछित कंपनी के एक एजेंट अलापुर थाना क्षेत्र के गांव उनौला निवासी विजय कुमार वर्मा पुत्र पूरन लाल को पुलिस ने बड़े सरकार की दरगाह के गेट से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

### अफीम के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**बदायूं, अमृत विचार** : दातागंज पुलिस ने गांव पलिया गूजर निवासी राजेंद्र पुत्र पुत्तू को गिरफ्तार किया। उसके पास से 395 .6 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी को जेल भेजा गया है।

### चोरी के आरोपी नाबालिग समेत दो गिरफ्तार

**कादरचौक, अमृत विचार** : कादरचौक पुलिस ने वाहन चोरी करने के एक नाबालिग समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई एक बाइक बरामद की है। पुलिस ने मंगलवार को बाइक चोरी का मामला दर्ज किया था। चोर की तलाश शुरू की थी। गश्त के दौरान पुलिस ने जिला एटा के थाना जैथरा क्षेत्र के गांव पतसुआ निवासी वीर बहादुर सिंह उर्फ पंकज पुत्र विजेंद्र सिंह और एक नाबालिग को गांव ढोकन नगला तिराहे से गिरफ्तार किया। उनके पास से अवैध चाकू और बाइक यूपी 87 यू 4182 बरामद हुई।

# तेजी से होंगे विकास कार्य, जारी की गई विधायक निधि की प्रथम किस्त

## शासन की ओर से जारी किए गए जिले के सभी विधायकों को ढाई-ढाई करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिले के 6 विधायक और दो एमएलसी के लिए जारी हुई है शासन से विधायक निधि
- सड़क निर्माण, इंटरलॉकिंग, नाले और नालियों सहित अन्य निर्माण कराए जाएंगे विधायक निधि से

**अमृत विचार:** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विधानसभा क्षेत्र की विकास निधि की पहली किस्त के रूप में जिले को 20 करोड़ रुपये मिले हैं। इससे सहसवान, बिल्सी, बिसौली, शेखूपुर, दातागंज और बदायूं विधानसभा में 2.5-2.5 करोड़ रुपये के विकास कार्य होंगे। इस धनराशि से सड़कों का निर्माण, इंटरलॉकिंग, नाले-नालियों सहित अन्य निर्माण कार्य कराए जाएंगे।

जिले के विकास कार्यों को नई गति देने के लिए शासन ने विधायक निधि की पहली किस्त जारी कर दी है। जनपद के छह विधायक और एक एमएलसी को ढाई करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गई है। विधायक निधि की मिली प्रथम किस्त से सभी विधानसभा क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण, इंटरलॉकिंग, नाले-नालियों सहित अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों के प्रस्ताव देंगे, जिनके आधार पर कार्य योजनाएं तैयार कर अमल में लाई जाएंगी।

### जनपद में वर्तमान में यह जनप्रतिनिधि

जिले में सहसवान विधानसभा क्षेत्र से सपा के ब्रजेश यादव, बिसौली से आशुतोष मौर्या और शेखूपुर से हिमांशु यादव विधायक हैं। वहीं दातागंज विधानसभा क्षेत्र से राजीव कुमार सिंह, बदायूं से महेश चंद्र गुप्ता विधायक हैं। इनके अलावा एमएलसी वागीश पाठक और विधान परिषद सदस्य जयपाल व्यस्त हैं। इन सबके के लिए शासन से ढाई-ढाई करोड़ रुपये की राशि अवमुक्त की गयी है। यह पहली किस्त है। हालांकि एमएलसी वागीश पाठक जनपद से बाहर अपने क्षेत्र के हिस्सों में भी काम करा सकते हैं। इसमें सड़क निर्माण से लेकर लाइट लगवाने का भी प्रावधान है।

### डीआरडीए विभाग में भेजे जाएंगे प्रस्ताव

सभी जनप्रतिधियों को एक साल में विकास कार्यों के लिए पांच करोड़ की धनराशि मिलती है। जिसमें यह अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य कराते हैं। कार्य कराने से पहले जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव डीआरडीए विभाग के पास आते हैं। डीआरडीए विभाग द्वारा कार्यों का सर्वे कराया जाता है। इसके बाद कार्य कराए जाते हैं।

### विधायक निधि में मिलते हैं हर प्रतिनिधि को पांच करोड़

विधायक निधि के तहत प्रत्येक जनप्रतिनिधि को सालाना पांच करोड़ रुपये मिलते हैं। यह धनराशि शासन की ओर से दो किस्तों में जारी की जाती है। प्रथम किस्त जारी हो गई है। इस धनराशि से जिले के विकास को और पंख लगेंगे।

"विधायक निधि की प्रथम किस्त आ गई है। सभी जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव मांगे जा रहे हैं। प्रस्ताव आने के बाद विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्य शुरू करा दिए जाएंगे।

**-अखिलेश चौबे,** परियोजना अधिकारी।

## ककराला में शहीद मेला को प्रशासन ने नहीं दी अनुमति

**बदायूं, अमृत विचार:** भारत के प्रथम स्वतंत्रता संघर्ष में शहीद हुए ककरालावासियों की याद में 30 अप्रैल को कस्बा ककराला में शहीद मेला का आयोजन होना था। लेकिन प्रशासन के द्वारा अनुमति नहीं दी गई। जिस पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने इसे शहीदों का अपमान बताते हुए आलोचना की है।

अठारह सौ सत्तावन के प्रथम स्वतंत्रता सजंघर्ष में ककराला में अंग्रेजों से मुकाबला करते हुए मारे गए सैकड़ों शहीदों की याद में ककराला में शहीद मेला लगाने को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने प्रशासन से अनुमति मांगी थी। लेकिन प्रशासन के द्वारा अनुमति दिए जाने से इंकार कर दिया। बताया कि गत वर्ष प्रशासनिक अनुमति के बाद 8 से 10 मई तक तीन दिनों शहीद मेला लगाया गया था। लेकिन इस साल मेला लगाने की अनुमति नहीं दी गई। जिसके कारण मेला की तैयारियां धरी रह गईं। जिसकी कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने निंदा की है। साथ ही प्रशासन से अनुमति दिए जाने की मांग की है।

## बच्चों को नहीं दी छुट्टी की जानकारी, घंटों रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



स्कूल के गेट पर खड़े बच्चे।

- शिक्षकों के नहीं आने पर मायूस होकर स्कूल से लौटे घर

**अमृत विचार:** सोशल मीडिया के जमाने में भी परिषदीय स्कूलों के शिक्षक लापरवाह बने हुए हैं। स्कूलों में अवकाश होने की जानकारी बच्चों को नहीं दी जाती। कादरचौक ब्लॉक क्षेत्र के गांव मोहम्मदगंज के प्राथमिक स्कूल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें बच्चे गेट पर खड़े शिक्षकों का इंतजार करते दिख रहे हैं। घंटों खड़े रहने के बाद बच्चे वापस लौट गए।

अक्सर देखने में आता है जब प्रशासन के द्वारा स्कूलों में अवकाश घोषित किया जाता है तो उसकी जानकारी बच्चों को नहीं मिल पाती। जबकि वर्तमान में देश भर की जानकारी सार्वजनिक हो जाती है। लेकिन परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों के द्वारा जानकारी न देना उनकी लापरवाही को उजागर करता है। निजी स्कूलों के द्वारा बच्चों और उनके अभिभावकों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सभी जानकारियां प्रदान की जाती है। लेकिन बेसिक स्कूलों के शिक्षकों के द्वारा ऐसा नहीं किया जा रहा। बुधवार को गंगा एक्सप्रेस वे के उद्घाटन को लेकर बीएसए ने परिषदीय स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया था। जिसकी जानकारी कादरचौक ब्लॉक क्षेत्र के गांव मोहम्मद गंज के बच्चों और उनके माता पिता को नहीं दी गई। जानकारी के अभाव में बच्चे स्कूल पहुंच गए और शिक्षकों का इंतजार करने लगे। घंटों इंतजार करने के बाद वह वापस लौट गए।

## सिलेंडर बदल कर हो रही कालाबाजारी



सिलेंडर के लिए एजेंसी पर खड़े ग्रामीण • अमृत विचार

संवाददाता, कादरचौक

**अमृत विचार:** ब्लाक कादरचौक क्षेत्र में स्थित रमजानपुर की सुहाना इंडेन गैस एजेंसी संचालक पर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी पर भारत गैस के सिलेंडरों को बदलकर इंडेन गैस के सिलेंडर दिए जा रहे हैं।

आरोप है कि एजेंसी संचालक बिना वैध डेक (डिलीवरी कोड) के गैस वितरण कर रहा है। आरोप है कि एजेंसी संचालक द्वारा इस तरह की गतिविधियों से भारत गैस उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचाया रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## मछली पकड़ने गए युवक की रामगंगा में डूबकर मौत

**बदायूं, अमृत विचार** : मछली पकड़ने रामगंगा गए युवक की डूबने से मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव दुधारी निवासी रामसेवक के परिजनों के अनुसार बुधवार सुबह लगभग 9 बजे गांव निवासी हरिराम उनके घर पर आए थे। मछली पकड़ने चलने की बात कह कर रामसेवक को साथ ले गए थे। तकरीबन डेढ़ घंटे बाद हजरतपुर थाना क्षेत्र में रामगंगा में किसी युवक के डूबने की सूचना मिली। परिजन मौके पर पहुंची। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। आसपास के गांवों के गोताखोरों को बुलाकर रामगंगा में तलाश कराया गया। तकरीबन तीन घंटों के बाद रामगंगा से रामसेवक का शव बरामद हो गया।

## विद्यालय के विकास में अभिभावकों की अहम भूमिका



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता • अमृत विचार



कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल प्रधानाचार्य • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- विद्या भारती का तीन दिवसीय प्रधानाचार्य सम्मेलन शुरू

**अमृत विचार:** शहर के श्री राम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध शिशु शिक्षा समिति ब्रज प्रांत के प्रधानाचार्यों का तीन दिवसीय सम्मेलन शुरू हुआ। जिसमें ब्रज प्रांत के आगरा बरेली एवं अलीगढ़ मंडल के समस्त स्कूलों के प्रधानाचार्य सम्मिलित हुए। सम्मेलन में विद्यालय विकास के साथ-साथ शिशु विकास, आचार्य विकास, अभिभावक विकास पर चिंतन मनन किया जाएगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष मुख्य अतिथि डोमेश्वर साहू, (क्षेत्रीय संगठन मंत्री विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश) सुनील कुमार गुप्ता (अध्यक्ष, शिशु शिक्षा समिति ब्रज प्रांत) विशिष्ट अतिथि हरवीर सिंह (प्रदेश निरीक्षक शिशु शिक्षा समिति बृज प्रांत), ओम प्रकाश वैश्य व्यवस्थापक ने दीप जलाकर तथा पुष्पार्चन कर किया। इस दौरान विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने कहा कि प्रधानाचार्य विद्यालय विकास की धुरी है। विद्यालय की वार्षिक कार्य योजना बनाकर शिशु, आचार्य एवं अभिभावक विकास के कार्यक्रम तय करके विद्यालय विकास के लिए योजना बनाई जाए। कहा कि विद्यालय विकास में विद्यालय परिवार अभिभावक, आचार्य, प्रबंध समिति एवं पूर्व छात्रों की सहभागिता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सुनील कुमार गुप्ता ने कहा, विद्या भारती के विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के लिए समाज में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। विशिष्ट अतिथि हरवीर सिंह ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त छात्र-छात्राएं विद्यालय से प्राप्त संस्कारों को लेकर समाज, जीवन में उन्नति के पथ पर निरंतर प्रगतिशील होकर मां भारती की सेवा कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र कुमार गोला ने किया। इस मौके पर कमलेश कुमार गोला, सुनील कुमार सिंह, सुरेंद्र कुमार गोला, सुनील कुमार सिंह पुंडीर, अमृतपाल सिंह, डॉ सुबेन्द्र माहेश्वरी, कालिका प्रसाद गंगवार एवं राजकुमार सिंह सेंगर समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति वंदन बिल का विरोध दुर्भाग्यपूर्ण



भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्रा। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- विधायिका में महिला आरक्षण और पक्ष-विपक्ष की राजनीति पर हुई भाषण प्रतियोगिता

**अमृत विचार** : आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान परिषद की ओर से विधायिका में महिला आरक्षण, पक्ष विपक्ष की राजनीति विषय पर भाषण प्रतियोगिता कराई गई। बीए अंतिम सेमेस्टर के आदित्य चौहान को पहला स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय आंदोलन एवं भारतीय संविधान पर हुई क्विज प्रतियोगिता में बीए चौथे सेमेस्टर के धीरज कुमार विजेता रहे।

कार्यक्रम का आरंभ उप प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने किया। भाषण प्रतियोगिता में दूसरा स्थान निखिल सिंह चौहान और तीसरे स्थान पर शगुन शर्मा रहीं। क्विज प्रतियोगिता में दूसरा स्थान आदित्य चौहान और तीसरे स्थान पर विकास रहे। निर्णायक की भूमिका डॉ. सतीश सिंह यादव व डॉ. संजय कुमार ने निभाई। संचालन करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार जायसवाल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए सिर्फ राजनीति के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि विविध क्षेत्रों में भी आरक्षण की आवश्यकता है। राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दिलीप कुमार वर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 का समुचित अध्ययन किए बिना ही उसे सतही राजनीति का शिकार बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उप प्राचार्य ने कहा कि जातिवाद के कारण नारी शक्ति की योग्यता का राजनीति में सदुपयोग नहीं हो पा रहा है। अपनी जाति और धर्म के प्रति जनता का भावनात्मक लगाव ही नारी सशक्तिकरण में बाधक है।

## प्रधानाचार्य परिषद के संयोजक बने रजनीश राठौर और अनीता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



प्रधानाचार्य परिषद के मनोनीत पदाधिकारी। • अमृत विचार

- उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की जिला कार्यकारिणी हुई गठित

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की जिला कार्यकारिणी का गठन बुधवार को किया गया। संयोजक पद पर रजनीश कुमार राठौर और अनीता सिंह को मनोनीत किया गया। इनके साथ ही डॉ. शिशुपाल सिंह को जिला अध्यक्ष तथा राजकुमार शर्मा को जिला मंत्री मनोनीत किया गया।

एसके इंटर कॉलेज परिसर में हुई बैठक में सूर्यकांत पाठक, डॉ. ज्ञान सिंह यादव, सुजीत सिंह, अमिता आलोक एवं वीरू सिंह को जिला उपाध्यक्ष, सुबोध कुमार मिश्रा को जिला कोषाध्यक्ष तथा संगठन मंत्री पद पर डॉ.राजकमल, डॉ. घनश्याम दास, योगेन्द्र दीक्षित, संजीव कुमार, रामवीर सिंह तथा करतार सिंह को बनाया गया। संजीव कुमार तोमर को आडिटर, योगेश त्रिपाठी को मीडिया प्रभारी, संदीप भारती, गणेश गोयल, मंसूर अली, आलोक पाठक, राजेन्द्र प्रसाद एवं कविता रस्तोगी को संरक्षक मनोनीत किया गया। राजीव कुमार शर्मा को बिल्सी, हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव को बिसौली, राम सहाय बिन्दु को सहसवान, राजेश कुमार को दातागंज तथा प्रभात कुमार को बदायूं तहसील का प्रभार सौंपा गया। रश्मि गुप्ता, शहनाज बानो, सुमन अब्राहम, अतुल कुमार गुप्ता, शेर सिंह, रामप्रकाश एवं रीता साहनी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक गुलनवाज आलम और प्रदेश प्रवक्ता सुनील मिश्र तथा वित्त नियंत्रक सुरेश रस्तोगी ने शुभकामनाएं दी हैं।

## गांव सराय पिपरिया में निकाली रैली

**बदायूं।** दातागंज क्षेत्र के गांव सराय पिपरिया में भाजपा महिला मोर्चा ने जन आक्रोश रैली निकाली गई। इस दौरान उनके द्वारा विपक्षी पार्टियों का पुतला दहन किया गया महिला मोर्चा की जिला मंत्री आरती कश्यप के नेतृत्व में निकाली गई रैली में सैकड़ों महिलाएं शामिल हुईं। उनके द्वारा विपक्षी पार्टियों सपा और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला गया। नारेबाजी के साथ ही पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष नरेशपाल अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बिसौली कोतवाली को मिले 54 आरक्षी

बिसौली। बिसौली क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृण करने के लिए 54 नए जवान मिले हैं। जिनमें 44 पुरुष और 10 महिला आरक्षी शामिल हैं। बिसौली थाने में इनकी आमद पर कोतवाल कमलेश मिश्रा ने कहा कि इतनी बढ़ी संख्या में आरक्षी मिलने से लॉ एंड आर्डर कायम रखने में बहुत आसानी होगी।

## घाट पर रखें सतर्क निगरानी श्रद्धालुओं को न हो परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



घाट का निरीक्षण करते डीएम।

**अमृत विचार** : आगामी बुद्ध पूर्णिमा के चलते डीएम अवनीश राय, एसएसपी अंकिता शर्मा और एसपी सिटी अभिषेक सिंह ने कछला स्थित भागीरथी घाट का निरीक्षण किया। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के संबंध में जायजा लिया। संबंधित को निर्देशित किया।

एक मई को बुद्ध पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन हजारों श्रद्धालु गंगा स्नान करने कछला पहुंचते हैं। इस मौके पर मुख्य मार्ग पर जाम से लेकर घाट पर अव्यवस्था हो जाती है। जिसके चलते अधिकारियों ने मौके की स्थिति देखी। उन्होंने निर्देशित किया कि गंगा घाट पर महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा, कानून व्यवस्था के दृष्टिगत सतर्कता रखी जाए। श्रद्धालुओं को स्नान के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन, पार्किंग/यातायात और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने को कहा। एडीएम प्रशासन अरुण कुमार, एसडीएम सदर मोहित कुमार, सीओ उझानी सुनील कुमार, उझानी प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार मौजूद रहे।

## तीन मई को छह केंद्रों पर आयोजित होगी नीट परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : तीन मई को जिले के छह केंद्रों पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की परीक्षा होगी। सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। डीएम के द्वारा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा कराने को लेकर अधिकारियों को मजिस्ट्रेट नामित किया है। इसके अलावा अभ्यर्थियों को आने जाने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके लिए रोडवेज और बस स्टैंड पर अधिकारी तैनात किए हैं।

नीट की परीक्षा के लिए जिले के छह कॉलेज श्री कृष्णा इंटर कॉलेज, एनएमएसएन दास डिग्री कॉलेज, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय शेखूपुर, पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, केदारनाथ महिला इंटर कॉलेज और पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया है। इन केंद्रों पर 2921 अभ्यर्थी परीक्षा के लिए पहुंचेंगे। केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। साथ ही स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात रहेंगे। डीएम अवनीश कुमार राय ने जिला स्तरीय अधिकारियों को स्टेटिक मजिस्ट्रेट नामित किया है।

### परीक्षा केंद्रों पर तैनात होगी एंबुलेंस

नकल रहित परीक्षा के लिए सीसीटीवी से निगरानी होगी। प्रवेश के समय वीडियोग्राफी और बायोमेट्रिक होगी। गर्मी को देखते हुए केंद्रों पर इस बार एंबुलेंस की भी तैनाती होगी।

पंचम् पुण्यतिथि
हमारी परम पूज्यनीय माताजी
स्व. श्रीमती माधुरी शुक्ला
बड़ा कठिन है हंसकर जीना,
बड़ा कठिन है आंसू पीना।
आप चली गयी इस दुनिया से,
घर आंगन सब कुछ है सूना ।।

श्रद्धावनत
अशोक कुमार शुक्ला (पति), हिमांशु-खुशी, शुभम-प्राची (पुत्र-पुत्रवधू), बबिता-मनीष (पुत्री-दामाद), अथर्व-अदविका (धेवता-धेवती), राघव-नित्या (पौत्र-पौत्री)।
पताः 14, चमन कोठी, आलमगिरीगंज, बरेली।
फर्मः • राघव इंटरप्राइजेज सौ फिटा रोड, बरेली
• HIT WAY TRAVELS PVT. LTD. सौ फिटा रोड, बरेली
मो. 9897069370, 9897881017, 8410547630

संकट | तमाम प्रयासों के बाद भी जिले के बच्चों में कम नहीं हो रहा कुपोषण

## कुपोषण का दंश झेल रहे 9 हजार से अधिक बच्चे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शासन के निर्देश पर जिले में कुपोषित बच्चों का कराया जा रहा सर्वे

**अमृत विचार:** जनपद में 9 हजार बच्चे कुपोषण का दंश झेल रहे हैं। इनमें दो हजार से अधिक बच्चों की स्थिति बेहद गंभीर है। जबकि कुपोषित बच्चों की पहचान के अभियान चलाए जाते हैं। इसके बाद भी कुपोषण की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। यह संख्या आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की पहचान करने के लिए किए जा रहे वजन के बाद सामने आई है। अभी बच्चों को चिन्हित करने काम चल रहा है। यह संख्या और बढ़ सकती है।

कुपोषण को खत्म करने के लिए प्रदेश सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं, लेकिन धरातल पर यह बेअसर साबित हो रही हैं। कुपोषण की काली छाया मासूमों की जिंदगी को तबाह कर रही है। जिले में 9 हजार से अधिक नौनिहाल कुपोषण से जंग लड़ रहे हैं। इसमें दो हजार बच्चों की स्थिति बेहद गंभीर हैं। यह आंकड़े सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर वजन कराए जाने के बाद सामने आए हैं। इन सभी बच्चों को स्वस्थ बनाना है। लेकिन इसके लिए बेहतर प्रयास नहीं हो रहे हैं। जिन बच्चों की स्थिति बेहद गंभीर हैं। उन्हें जिला अस्पताल में न्यूट्रिशन रिहैबिलिटेशन सेंटर (एनआरसी) वार्ड भर्ती किया जा रहा है। जहां बच्चों को 14 दिन तक भर्ती कर विशेष देखभाल की जाएगी।

"सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का वजन कराया जा रहा है। इनमें करीब दो हजार बच्चे अति कुपोषित और 7 हजार से अधिक बच्चे कुपोषित मिले हैं। उन्हें पोषित करने की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दी गई है। प्रयास जारी हैं। खाद्यान्न आपूर्ति समय से नहीं होती, इस कारण देरी से खाद्यान्न का वितरण आंगनबाड़ी केंद्रों पर होता है।

**-पीके सिंह,** जिला कार्यक्रम अधिकारी।

### समय से नहीं बंट रहा पुष्टाहार

बच्चों को पोषित बनाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार का वितरण किया जाता है। बच्चों को स्वस्थ बनाने के लिए दलिया, मूंगदाल और रिफाइंड ऑयल का वितरण आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से किया जाता है। लेकिन समय से पुष्टाहार का वितरण पर नहीं हो पाता। विभागीय जानकारी के अनुसार फरवरी माह में मिलने वाले पुष्टाहार का वितरण अप्रैल माह में किया जा रहा है।

### समय से आपूर्ति नहीं कर रही संस्था

जिले में संचालित 18 परियोजनाओं में से आठ पर खाद्यान्न की आपूर्ति नैफेड संस्था करती है। शेष में आपूर्ति महिला समूह की इकाइयों के द्वारा की जाती है। खाद्यान्न आपूर्ति में नामित संस्थाओं के स्तर से लापरवाही बरती जाती है। फरवरी माह में वितरण होने वाले खाद्यान्न की आपूर्ति नैफेड और महिला समूह की इकाई द्वारा अब की जा रही है। यही कारण है कि बच्चों को समय से पोषित करने वाला पुष्टाहार नहीं मिल पाता है।

## ब्रीफ न्यूज

### महिला से मारपीट में दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट

**बिल्सी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव खैरी की रहने वाली महिला ने गांव के ही दो युवकों पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है। ग्राम खैरी निवासी हिना पत्नी स्वर्गीय छोटे ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके गांव के ही शहबाज पुत्र एहतराम अली के साथ उसके पूर्व में संबंध रहे थे, जो करीब दो वर्ष तक चले। बाद में दोनों की सहमति से बातचीत बंद हो गई थी। आरोप है कि 19 अप्रैल को दोपहर करीब 2:30 बजे शहबाज ने अपने भाई आदिल के साथ उसे अंबियापुर चौराहे पर बुलाया। वहां पहुंचने पर दोनों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मंगलवार को महिला कोतवाली पहुंची और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

### संत के वेश में बनाई आपत्तिजनक वीडियो

**बदायूं।** एक युवक ने संत के वेश में आपत्तिजनक रील बनाई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई कर सकती है। वीडियो थाना उसहैत क्षेत्र के कस्बा का बताया जा रहा है। सलमान खान नाम के युवक ने एक रील बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड की। उसने दो छोटे बच्चों को भी शामिल किया। जिसमें वह संत का वेश धारण किए है। लोगों ने इसे सनातन धर्म का अपमान बताते हुए शिकायत की।

### अब्दुल्लागंज में 4 मई से होगी श्रीमद्भागवत कथा

**उझानी।** अब्दुल्लागंज स्थित बड़ा हनुमान मंदिर में 4 से 11 मई तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ होगा। सीतापुर के जगन्नाथ धाम के पीठाधीश्वर रामानुजाचार्य कथा सुनाएंगे। मुख्य यजमान ओमप्रकाश शर्मा रहेंगे। मंदिर के महंत कमलाकान्त और राजीव लोचन ने बताया कि कथा दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगी। 4 मई को सुबह 8 बजे से मातृ शक्तियों और देव कन्याओं द्वारा सुसज्जित झांकियों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा के बाद कथा शुरू होगी। इस कथा में दूर दराज के साधु-संत और भक्तजन पहुंचेंगे। धर्मेंद्र कुमार शर्मा, ममता शर्मा, विपिन कुमार शर्मा, आरती शर्मा, अजब सिंह यादव आदि कथा आयोजन की तैयारी कर रहे हैं।

# विकास को मिलेगी रफ्तार, वरदान साबित होगा गंगा एक्सप्रेस वे

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरदोई से किया गंगा एक्सप्रेस वे का लोकार्पण, घटपुरी इंटरचेंज के पास लोगों को दिखाया गया सीधा प्रसारण

संवाददाता, बदायूं/विजय नगला


कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा।


प्रधानमंत्री द्वारा गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण कार्यक्रम को स्क्रीन पर देखते स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बदायूं जिला विकास की राह पर अग्रसर हो गया है। अब जल्द रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश के प्रमुख जिलों से बदायूं की दूरी कम हो गई है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरदोई में मेरठ से प्रयागराज तक बने 594 किमी के गंगा एक्सप्रेस वे के लोकार्पण के बाद प्रदेश को सबसे लंबे एक्सप्रेस वे की सौगात मिली है। जिसको लेकर हर वर्ग उत्साहित है। बिनावर स्थित इंटरचेंज के पास प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण दिखाया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस वे बदायूं के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

प्रधानमंत्री ने दिसंबर 2021 में शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेस वे की आधारशिला रखी थी। पांच साल से कम समय में ही यह बनकर तैयार हो गया। यह 12 जिलों से होकर गुजर रहा है और लागत 36230 करोड़ रुपये आई। बदायूं में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद इतने विकास कार्य नहीं हुए जितने भाजपा की डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में हुए हैं। गंगा एक्सप्रेस वे बनने से लखनऊ, दिल्ली, मेरठ, प्रयागराज के अलावा पूर्वी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश की दूरी कम हो गई है। इससे व्यापार बढ़ेगा, रोजगार सृजन होगा, किसानों को लाभ होगा व आमजन को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जो कहती है करके दिखाती है। गरीबों, महिलाओं, पिछड़े, युवाओं और किसानों को ध्यान में रखकर काम करती है। सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास को ध्यान में रखकर काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने पहले 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा। अब वर्तमान में 2.70 करोड़ लखपति दीदी हैं। अब 6 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने पर काम चल रहा है।

### जिले में एक्सप्रेस-वे के 92 किलोमीटर हिस्से के लिए 85 गांव हुए प्रभावित

डीएम अवनीश राय ने बताया कि गंगा एक्सप्रेस वे मेरठ के बिजौली से शुरू होकर प्रयागराज के जुड़ापुर दादू तक जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत 12 जिले मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़, प्रयागराज के आच्छादित गांवों की संख्या 518 है। बदायूं में गंगा एक्सप्रेस वे बिसौली के गांव ब्यौर कासिमाबाद से दातागंज के गांव खानपुर पंचशाला तक जा रहा है। जिसकी दूरी 92 किमी है। बिसौली के 38, सदर तहसील के 18, बिल्सी के 2 और दातागंज के 27 गांव प्रभावित हुए। जिले में 1200 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की गई। बिसौली में दूरी 46.40 किमी, बदायूं में 20.40 और दातागंज में 24.20 किमी दूरी कवर की है। जिले में 4 फ्लाईओवर और 3 इंटरचेंज हैं। रामगंगा पर 720 मीटर लंबा पुल बनाया गया है।

### औद्योगिक गलियारे के लिए आठ गांवों की जमीन अधिग्रहित

बिनावर में घटपुरी स्थित इंटरचेंज के पास 108 हेक्टेयर जमीन पर औद्योगिक गलियारा विकसित किया जा रहा है। जिसके लिए सदर तहसील के गांव घटपुरी, औरंगाबाद माफी और कुतुबपुर थरा की जमीन ली गई है। इसके अलावा डहरपुर कलां के पास 300 हेक्टेयर में औद्योगिक गलियारा प्रस्तावित है। जिसके लिए गांव बिहारीपुर, छछऊ, डहरपुर कलां, कौल्हाई व डोलापुर की जमीन अधिग्रहित करने की प्रक्रिया चल रही है। कार्यक्रम के दौरान डीएम अवनीश राय, एसएसपी अंकिता शर्मा, एडीएम प्रशासन अरुण कुमार, एडीएम वित एवं राजस्व वैभव शर्मा, सहायक निदेशक, सूचना आशुतोष चंदोला मौजूद रहे।

### लखनऊ के लिए सीधी रेल सेवा की तैयारी

केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा के प्रयास से बदायूं से देश की राजधानी के लिए सीधी रेल सेवा शुरू हो गई है। अब बदायूं से प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिए ट्रेन चलाने की तैयारी चल रही है। केंद्रीय राज्यमंत्री की ओर से रेल मंत्री से पत्राचार किया गया है। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ के लिए जल्द ही रेल सेवा शुरू होने की उम्मीद है।

### आसान होगी राह... बोले व्यापारी और किसान


गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण होने से मेरठ व प्रयागराज जाने में आसानी होगी। अब बाहरी जिलों से भी व्यापार कर सकेंगे। आसानी से सामान मंगा सकेंगे। - **राजेश साहू, किराना व्यापारी**


जेनेटिक दवाइयां और अन्य सामान मनाने में कई दिन तक इंतजार करना पड़ता था। थोक व्यापारी ट्रैफिक की बात कहकर कई दिनों से सामान नहीं भेजते थे। अब यातायात की समस्या दूर होगी। - **आदेश शर्मा, दवा विक्रेता**


गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण से जिले में औद्योगिक धंधे शुरू होंगे। जिसके चलते काम करने के लिए दूसरे प्रदेशों में जाने की जरूरत नहीं होगी। जिले में ही रोजगार मिल जाएगा। - **बृजेश कुमार सिंह**


जिले में गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण से एक्सप्रेसवे से अब बड़े व्यापारी किसानों से सीधे अनाज खरीद सकेंगे। जिससे किसानों को फसल का अच्छा दाम मिलेगा। - **सतीश सिंह, किसान**


सरकार द्वारा गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण कराने से जिले के युवाओं को रोजगार मिलेगा। जिले में कारखाने लगने से जिले में तेजी के साथ विकास होगा। - **सूरजपाल सिंह, किसान**


किसानों को अनाज की दलाली करने वालों के पास नहीं जाना पड़ेगा। किसान बड़े व्यापारियों से सीधे संपर्क करके अपना अनाज बेचेंगे। - **जयराम सिंह, किसान**

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि बदायूं की गिनती पिछड़े जिलों में होती थी। लेकिन अब गंगा एक्सप्रेस वे बदायूं के लिए वरदान साबित होता। बदायूं प्रदेश के विकास के केंद्र में होगा। एक्सप्रेस वे के पास घटपुरी और डहरपुर में दो औद्योगिक गलियारे बनाए जा रहे हैं। जहां कारखाने स्थापित होंगे। रोजगार सृजन होगा। बदायूं विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। एमएलसी वागीश पाठक ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने विभिन्न विकास कार्य किए हैं। जिसका सीधा लाभ आमजन तक पहुंचा है। देश व प्रदेश की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वाला हवाई जहाज पर चलेगा जो अब सच हो रहा है। बिल्सी विधायक ने

- **बदायूं के विकास में मील का पत्थर साबित होगा गंगा एक्सप्रेस वे : केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा**

कहा कि लोकार्पण ऐतिहासिक क्षण है। अब समय और ईंधन की बचत होगी। श्रद्धालुओं को भी इसका लाभ होगा। प्रयागराज पहुंचकर त्रिवेणी में स्नान करके वापस लौट सकते हैं। सदर विधायक महेश गुप्ता ने कहा कि अच्छा सोचो अच्छा होगा आज नहीं तो कल होगा। आने वाले दिनों में भारत विश्व गुरु बनेगा। दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस वे बदायूं व प्रदेश की तस्वीर व तकदीर बदल देगा। पहले दो ही इंटरचेंज बनाए जा रहे थे। लोगों की मांग पर मुख्यमंत्री ने डहरपुर में भी इंटरचेंज बनाने की स्वीकृति दी। आंवला के पूर्व सांसद धर्मेंद्र शाक्य ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि पंक्ति में सबसे आखिरी खड़े हुए व्यक्ति तक विकास कार्य पहुंचने चाहिए। उन्हें योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। केंद्र व प्रदेश सरकार इसी सोच के साथ आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम के दौरान लोग वीडियो बनाते दिखे। वहीं अग्निशमन की गाड़ियां और एंबुलेंस की व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता, शिशुपाल सिंह, जोगेंद्र सिंह पटेल, विश्वजीत गुप्ता, आरती कश्यप, पूर्व डीसीबी चेयरमैन उमेश राठौड़, शारदेंदु पाठक, अनेकपाल सिंह, रजनी मिश्रा, आशीष शाक्य, पंकज शर्मा, सुधीर श्रीवास्तव, मधुसूदन गुप्ता, अंकित आदि मौजूद रहे।

### पहले दिन चूके लोग साइन का नहीं रहा ध्यान

कार्यक्रम के बाद जनप्रतिनिधि समेत कई लोग गंगा एक्सप्रेस वे पहुंचे। पल को यादगार बनाने को साइन बोर्ड के पास खड़े होकर फोटो खिंचाए लेकिन इंटरचेंज की वजह से लोग पहले दिन भ्रमित होकर चूक गए। गलत दिशा से वाहन दौड़ाए। आगे जानकारी होने पर वापस लौटे। जबकि एक्सप्रेस वे की सड़क पर तीर के निशान लगाए गए हैं। जो रूट दर्शाते हैं।


उल्टी दिशा से आने पर वापस होते वाहन चालक। ● अमृत विचार

### जल्द दिखेगी हरियाली, बीच में हुआ पौधारोपण

गंगा एक्सप्रेस वे पर पर्यावरण संरक्षण का भी ध्यान रखा गया है। इसके लिए दोनों साइड की तीन-तीन लेन के बीच पौधरोपण किया गया है। पौधे बड़े होने पर अलग ही रंगत दिखेगी। इसके अलावा एक्सप्रेस वे पर पानी आने पर साइड से बनाई गई गूल से निकल जाएगा।

### गंगा एक्सप्रेस वे पर यह रहेंगी सुविधाएं

गंगा एक्सप्रेस वे किनारे अलर्ट स्ट्रिप्स लगे हैं। चालक को नींद आई तौर वाहन का पहिया स्ट्रिप्स पर गया तो अलग ही कंपन होगा और चालक की नींद खुल जाएगी। इस पर चलने वालों को जगह-जगह डीजल, पेट्रोल से लेकर सीएनजी की सुविधा मिलेगी। वाहन चार्ज भी होंगे। पूरे एक्सप्रेस की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। निर्धारित गति सीमा से ज्यादा गति से चलने पर वाहन का चालान कटेगा। टोल पर भी रुकने की आवश्यकता नहीं है। फास्टैग से टोल कट जाएगा और बूम खुल जाएगा। अभी गंगा एक्सप्रेस वे पर 6 लेन हैं लेकिन आने वाले समय में इसे बढ़ाकर 8 लेन भी की जा सकती है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली और टेंपो भिड़ंत में दो लोगों की मौत, एक घायल

संवाददाता, विजय नगला


अवधेश का फाइल फोटो।


विकास का फाइल फोटो।

- **उन्नाव जिले के निवासी अवधेश समेत दो लोगों की मौके पर हो गई मौत**
- **बुधवार तड़के दातागंज मार्ग पर डीएस डिग्री कॉलेज के पास हुआ हादसा**

**अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र में बदायूं-दातागंज मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रॉली और टेंपो की भिड़ंत हो गई। मौके पर चीख पुकार मच गई। हादसे में उन्नाव निवासी एक बुजुर्ग समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कराया गया। शवों को पोस्टमार्टम और घायल को इलाज के लिए भेज दिया। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।

जिला उन्नाव के सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव पतारी निवासी अवधेश (55) अपने भतीजे अमन के साथ (18) अपने भांजे जयंत प्रताप उर्फ विक्की की शादी के लिए दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव वीरमपुर जा रहे थे। जहां उन्हें भात की रस्म अदा करनी थी। बुधवार को मंडप का कार्यक्रम था और गुरुवार को बारात हजरतपुर क्षेत्र के गांव गढ़िया शाहपुर जानी थी। वीरमपुर गांव तक जाने के लिए वह बदायूं शहर से टेंपो में बैठे थे। टेंपो में दातागंज क्षेत्र के गांव पापड़ निवासी व दिल्ली में मजदूरी करने वाले विकास भी थे। मूसाझाग थाना क्षेत्र में बदायूं-दातागंज मार्ग पर गुलड़िया स्थित डीएस डिग्री कॉलेज के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली और टेंपो की भिड़ंत हो गई थी। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मौके से भाग गया। हादसे में अवधेश, उनका भतीजा अमन और विकास गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मूसाझाग पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जहां चिकित्सक ने अवधेश और विकास को मृत घोषित कर दिया। अमन को भर्ती किया गया है। सूचना मिलने पर मृतकों के परिजन चीत्कार करते पहुंचे। अवधेश की बहन सीमा का रो रोकर बुरा हाल है। शादी वाले घर में मातम पसर गया। टेंपो सवार गांव नेता झुकसा निवासी विमल कुमार ने बताया कि बुधवार तड़के हादसा हुआ था। मूसाझाग के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र तोमर ने बताया कि दातागंज मार्ग पर हादसा हुआ था। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। ट्रैक्टर-ट्रॉली की तलाश की जा रही है।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**बिल्सी, अमृत विचार :** बिल्सी पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को जेल भेजा गया है। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि दुष्कर्म करने के आरोपी अलापुर थाना क्षेत्र के गांव शादीपुर निवासी अजीत पुत्र मुन्नालाल को सोमानी तिराहे से गिरफ्तार किया है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। 14 मई 2024 को उस पर 14 साल की किशोरी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसमें नीरज व सत्यवीर को नामजद किया था। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। 27 अप्रैल को किशोरी को बरामद कर लिया था।

विवेचना के दौरान आरोपी पर दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गईं। जिसमें अजीत का नाम भी सामने आया। आरोपी को जेल भेजा गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# श्री श्याम गुणगान महोत्सव में संकीर्तन पर झूमे श्रद्धालु

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव सिरतौल में स्थित फुलवार मंदिर ठाकुरद्वारा पर मंगलवार की रात छठा श्री श्याम गुणगान महोत्सव पर श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन में भजन गायक पंडित बृजवासी और रुचि किंकर (कानपुर) ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। उनके मधुर सुरों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

भजनों की धुन पर भक्त देर रात तक झूमते रहे और पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति का अद्भुत माहौल बना रहा। कार्यक्रम स्थल पर बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया, जिसने सभी का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं द्वारा 56 भोग अर्पित किए गए। इस अवसर पर गद्दी सेवादार भूरे हाला जी और विजेन्द्र पाठक ने यहां पहुंचकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए भक्ति मार्ग पर चलने का संदेश दिया। यहां इत्र वर्षा, फूलों की होली एवं श्याम रसोई भी का आयोजन किया गया। इसको सफल बनाने में अवधेश गुप्ता, कपिल गुप्ता, मनीष गुप्ता, योगेश, दीपेंद्र, डॉ बिजेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।


भजन गाते कलाकार। ● अमृत विचार

# विभिन्न मांगों को लेकर सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**विजय नगला।** विभिन्न मांगों को लेकर विकास क्षेत्र सालारपुर के रोजगार सेवकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता को सौंपा। मंगलवार को दो दर्जन से ज्यादा रोजगार सेवक सदर विधायक के आवास पर पहुंचे। ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश सिंह सोलंकी ने बताया कि रोजगार सेवक पिछले 20 साल से काम कर रहे हैं। वह नियमित करने की मांग कर रहे हैं। अभी तक उन्हें कर्मचारी का दर्जा नहीं मिला। पिछले कई महीनों से मानदेय भी नहीं दिया गया। सदर विधायक ने उनकी मांग मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है। आराम सिंह, उपदेश, अनमोल, कप्तान, नेत्रपाल, नवाब अहमद, उमेश चंद, पुष्पेंद्र, धर्मवीर, धीरेंद्र कृष्ण पाल, कौशल, आशिक अली, होते लाल, प्रेमपाल सिंह, राजकुमार, पन्नालाल, प्रमोद आदि मौजूद रहे।


अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मो. शानू को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से दिनांक 29.04.2026 को बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। **यासीन पुत्र रोशन निवासी ग्राम व पोस्ट सहोरा, थाना फतेहगंज जनपद बरेली**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री उरूज फातिमा उर्फ जूनी को परिवार के खिलाफ दिनांक 01.04.2026 को शादी करने के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **सैय्यद अजीम हुसैन पुत्र सैय्यद जमील हुसैन निवासी 403, शहदाना, पुराना शहर, थाना बारादरी जिला बरेली।**

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
सम्पर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट, बरेली

**BIMT**
BADAUN INSTITUTE OF MANAGEMENT & TECHNOLOGY
(Affiliated to M.J.P. Rohilkhand University, Bareilly)
**REQUIRED**
Candidates for B.Ed. Course
1- Principal/HOD 01
2- Perspectives in Education 01
3- Pedagogy Subject 03
(Math, Science, Social Science, Language)
4- Health and Physical Education 01
5- Fine Art 01
6- Performing Arts (Music/Dance) 01
Qualification/Experience as per NCTE/UGC Norms.
Submit your Resume within 07 Days in the BIMT.
Campus: Kakrala road, near Mandi Samiti, Badaun (U.P.)
E-mail: bimtbudaun@gmail.com
Contact: 9897777709, 9897777797

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


# दुकान बंद कर घर जा रहे दवा व्यापारी से दो लाख की लूट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **पुलिस और एसओजी ने शुरू की बदमाशों की तलाश**
- **बदमाशों ने व्यापारी की बाइक को मारी टक्कर फिर बैग ले भागे**

**अमृत विचार :** दुकान बंद करके घर जा रहे दवा व्यापारी के साथ दो बदमाशों ने लूट की। बदमाशों ने उनकी बाइक को टक्कर मारकर गिरा दिया और दो लाख रुपये रखा बैग छीनकर भाग गए। व्यापारी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास के इलाके में बदमाशों की तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

शहर के मोहल्ला पटियाली सराय निवासी अंशुमान दवा के थोक व्यापारी हैं। वह मढ़ई चौक पर मेडिकल स्टोर चलाते हैं। मंगलवार रात लगभग 10 बजे उन्होंने मेडिकल स्टोर बंद किया और बाइक से घर जा रहे थे। रास्ते में हुसैनी गली में दो बदमाश स्कूटी से आए और उनकी बाइक को टक्कर मारकर गिरा दिया। अंशुमान सड़क पर गिर गए। इसी दौरान स्कूटी सवार एक बदमाश ने उनका बैग छीना फिर दोनों बदमाश फरार हो गए। बैग में दो लाख रुपये के अलावा मोबाइल फोन और कुछ कागजात थे। व्यापारी ने शोर मचाया तो लोग एकत्र हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और एसओजी बदमाशों की तलाश में है। टीमों ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है।

# कृषि अधिकारी ने किया खाद-बीज की दुकानों का निरीक्षण

**बदायूं।** शासन की ओर से खाद की लिमिट तय कर दी है। किसानों को जरुरत के मुताबिक खाद नहीं मिल पा रहा है। जिसका लाभ निजी दुकानदारों द्वारा उठाया जा रहा है। शिकायत मिलने पर कृषि अधिकारी ने आधा दर्जन खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण किया। खाद और बीज संबंधी अभिलेख चेक किए। चेतावनी दी कि अगर अधिक दाम पर यूरिया बिक्री की शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जायद की मक्का खेतों में लहलहा रही है। किसानों को यूरिया और डीएपी की आवश्यकता पड़ रही है। लेकिन पश्चिम एशिया युद्ध की वजह से शासन ने खाद की लिमिट तय कर दी है। रकबे के अनुसार ही खाद का वितरण किया जा रहा है। लेकिन किसान खाद के लिए लाइन में लगे हुए हैं।

**गर्मी से मिली राहत**

**30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से चली हवाएं, तापमान में आई गिरावट**

# अचानक बदला मौसम, दिन में अंधेरा, फिर हुई बारिश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


आसमान में छाए बादलों के बीच चमकती बिजली। ● अमृत विचार

- **तेज हवाओं और अंधेरा छाने से सड़कों पर थम गई कुछ देर के लिए वाहनों की रफ्तार**

**अमृत विचार:** जनपद में बुधवार को मौसम ने अचानक करवट ली और दिन के समय अंधेरा छा गया। तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश और बूंदाबांदी शुरू हो गई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी और लू से बड़ी राहत मिली। बारिश के बाद खिली धूप से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हो उठे थे जिससे चल रही ठंडी हवाओं ने जरुर थोड़ी राहत पहुंचाई। साथ ही तापमान में भी चार डिग्री सेल्सियस की कमी आई। अधिकतम तापमान 38 और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पिछले कई दिनों से खिल रही चटक धूप से तापमान 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। गर्मी के कारण लोगों की व्याकुलता बढ़ गई थी। सड़कों पर सुबह दस बजे के बाद से सन्नाटा पसरने लगता था। गर्मी ऐसी कि एसी और कूलर ने भी काम करना बंद कर दिया था। गर्मी की वजह से लोगों को न दिन में सुकून और न रात को चैन मिल रहा था। बुधवार को भी सुबह से ही चटक धूप खिली थी। धूप खिलने पर गर्मी अधिक बढ़ गई। लोग पसीने से तर हो गए। नौ बजे के बाद अचानक से मौसम में बदलाव होना शुरू हुआ। आसमान में बादल छा गए। देखते ही देखते अंधेरा छा गया। कुछ ही देर में बारिश होने लगी। साथ ही 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलने लगीं। दस से 15 मिनट के बाद बारिश रुक गई। तेज गति से चल रहीं हवाएं बादलों को अपने साथ बहा ले गईं। हवाएं चलने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। वहीं देहात क्षेत्र में कहीं तेज तो कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हुई। जिससे किसान खुश नजर आए। हल्की बारिश से मक्का की फसल को लाभ हुआ। मौसम में आए परिवर्तन से तापमान में भी कमी देखी गई। कृषि अधिकारियों के मुताबिक बुधवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कृषि अधिकारियों के मुताबिक गुरुवार को भी ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है। आसमान में बादल छाए रह सकते हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है।

# किसानों को अब रकबे के आधार पर मिलेगी खाद

## उर्वरक वितरण को पारदर्शी बनाने के लिए पहल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- नई व्यवस्था खरीफ सीजन से, उर्वरक वितरण के लिए तैयार हो रहा सॉफ्टवेयर

**अमृत विचार:** रासायनिक उर्वरक वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए सहकारिता विभाग की ओर से नई पहल शुरू की जा रही है। अब किसानों को रकबे के आधार पर उर्वरक वितरण किया जाएगा। जिसकी एप के माध्यम से निगरानी भी होगी। नई व्यवस्था को खरीफ सीजन में शुरू किया जाएगा। इसके लिए सॉफ्टवेयर को विकसित किया जा रहा है।

जिले में करीब सवा पांच लाख हेक्टेयर भूमि पर खेती होती। इनमें मुख्यतः गेहूं, धान, आलू और गन्ने की फसल प्रमुख हैं। रबी और खरीफ सीजन के दौरान उर्वरक के लिए मारामारी रहती है। किसानों की दिक्कतों को दूर करने और खाद वितरण की व्यवस्था पारदर्शी बनाने के लिए सहकारिता विभाग ने नई पहल शुरू की है। अब डिजिटल माध्यम से खाद का वितरण किया जाएगा। बी-पैक्स (सहकारी समितियों) के माध्यम से खाद वितरण के लिए विशेष सॉफ्टवेयर विकसित किया जा रहा है। इसके जरिए किसानों को रकबे के अनुसार ही खाद उपलब्ध कराया जाएगा। नए सिस्टम के तहत केवल बी-पैक्स समितियों के सदस्य किसानों को ही इसका लाभ मिलेगा। इसके लिए समितियों में सदस्यों को जोड़ा जाएगा। 15 मई से उर्वरक का वितरण पूरी तरह एप आधारित होगा। किसानों को उर्वरक लेने से तीन दिन पहले ही मेसेज और कॉल से सूचना दी जाएगी।

खरीफ सीजन शुरू होते ही खाद की मांग बढ़ने लग जाएगी। हालांकि, अब तक जनपद में पर्याप्त उपलब्धता और लिमिट तय होने के कारण किल्लत की स्थिति सामने नहीं आई है। नए आदेश के अनुसार, किसानों को प्रति हेक्टेयर एक सीजन में सात बोरी यूरिया और पांच बोरी डीएपी दी जाएगी। एआर कोआपरेटिव बृजेश सिंह परिहार के मुताबिक नई व्यवस्था से खाद वितरण में पारदर्शिता आएगी, पात्र किसानों को समय पर खाद मिल सकेगी।

## ग्राम रोजगार सेवकों ने भेजा सीएम को पोस्टकार्ड

**बिल्सी।** ब्लाक अंबियापुर क्षेत्र के ग्राम रोजगार सेवकों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड के माध्यम से ज्ञापन भेजा। जिसमें लंबित मानदेय के भुगतान एवं अन्य मांगों को शीघ्र पूरा किए जाने की मांग उठाई है।

रोजगार सेवकों का कहना है कि उन्हें पिछले 26 महीनों से मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। ज्ञापन में रोजगार सेवकों ने उल्लेख किया है कि वे उत्तर प्रदेश के स्थायी निवासी हैं और लंबे समय से ग्राम पंचायतों में विभिन्न सरकारी योजनाओं का संचालन कर रहे हैं, लेकिन मानदेय के अभाव में उनके सामने परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई और इलाज जैसी मूलभूत जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि शासन स्तर से लगातार कार्य का दबाव बनाया जा रहा है, जबकि कार्य निष्पादन के लिए मोबाइल, टैबलेट, लैपटॉप और डाटा रिचार्ज जैसी सुविधाओं की आवश्यकता होती है, जिसका खर्च उन्हें स्वयं वहन करना पड़ता है। मानदेय न मिलने के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है और योजनाओं के क्रियान्वयन में भी बाधाएं आ रही हैं। रोजगार सेवकों ने मुख्यमंत्री से कंटीन्जेसी व्यवस्था समाप्त कर नियमित मानदेय 24 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित करने तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि योजनाओं का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके। इस दौरान जिलाध्यक्ष शेर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, महामंत्री मुनीश पाठक सहित सुरजीत, डोरीलाल आदि मौजूद रहे।

## दानवीर भामाशाह जयंती पर मरीजों को वितरित किए फल



जिला अस्पताल में मरीज को फल वितरित करते श्री भगवा सेना के संस्थापक ध्रुवदेव गुप्ता। ● अमृत विचार

**बदायूं, अमृत विचार :** दानवीर भामाशाह जयंती के उपलक्ष्य ने श्री भगवा सेना के संस्थापक ध्रुवदेव गुप्ता, संरक्षक सर्वेश चंद्र गुप्ता के नेतृत्व में जिला पुरुष अस्पताल में मरीजों और उनके तीमारदारों को फल वितरित किए गए।

संगठन के संस्थापक ने कहा कि दानवीर शिरोमणि भामाशाह को जितनी बार याद किया जाए वह कम है। वैश्य समाज में विभिन्न खंडों, उपखंडों में अनेकों उपवर्ग हैं। जिनके अलग-अलग पूर्वज हैं। सभी का सम्मान और अमर गाथाओं का एक स्वर्णिम इतिहास रहा है। इसलिए वैश्य समाज को विभिन्न वर्गों और उपवर्गो में बंटकर नहीं रहना चाहिए। वैश्य एकता का परचम लहराने के लिए एकजुटता से खड़ा होना होगा। वैश्य समाज से जुड़े हर व्यक्ति जो किसी वर्ग, उपवर्ग से हो और उस पर शोषण अत्याचार हो तो उसका साथ देना चाहिए। गांव कटीन्ना बरचऊ के प्रधान मनोज गुप्ता ने कहा दानवीर भामाशाह जयंती अलग-अलग जगह पर अलग तिथि में मनाई जाती है। जब भी भामाशाह के नाम पर कोई भी कार्यक्रम होगा वैश्य समाज एकत्रित रहेगा। संरक्षक ने कहा कि दानवीर भामाशाह ने अपना संपूर्ण धन महाराणा प्रताप को समर्पित कर समाज को एक पहचान दी। डॉ. स्पर्श शर्मा, सर्वेश चंद्र गुप्ता, ऋषभ गुप्ता, आर्यांश गुप्ता, अमन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## किशोरी और युवती को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत :** थाना न्यूरिया क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर दी कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री को ग्राम दियोहा निवासी गगन 28 अप्रैल को दोपहर एक बजे फुसलाकर ले गया। पुत्री घर में रखे जेवरात और 40 हजार रुपये ले गई। इधर, थाना सुनगढी क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री को 28 अप्रैल की सुबह बरेली के बीसलपुर चौराहा निवासी आकाश पुत्र अनिल फुसलाकर ले गया।


### सूचना

सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स रूद्र इण्टर प्राइजेज गुलमर्ग कालोनी चिनौर शाहजहाँपुर यूपी 242001 (पंजीकरण सं. : SHA/0018792) फर्म में 02 साझेदार- पूजा गुप्ता व वरूण दीक्षित थे, साझेदारों की रजामन्दी से दिनांक 28.04.2026 को फर्म में एक नये साझेदार साजिद खान शामिल किये गये है। एक साझेदार बरूण दीक्षित ने अपनी स्वेच्छा से 28.04.2026 को अवकाश ग्रहण करके फर्म से अलग हो गये है। अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब चुकता हो गया। अब फर्म में कुल 02 साझेदार पूजा गुप्ता व साजिद खान है। फर्म में एवं साझेदारों में कोई विवाद नहीं है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी है।

पूजा गुप्ता
साझेदार

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (वरि. प्रभाग), बरेली**
**मूलवाद सं. 736 सन् 2025**

आसिफ हुसैन खां बनाम श्रीमती रजिया बेगम आदि प्रतिवादी सं.-3 श्रीमती शहाना सिराज पत्नी सिराज उद्दीन निवासी 13/3 स्वालेनगर, किला रामपुर रोड, बरेली।

आप प्रतिवादी सं.-3 को सूचित किया जाता है कि वादीगण उपरोक्त ने उपरोक्त न्यायालय के समक्ष आपके विरूद्ध घोषणात्मक एवं निषेधाज्ञा वाद दायर किया है। अतः आप प्रतिवादी सं.-3 उक्त वाद में अपना लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहते हो तो अपना लिखित कथन स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 20.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे उपरोक्त न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें व सुनवाई में भाग लेने हेतु उपरोक्त न्यायालय में उपस्थित हो। अन्यथा उक्त तिथि उपरोक्त को वाद का निस्तरण वादीगण को आपके विरूद्ध एक पक्षीय रूप से सुनकर कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 27.04.2026 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया।

आदेशानुसार-मुन्सरिम
न्यायालय सिविल जज (वरिष्ठ प्रभाग), बरेली।

### कार्यालय नगर पंचायत बण्डा जनपद-शाहजहाँपुर

पत्रांक : 421/न.पं.ब./मु.न.स.यो./ई-निविदा/26-27 दिनांक : 29.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी के द्वारा मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर पोर्टल पर दर्शाये गये कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. वेबसाईट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि 05.05.2026 सयम प्रातः 10:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय 22.05.2026 को 2:00 बजे अपरान्ह तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 22.05.2026 को 3:00 बजे अपरान्ह तक।
4. निविदा आमन्त्रणकर्ता को आईटीबी के क्लाज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी व ई-निविदा की शर्तों/नियमों के लिए कृपया वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर लाग इन करें, तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(अजय सिंह) अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बण्डा शाहजहाँपुर
(मो. इसहाक) अध्यक्ष नगर पंचायत बण्डा शाहजहाँपुर

### उ.प्र.आवास एवं विकास परिषद

कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक 122, सिविल लाइन्स, बरेली।

**सर्व साधारण को सूचना**

परिषद की सिविल लाइन्स यो०सं०-4, बरेली में स्थित अ०आ०वर्ग भवन सं0-12 श्री सूरज पाल पुत्र श्री गिरवर राम को आवंटित किया गया था। श्री सूरज पाल पुत्र श्री गिरवर राम द्वारा अपने पक्ष में परिषद से विक्रय विलेख निष्पादित कराने के उपरान्त भवन का विक्रय श्रीमती रागिनी अग्रवाल पत्नी श्री राजेश अग्रवाल को कर दिया गया। श्रीमती रागिनी अग्रवाल पत्नी श्री राजेश अग्रवाल द्वारा अपने पक्ष में बिना अन्तरण कराये भवन का विक्रय श्री विनोद कुमार पाण्डेय पुत्र स्व० श्री भैरव दत्त पाण्डेय व श्रीमती मंजू पाण्डेय पत्नी श्री विनोद कुमार पाण्डेय को संयुक्त रूप से कर दिया गया। श्री विनोद कुमार पाण्डेय पुत्र स्व० श्री भैरव दत्त पाण्डेय व श्रीमती मंजू पाण्डेय पत्नी श्री विनोद कुमार पाण्डेय द्वारा भी अपने पक्ष में बिना अन्तरण कराये भवन का विक्रय श्री मानस खण्डेलवाल पुत्र श्री कृष्ण कुमार खण्डेलवाल को कर दिया गया। श्री मानस खण्डेलवाल पुत्र श्री कृष्ण कुमार खण्डेलवाल द्वारा उक्त भवन पर ऋण लेने हेतु बैंक ऑफ बडौदा, बरेली के पास बन्धक रखा था। श्री मानस खण्डेलवाल पुत्र श्री कृष्ण कुमार खण्डेलवाल द्वारा बैंक का ऋण न देने के कारण बैंक ऑफ बडौदा, बरेली द्वारा भवन की ई-नीलामी दिनांक 16.03.2026 को की गयी। जिसे श्री जितेन्द्र पसरीचा पुत्र श्री पृथ्वी पाल सिंह द्वारा ई-नीलामी में प्रतिभाग कर उक्त भवन को क्रय कर लिया गया। अब श्री जितेन्द्र पसरीचा द्वारा अवगत कराया गया है कि पूर्व विक्रेताओं का अता-पता नहीं है जिस कारण मैं उनके कोई भी प्रपत्र कार्यालय में प्रस्तुत करने में असमर्थ हूं। इस हेतु जो भी कार्यवाही हो मैं करने को तैयार हूं तथा उक्त भवन को अपने पक्ष में अन्तरण कराने हेतु ऑनलाईन प्रार्थना पत्र के माध्यम से परिषद नियमानुसार प्रपत्र कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं।

अतः एतद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद की सिविल लाइन्स यो०सं०-4, बरेली में स्थित अ०आ०वर्ग भवन सं0-12 का अन्तरण श्री जितेन्द्र पसरीचा पुत्र श्री पृथ्वी पाल सिंह के पक्ष में किया जाना है। अ०आ०वर्ग भवन सं0-12 के अन्तरण में किसी प्रकार की यदि किसी व्यक्ति / ऋणदायी संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर कार्यालय में साक्ष्य सहित आपत्ति दाखिल कर सकते हैं। समय सीमा व्यतीत हो जाने के उपरान्त किसी भी आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा तथा तदनुसार सम्पत्ति का अन्तरण श्री जितेन्द्र पसरीचा पुत्र श्री पृथ्वी पाल सिंह के पक्ष में करने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। **आज्ञा से सम्पत्ति प्रबन्धक**

### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बरेली।

कार्यालय का पता :-विकास भवन, बरेली।

(ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा)

पत्रांक :- 256 /ग्रा0अ0वि0/निविदा/2026-27/दिनांक :- 18.04.20206

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं प्रतिशत दर में श्रेणी ए0/बी0/सी0/डी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है :-

1. तालिका के अनुसार कार्यों का विवरण :-

| क0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख मे) (जीएसटी सहित) | धरोहर धनराशि (विड सिक्योरिटी) (रूपये मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सम्मिलित करते हुये) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | बरेली | ग्राम शिवपुरी में सिरौली मार्ग पर स्थित श्री ब्रम्हदेव महाराज पर श्री कैलाश बाबा रामगंगा सेतु मीरगंज मार्ग के पास श्री श्री 1008 श्री कैलाश गिरि महाराज द्वार का निर्माण कार्य। (वि0नि0-मझगवां) | 15.217 | 0.305 | 854.00 | 03 माह |
| 02 | बरेली | ग्राम अनिरूद्धपुर में सामुदायिक केन्द्र (सदभावना मण्डप) का निर्माण कार्य। (वि0नि0-मझगवां) | 24.990 | 0.500 | 2354.00 | 03 माह |

2. आनलाइन निविदा उपलब्धता का दिनांक : 02.05.2026
3. आनलाइन निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 01.06.2026 मध्याहन 12.00 वजे तक
4. आनलाइन निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 01.06.2026, अपरान्ह 12.30 वजे तक
5. अधोहस्ताक्षरी को आई वी टी क्लाज 9 के अनुसार अपरिहार्य परिस्थिति मे निविदा में आनलाइन संशोधन पत्र जारी करने का अधिकार प्राप्त है, जिसे किसी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा ,जिसकी जानकारी आनलाइन प्राप्त की जा सकेगी, अतएव समस्त निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि नियिमित रूप से निविदा पोर्टल पर जानकारी प्राप्त करते रहें।

अधिक जानकारी के लिये https://etender.up.nic.in लागिन करें एवं विड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करें।

UP-250589 दिनांक 28.04.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(विनय कुमार शर्मा) अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-बरेली। राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोनिवि बदायूं।

पत्रांक :-1091/निविदा/2025-26 दिनांक-20/04/2026

अल्पकालिक ई-निविदा आमंत्रण सूचना

1- महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बदायूँ के क्षेत्रान्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई-निविदा प्रतिशत दरो पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र साईट/पोर्टल पर दिनांक 01.05.2026 से दिनांक 08.05.2026 मध्यान्ह 12.00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं तकनीकी बिड दिनांक 08.05.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0) | बिड सिक्युरिटी (लाख रू0) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Reconstruction of Boundary wall around Type-V residential campus situated near District Judge residential premises at District Court | 30.70 | 3.10 | 944 | 2 माह | ए0बी0सी0डी0 (भवन कार्य) |
| 2 | कार्य का नाम- प्रोजेक्ट अंलकार योजना के अन्तर्गत पी0एम0श्री0 राजकीय कन्या इण्टर कालेज, बदायूं की मरम्मत का कार्य। | 19.50 | 2.00 | 944 | 3 माह | ए0बी0सी0डी0 (भवन कार्य) |
| 3 | कार्य का नाम- प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत पी0एम0 श्री राजकीय इंटर कालेज बदायूं की मरम्मत का कार्य। | 1.90 | 0.20 | 678 | 2 माह | ए0बी0सी0डी0 (भवन कार्य) |
| 4 | जनपद बदायूं के कलेक्ट्रेट परिसर में बने वीडियोकान्फ्रेसिंग भवन में उपयोगार्थ पृथक से शौचालय का निर्माण कार्य। | 1.70 | 0.20 | 678 | 2 माह | ए0बी0सी0डी0 (भवन कार्य) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन किया जा सकता है।

UP-250611 दिनांक 28.04.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(नरेश कुमार) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बदायूँ

### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बरेली।

कार्यालय का पता :-विकास भवन, बरेली।

(ई-प्रोक्योरमेन्ट द्वितीय निविदा सूचना)

पत्रांक :-259/ग्रा0अ0वि0/निविदा/2026-27/दिनांक :- 18.04.2026

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं प्रतिशत दर में श्रेणी ए0/बी0/सी0/डी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है :-

1. तालिका के अनुसार कार्यों का विवरण :-

| क0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख मे) (जीएसटी सहित) | धरोहर धनराशि (विड सिक्योरिटी) (रूपये मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सम्मिलित करते हुये) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | बरेली | ग्राम शिवपुरी में बारातघर की बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य (वि0नि0-मझगवा) | 12.025 | 24100.00 | 854.00 | 03 माह |

2. आनलाइन निविदा उपलब्धता का दिनांक : 02.05.2026
3. आनलाइन निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 18.05.2026 मध्याहन 12.00 वजे तक
4. आनलाइन निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 18.05.2026, अपरान्ह 12.30 वजे तक
5. अधोहस्ताक्षरी को आई वी टी क्लाज 9 के अनुसार अपरिहार्य परिस्थिति मे निविदा में आनलाइन संशोधन पत्र जारी करने का अधिकार प्राप्त है, जिसे किसी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा ,जिसकी जानकारी आनलाइन प्राप्त की जा सकेगी, अतएव समस्त निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि नियिमित रूप से निविदा पोर्टल पर जानकारी प्राप्त करते रहें।

अधिक जानकारी के लिये https://etender.up.nic.in लागिन करें एवं विड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करें।

UP-250588 दिनांक 28.04.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(विनय कुमार शर्मा) अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-बरेली। राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

### कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली

अल्पकालीन ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

पत्रांक : 36/मु.अभि./नि.वि./2025-26 दिनांक 29.04.26

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं.-3890/नौ -5 -149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यो हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदाएं अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई - प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की बेवसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

| 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत पुनः ई-निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं. 01 से 06 तक) | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 30.04.2026 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 30.04.2026 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 07.05.2026 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 07.05.2026 - (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

कार्यो का विवरण, नियम व शर्ते नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, बरेली

### कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम उपखण्ड, बनबसा हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश के बनबसा जिला चम्पावत में वर्ष 2026-2027 (एक वर्ष) के लिये शारदा बैराज से मछली पकड़ने की नीलामी दिनांक 06.05.2026 को अपराहन 1.00 बजे सहायक अभियन्ता, प्रथम उपखण्ड, बनबसा के कार्यालय प्रांगण में अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई निर्माण खण्ड, लोहाघाट या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में की जायेगी। सबसे ऊंची बोली बोलने वाले को बोली की सम्पूर्ण धनराशि बोली समाप्त होने पर तुरन्त जमा करनी होगी। सम्पूर्ण धनराशि जमा न करने पर उनके द्वारा जमा जमानत राशि जप्त कर ली जायेगी। प्रत्येक बोली बोलने वाले को बोली बोलने से पूर्व नियमानुसार जमानत राशि की एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अभियन्ता हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के नाम बंधक होगी जमा करनी होगी। नीलामी स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली को होगा। नीलामी से सम्बन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। इस तिथि को अवकाश होने पर नीलामी निर्धारित समय पर अगले कार्य दिवस में की जायेगी। नीलामी बोली में मात्र नीलामी बोलीकर्ता ही उपस्थित रहेगे। उक्त नीलामी वर्ष 2026-2027 (एक वर्ष) के लिए की जा रही है, एवं उच्चतम बोलीदाता को नीलामी के अधिकार विगत वर्ष की नीलामी अवधि के समाप्त होने के बाद दिये जायेगे।

| कमांक | मछली की नीलामी का स्थल | धरोहर राशि | नीलामी की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | शारदा बैराज की मछली नीलामी | 25,000.00 | 06.05.2026 |
| 2. | सिल्ट इजेक्टर की मछली नीलामी | 1,000.00 | 06.05.2026 |
| 3. | नेपाल चैनल की मछली नीलामी | 1,000.00 | 06.05.2026 |

UP-250587 दिनांक 28.04.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता प्रथम उपखण्ड, बनबसा हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली

### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड, पूरनपुर-पीलीभीत

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-01/अधि0अभि0/2026-27,दिनांक-25.04.2026

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालीफिकेशन/टेक्निकल बिड व फाईनेनशिलय बिड, उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में निम्नलिखित तालिकानुसार वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक-02/05/2026 को 10:00 बजे से दिनांक-11/05/2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन ई-निविदा की प्री-क्वालीफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक-11/05/2026 को अपरान्ह 12:00 बजे से मुख्य अभियन्ता(शारदा), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ0प्र0 बरेली द्वारा गठित समिति द्वारा ऑनलाईन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने अथवा तकनीकी, दिक्कतों की स्थिति में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी। बेबसाईट पर ई-प्रक्योरमेंट प्रपत्र दिनांक-02/05/2026 को 9.00 बजे से उपलब्ध होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की लागत जी0एस0 टी0 रहित (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (हजार में) (@ 2% paid online) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मल्य (रू0 मे) (@ paid Online) (Tender fee+ G.S.T+ stationary charge) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 01 | नेहरूनगर ड्रन के कि0मी0 3.000 से किमी0 10.000 तक सफाई का कार्य। | 13.75 | 27500.00 | 20 दिवस | 225+41+500 = 766 | सी एवं उच्च |
| 02 | आन्धाताल ड्रेन के कि0मी0 0.000 से किमी0 14.100 तक सफाई का कार्य। | 26.92 | 53840.00 | 20 दिवस | 300+54+500 = 854 | बी एवं उच्च |

नोट- जी0एस0टी0 नियमानुसार ठेकेदार को देय होगी।

1. यह ई-निविदा/बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://upgov.nic.in/ सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in पर भी उपलब्ध है।
2. ई-निविदा/बिड की विस्तृत शर्तें निविदा/बिड प्रपत्र के साथ वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।

UP-250649 दिनांक 28.04.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(आशुतोष कुमार) अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड पूरनपुर-पीलीभीत

### कार्यालय सहायक अभियन्ता, प्रथम उपखण्ड, बनबसा हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सिंचाई विभाग हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के प्रथम उपखण्ड, बनबसा में स्थित अमरूद बाग की फसल बहार वर्ष 2026-2027 एवं 2027-2028 (दो वर्ष) के लिए नीलामी उनके सम्मुख अंकित तिथि को समय 12.00 बजे प्रथम उपखण्ड, बनबसा कार्यालय में अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई निर्माण खण्ड, लोहाघाट या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष किया जायेगा। जो व्यक्ति बागात की फसल खरीदने के इच्छुक हो, वे कृपया निश्चित तिथि समय व स्थल पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी हेतु निर्धारित की गई तिथि को अवकाश होने की दशा में नीलामी अगले कार्य दिवस में की जायेगी ।

| क्रमांक | बाग का नाम | क्षेत्रफल (एकड़ में) | धरोहर धनराशि | नीलामी की तिथि | फलदार वृक्षों की किस्म एवं संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शारदा बाग | 5 | 5000.00 | 06.05.2026 | आम 240 |

नोटः-

1. उपरोक्त अंकित की गई वृक्षों की संख्या में कमी बेशी हो सकती है। खरीददार पूर्व में निरीक्षण कर मौके पर वृक्षों की संख्या एवं स्थिति सुनिश्चित कर लें एवं तदानुसार ही बोली लगायें। इस सम्बन्ध में विभाग का कोई उत्तदायित्व नहीं होगा।
2. प्रत्येक बोली बोलने वाले व्यक्ति को नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व उपरोक्तनुसार धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0 के रूप में जो कि अधिशासी अभियंता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के नाम बंधक होगी, प्रथम उपखण्ड, बनबसा के कार्यालय में जमा करके टोकन प्राप्त करना होगा। केवल टोकन धारक ही नीलामी में भाग ले सकेंगे।
3. प्रथम उपखण्ड, बनबसा के कार्यालय में दिनांक 06.05.2026 को अपराहन 12:00 बजे तक टोकन प्राप्त किये जा सकेंगे। इस समय के उपरान्त कोई टोकन नहीं दिया जायेगा।
4. नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक बोलीदाता को 10 रू0 का स्टाम्प पेपर पर नीलामी की शर्ते के स्वीकार होने की लिखित सहमति देनी होगी। जो कि विभाग में टोकन प्राप्त करते समय जमा करने होंगे।
5. नीलामी हेतु टोकन प्राप्त करने के लिए पहचान-पत्र भी प्रस्तुत करना होगा, तथा कार्यालय प्रांगण में नीलामी प्रक्रिया के दौरान टोकन प्राप्त नीलाम लेने वाले व्यक्ति ही उपस्थित रह सकेगे।
6. सर्वोच्च बोली बोलने वाले को नीलामी बोली की समस्त धनराशि तत्काल जमा करनी होगी एवं उस पर देय समस्त कर तथा स्टाम्प पेपर 15 दिवस के अन्दर जमा करने होंगे। तभी नीलामी की स्वीकृति प्रदान की जायेगी ऐसा न करने पर उसके द्वारा जमा धरोहर धनराशि राजकीय हित में जब्त कर ली जायेगी।
7. अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली को बिना कारण बताये नीलामी को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
8. नीलामी की अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।
9. धरोहर धनराशि के रूप में जमा एफ0डी0आर0 की धनराशि को नीलामी की धनराशि में शामिल नहीं किया जायेगा। जिस व्यक्ति के नाम नीलामी छूटेगी उसके द्वारा जमा धरोहर धनराशि जमानत के रूप में विभाग में रहेगी। जिसमें यदि ठेकेदार द्वारा बागों को कोई क्षति पहुचांयी जाती है, तो उसी धनराशि से बसूल की जायेगी। अन्यथा फसल समाप्त होने पर वापस कर दी जायेगी।
10. उक्त नीलामी वर्ष 2026-2027, 2027-2028 (दो वर्ष) के लिए की जा रही है, एवं उच्चतम बोलीदाता को नीलामी के अधिकार विगत वर्ष अमरूद बाग की फसल बहार की नीलामी अवधि के समाप्त होने के बाद दिये जायेगे।

UP-250585 दिनांक 28.04.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता, प्रथम उपखण्ड, बनबसा हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली

# गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण में गूंजा जय गंगा मैया

## हरदोई की धरती बनी ऐतिहासिक उत्साह की साक्षी, भीषण गर्मी के बावजूद समारोह में उमड़ा जनसैलाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/हरदोई



हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण समारोह के पंडाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी को देखने के लिए भारी संख्या में पहुंची लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचारः** हरदोई की धरती बुधवार को उस समय ऐतिहासिक उत्साह की साक्षी बन गई, जब नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण समारोह में मंच पर पहुंचे। उनके आगमन के साथ ही पूरा पंडाल एक साथ खड़ा हो गया, मानो किसी संकेत का इंतजार हो और फिर अचानक वातावरण भारत माता की जय, जय श्रीराम, हर-हर गंगे और गंगा मैया की जय के नारों से गूंज उठा।

भीषण गर्मी के बावजूद हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों के जोश में कोई कमी नहीं थी। दूर-दराज के जिलों से आए लोग सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर डटे रहे थे। जैसे ही दोनों नेता मंच पर दिखाई दिए, भीड़ में लहर-सी दौड़ गई। 'मोदी-मोदी' और 'योगी-योगी' के नारे पूरे मैदान में गूंजते रहे, जिनकी प्रतिध्वनि मंच तक साफ सुनाई दे रही थी। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने भी इस आत्मीय स्वागत का जवाब मुस्कुराकर और हाथ जोड़कर दिया। कई बार उन्होंने हाथ हिलाकर अभिवादन किया, तो भीड़ और ज्यादा उत्साहित होकर नारे लगाने लगी। मंच पर मौजूद अन्य अतिथियों ने भी जनता का अभिवादन कर इस जनसमर्थन को नमन किया।

कार्यक्रम स्थल का दृश्य किसी बड़े उत्सव से कम नहीं था। हर दिशा में लोगों की भीड़, हाथों में मोबाइल फोन, और चेहरों पर उत्साह हर कोई इस ऐतिहासिक पल को अपने तरीके से कैद करना चाहता था। कई लोग मंच की ओर हाथ उठाकर अभिवादन कर रहे थे, तो कुछ अपने बच्चों को कंधे पर बैठाकर यह दृश्य दिखा रहे थे।

गंगा एक्सप्रेस-वे का यह लोकार्पण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभावनाओं का जीवंत प्रदर्शन बन गया। विकास और आस्था का ऐसा संगम कम ही देखने को मिलता है, जहां एक ओर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर की उपलब्धि है तो दूसरी ओर गंगा मैया के प्रति गहरी श्रद्धा भी झलक रही थी। इस पूरे आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि गंगा एक्सप्रेसवे केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि लोगों की आकांक्षाओं, उम्मीदों और विकास के सपनों से जुड़ा हुआ एक बड़ा प्रतीक बन चुका है।

जैसे-जैसे कार्यक्रम आगे बढ़ता

# प्रधानमंत्री मोदी ने देखा यूपी का 'ग्रोथ मैप'

- मुख्यमंत्री ने एक्सप्रेस-वे नेटवर्क की दी विस्तृत जानकारी, प्रधानमंत्री ने की सराहना
- यूपीडा की प्रदर्शनी में कनेक्टिविटी से समृद्धि तक का ब्लूप्रिंट दिखा



उत्तर प्रदेश के विकास संबंधी प्रदर्शनी को देखते प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार, लखनऊ/हरदोई :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण अवसर पर उत्तर प्रदेश के विकास के भविष्य की झलक देखी। कार्यक्रम स्थल पर यूपीडा द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में प्रदेश के एक्सप्रेसवे नेटवर्क, औद्योगिक संभावनाओं और सांस्कृतिक विरासत का समग्र प्रस्तुतीकरण किया गया।

योगी आदित्यनाथ ने स्वयं प्रधानमंत्री को एक्सप्रेसवे नेटवर्क की रणनीतिक उपयोगिता, कनेक्टिविटी और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने इस व्यापक प्लानिंग को 'नए उत्तर प्रदेश' की आधारशिला बताते हुए इसकी सराहना की। प्रदर्शनी में प्रयागराज महाकुंभ संगम, महात्मा बुद्ध की प्रतिमा, मंदिरों की झांकियां और प्रतापगढ़ के पक्षी अभयारण्य जैसे दृश्य आकर्षण का केंद्र रहे। इससे यह संदेश गया कि विकास के साथ संस्कृति को भी समान महत्व दिया जा रहा है।प्रदर्शनी में गंगा एक्सप्रेस-वे से जुड़े 12 जिलों, कनेक्टिविटी और निर्माण प्रक्रिया को विस्तार से दिखाया गया। यह स्पष्ट किया गया कि यह परियोजना केवल यात्रा को आसान नहीं बनाएगी, बल्कि क्षेत्रीय संतुलित विकास को भी गति देगी।

# तेजी से जमीन पर उतर रहीं बड़ी परियोजनाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट और इंफ्रास्ट्रक्चर से बदली प्रदेश की पहचान
- 'कंप्लीट पैकेज मॉडल' के तहत तेजी से पूरी हो रहीं विकास की योजनाएं



**अमृत विताः** योगी सरकार ने यह साबित किया है कि विकास का अर्थ केवल योजनाओं की घोषणा नहीं, बल्कि उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करना है। राज्य में 'कंप्लीट पैकेज मॉडल' के तहत शिलान्यास से लेकर उद्घाटन तक हर परियोजना को तेजी से जमीन पर उतारा गया है।

गंगा एक्सप्रेस-वे इसका ताजा उदाहरण है, जिसका शिलान्यास 18 दिसंबर 2021 को हुआ और 29 अप्रैल 2026 को इसे जनता को समर्पित कर दिया गया। इसी तरह जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन भी रिकॉर्ड समय में किया गया, जिससे यूपी देश का पहला राज्य बन गया, जहां पांच अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट विकसित हो चुके हैं।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे (2018–2021) और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे (2020–2022) जैसे प्रोजेक्ट समय से पूरे हुए। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का उद्घाटन जून 2025 में हुआ, जबकि लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे भी अंतिम चरण में है। इन परियोजनाओं के चलते देश के एक्सप्रेसवे नेटवर्क में यूपी की हिस्सेदारी लगभग 60% तक पहुंच गई है। लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट और यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के जरिए प्रदेश रक्षा उत्पादन में भी मजबूत भूमिका निभा रहा है। इन सभी उपलब्धियों ने उत्तर प्रदेश को 'बीमारू' राज्य की छवि से बाहर निकालकर तेजी से विकसित हो रहे राज्य के रूप में स्थापित किया है।

### योगी मॉडल की विशेषताएं

- शिलान्यास से उद्घाटन तक समयबद्ध कार्य
- तकनीक आधारित मॉनिटरिंग और जवाबदेही
- इंफ्रास्ट्रक्चर से निवेश और रोजगार को बढ़ावा
- पिछड़े क्षेत्रों तक विकास की पहुंच

**एयरपोर्ट और मेट्रो में बड़ी छलांगः** 2017 से पहले जहां केवल दो एयरपोर्ट थे, वहीं अब प्रदेश 21 एयरपोर्ट के नेटवर्क की ओर बढ़ रहा है। अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और एक साथ पांच नए एयरपोर्ट का उद्घाटन इसकी मिसाल है। मेट्रो और रैपिड रेल परियोजनाओं में भी तेजी आई है- आगरा मेट्रो और मेरठ मेट्रो शुरू हो चुकी हैं, जबकि अन्य शहरों में विस्तार की योजना है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रवक्ता भर्ती परीक्षा 9-10 मई को

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने प्रवक्ता भर्ती परीक्षा (विज्ञापन संख्या-02/2022) की तिथि घोषित कर दी है। 624 पदों के लिए लिखित परीक्षा 9 और 10 मई 2026 को आयोजित की जाएगी। इसमें 4,64,605 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा प्रदेश के 17 जिलों के 319 केंद्रों पर दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9 :30 से 11 :30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 :30 से 4 :30 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज, आजमगढ़, बरेली, बस्ती, बांदा, अयोध्या, गोरखपुर, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ, मीरजापुर, मुरादाबाद, सहारनपुर और वाराणसी में आयोजित होगी। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार के अनुसार, अभ्यर्थियों को परीक्षा जनपद की जानकारी 30 अप्रैल से आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। प्रवेश पत्र 6 मई से डाउनलोड किए जा सकेंगे।

### पर्यटन विकास को कई परियोजनाएं मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिजनौर और बलरामपुर जिलों में पर्यटन विकास को गति देने के लिए कुल 16.95 करोड़ रुपये की 15 परियोजनाएं स्वीकृत की हैं। इन परियोजनाओं के तहत धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। बिजनौर में 9.09 करोड़ रुपये की 8 परियोजनाएं मंजूर हुई हैं। इनमें संत रविदास मंदिर, उमा महेश आश्रम और झंडेवाला बाबा मंदिर के विकास कार्य शामिल हैं, जबकि ऐतिहासिक बिदुर कुटी के समेकित विकास के लिए 4 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं बलरामपुर में 7.86 करोड़ रुपये की सात परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

### राज्य वन सेवा संघ के अध्यक्ष बने जगदंबिका

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य वन सेवा संघ की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। अध्यक्ष पद पर जगदंबिका प्रसाद श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष पद पर ज्ञान सिंह और महामंत्री/कोषाध्यक्ष पद पर अनुराग तिवारी का चयन हुआ। संयुक्त सचिव के रूप में सतेंद्र तोमर तथा सदस्य के रूप में आर्शी मलिक, चंदन चौधरी और विनीत कुमार सिंह को चुना गया है। ओम प्रकाश सिंह (सेवानिवृत्त डीएफओ) को संरक्षक नामित किया गया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने बताया कि लंबे समय से महाधिवेशन न होने और पूर्व पदाधिकारियों के सेवानिवृत्त हो जाने से कार्यकारिणी सक्रिय नहीं थी, जिससे संगठनात्मक गतिविधियां प्रभावित हो रही थीं।

# एटीएस न होने पर अब जिले में ही फिटनेस जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के वाहन स्वामियों को राहत देते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) ने नई गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत जिन जिलों में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) स्थापित नहीं हैं या निर्माणाधीन हैं, वहां अब वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र संबंधित जिले में ही परिवहन विभाग के अधिकारी जारी कर सकेंगे।

यह निर्णय परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह के अनुरोध पर लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक ऐसे जिलों के वाहन स्वामियों को फिटनेस जांच के लिए दूसरे जिलों में स्थित एटीएस तक जाना पड़ता था। नई व्यवस्था लागू होने से यह सुविधा अपने ही जनपद में उपलब्ध हो सकेगी।

प्रदेश में वर्तमान में 26 जिलों में 31 एटीएस संचालित हैं, जहां वाहनों की फिटनेस जांच की जा रही है। वहीं 17 नवंबर 2025 से जिन जिलों में एटीएस निर्माणाधीन हैं, वहां के वाहनों की जांच नजदीकी जिलों में कराई जा रही थी।

परिवहन मंत्री के अनुसार, प्रदेश के 40 जिलों में एटीएस निर्माण कार्य प्रगति पर है और इन्हें तय समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विधानमंडल का विशेष सत्र आज हंगामे के आसार
- पक्ष-विपक्ष आमने-सामने, महिला विधायकों की भूमिका अहम



**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का एक दिवसीय विशेष सत्र गुरुवार को हंगामेदार रहने के आसार हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े संशोधन विधेयक के लोकसभा में गिरने के मुद्दे पर योगी सरकार सदन में निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी में है, जबकि विपक्ष इसके खिलाफ जोरदार विरोध की रणनीति बना चुका है।

सूत्रों के अनुसार, सुबह 11 बजे सत्र शुरू होने से पहले भाजपा गठबंधन के विधायकों और मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी विधायक दल की बैठकें होंगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी। भाजपा ने इस सत्र में महिला सशक्तीकरण को प्रमुख मुद्दा बनाते हुए महिला मंत्रियों और विधायकों को अग्रिम भूमिका देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से महिलाओं के लिए किए गए कार्यों और योजनाओं को सदन में प्रमुखता से रखा जाएगा।

### निंदा प्रस्ताव पर टकराव तय

सरकार का मानना है कि संशोधन विधेयक को गिराना विपक्ष की महिला विरोधी सोच को दर्शाता है और इसी आधार पर निंदा प्रस्ताव पारित कराने की तैयारी है। वहीं मुख्य विपक्षी दल सपा ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया है कि सरकार स्वयं महिला आरक्षण लागू करने में देरी कर रही है। विपक्ष इस मुद्दे को लेकर सदन में सरकार को घेरने की तैयारी में है।

### कई मुद्दों पर होगी बहस

सत्र के दौरान महिला आरक्षण के क्रियान्वयन, परिसीमन और प्रतिनिधित्व जैसे मुद्दों पर तीखी बहस होने की संभावना है। दोनों पक्षों की महिला विधायक इस बहस में प्रमुख भूमिका निभाएंगी, जिससे सदन में राजनीतिक गर्माहट और बढ़ने के आसार हैं।

### सपा का 'अति निंदा प्रस्ताव'

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने विशेष सत्र से पहले 'अति निंदा प्रस्ताव' जारी कर सियासी हलचल बढ़ा दी। उन्होंने केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया। अखिलेश ने कहा कि भाजपा परिसीमन के जरिए चुनावी लाभ लेना चाहती है, जबकि विपक्ष ने महिला आरक्षण का समर्थन किया है।

### विधान परिषद में भी होगी चर्चा

विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को विधान परिषद की कार्य परामर्शदात्री समिति की बैठक में गुरुवार के एजेंडे पर चर्चा की गई। बैठक में 'नारी सशक्तिकरण' विषय पर नियम-59(9) के तहत लोकहित में अनवरत चर्चा का प्रस्ताव पारित किया गया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

सियासी सरगर्मियों के बीच आज का विशेष सत्र न केवल महिला आरक्षण के मुद्दे पर बहस का मंच बनेगा, बल्कि पक्ष-विपक्ष के बीच राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन का भी केंद्र रहेगा।

# ईंधन अधिभार में 1.52 फीसदी कटौती

- बिजली उपभोक्ताओं को राहत, मई में 118 करोड़ रुपये का मिलेगा लाभ

**अमृत विचार, लखनऊः** मई माह में प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को ईंधन अधिभार शुल्क में राहत मिलेगी। अधिभार में 1.52 प्रतिशत की कटौती की गई है, जिससे उपभोक्ताओं को करीब 118 करोड़ रुपये का लाभ होगा।

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि परिषद उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है और अनुचित वसूली के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि फरवरी माह में 10 प्रतिशत अधिक वसूली और औसत बिलिंग दर के आधार पर किए गए बिलों के मुद्दे पर परिषद अपनी लड़ाई जारी रखेगी। परिषद का उद्देश्य उपभोक्ताओं को न्याय दिलाना और किसी भी प्रकार की अनुचित वसूली को रोकना है।

परिषद के अनुसार, प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 51 हजार करोड़ रुपये से अधिक का सरप्लस बकाया है। ऐसे में मांग की गई है कि इसी अधिशेष के आधार पर उपभोक्ताओं को राहत दी जाए। साथ ही, यह भी सुझाव दिया गया है कि यदि भविष्य में ईंधन अधिभार बढ़ाने की स्थिति बनती है, तो अतिरिक्त बोझ सीधे उपभोक्ताओं पर न डालकर अधिशेष राशि से समायोजित किया जाए। परिषद ने नियामक आयोग से मौजूदा फॉर्मूले की समीक्षा कर उसे उपभोक्ता हित में संशोधित करने की मांग भी की है, ताकि अनावश्यक बढ़ोतरी पर रोक लगाई जा सके।

# अंश निर्धारण में बहराइच बना मॉडल

- मुख्यमंत्री योगी के राजस्व सुधार अभियान को मिली गति

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में भूमि संबंधी कार्यों को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए चल रहे प्रदेश सरकार के अंश निर्धारण अभियान में बहराइच जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। निर्धारित समय सीमा के भीतर 99.6 प्रतिशत मामलों का निस्तारण कर एक नई मिसाल कायम की है।

सरकार की प्राथमिकता वाले इस अभियान के तहत बहराइच जिला प्रशासन ने गांव-गांव जाकर अंश निर्धारण की प्रक्रिया को गति दी। राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों ने किसानों एवं भूमिधरों के बीच विवादित हिस्सों का सत्यापन कर रिकॉर्ड को अपडेट किया, जिससे वर्षों से लंबित मामलों का समाधान संभव हो सका। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि नियमित समीक्षा, जिम्मेदारी तय करने और समयबद्ध लक्ष्य निर्धारण के कारण यह उपलब्धि हासिल हुई। बहराइच का यह मॉडल अन्य जिलों में भी लागू किए जाने की दिशा में देखा जा रहा है, जिससे पूरे प्रदेश में भूमि रिकॉर्ड को अधिक पारदर्शी और विवादमुक्त बनाया जा सके।

# उन्नाव: सड़क हादसे में एक ही परिवार 6 की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- मुख्यमंत्री ने घटना पर जताया दुख, अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचारः** उन्नाव के बिहार थानांतर्गत बक्सर-सुमेरपुर मार्ग पर बुधवार सुबह ओवर टेक के दौरान हुए सड़क हादसे में बोलेरो सवार एक ही परिवार की चार महिलाओं सहित छह लोगों की जान चली गई। वहीं दंपति समेत चार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए घायलों के बेहतर उपचार के आदेश जिला प्रशासन को दिए हैं।

मौरावां थानाक्षेत्र के अकोहरी गांव के मजरा पठई निवासी सूरज पुत्र नरेंद्र सिंह मां गीता, पत्नी भारती, चाची बिटान, बहन ज्योति, सुनीता, पड़ोसी अर्चना, भांजे आनंद व भांजी गौरी के साथ तीन वर्षीय बेटे शुभ का मुंडन कराने मां चंद्रिका देवी धाम बक्सर गए थे। जहां से सभी बुधवार को बोलेरो से लौट रहे थे। जिसे सूरज के गांव का निवासी रामधनी चला रहा था। तभी बिहार थानांतर्गत सुमेरपुर मार्ग पर ओवरटेक के दौरान पहले डंपर फिर ट्रक की टक्कर हुई और दोनों वाहन सड़क किनारे खंती में पलट गए। इससे बोलेरो में फंसे लोगों में चीखपुकार मच गई।

बिहार व बारासगवर थानाक्षेत्र की पुलिस ने वाहन को कटर से कटवाकर घायलों को अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने गीता, बिटान, ज्योति, सुनीता, अर्चना व रामधनी को मृत घोषित कर दिया। वहीं सूरज, भारती, आनंद व गौरी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डीएम घनश्याम मीना, क्षेत्रीय विधायक अनिल सिंह व एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव सहित अन्य अफसरों ने दुखी परिजनों को ढांढस बंधाया। सीओ मधुपनाथ मिश्रा ने बताया कि शवों के पोस्टमार्टम कराए जा रहे हैं। ओवरटेक के दौरान हादसा होने की बात सामने आई है। घटना की जांच की जा रही है।

# चार आवासीय योजनाओं के लिए भूमि खरीद को मंजूरी

## आवास विकास की बोर्ड बैठक में 4173.65 करोड़ रुपये का बजट पास, अयोध्या के लिए सबसे ज्यादा धनराशि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




**अमृत विचार :** प्रमुख सचिव आवास पी. गुरुप्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित उप्र. आवास एवं विकास परिषद की 275वीं बोर्ड बैठक में मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 4173.66 करोड़ रुपये का बजट पास कर दिया गया।

सबसे ज्यादा बजट जमीन खरीद और नई आवासीय योजनाओं के लिए रखा गया है। भूमि अर्जन के लिए 1927.15 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अकेले अयोध्या योजना के लिए 1037.89 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। बजट में कुल 4048.65 करोड़ रुपए खर्च का प्रावधान किया गया है। इसमें निर्माण, विकास और अवस्थापना कार्यों पर 702.62 करोड़ रुपए, डिपॉजिट कार्यों पर 750.27 करोड़ रुपए और भूमि अर्जन पर 1927.15 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बैठक में आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह, अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला, वित्त नियंत्रक महेंद्र पांडे, मुख्य वास्तुविद नियोजक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**संपत्ति की बिक्री से होगी सबसे ज्यादा कमाई :** परिषद ने नए वित्तीय वर्ष में कुल 4173.65 करोड़ रुपए की आय का अनुमान लगाया है। इसमें सबसे ज्यादा 2004.66 करोड़ रुपए संपत्तियों की बिक्री से मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा डिपॉजिट कार्यों से 682.06 करोड़ रुपए की आय का अनुमान है।

**पेंशन से होगी कटौती :** 2017 में आगरा में तैनाती के दौरान अधीक्षण अभियंता डीएस गुप्ता पर 9 करोड़ के अवस्थापना निधि के टेंडर में अनियमितता पाए जाने पर 2018 में सेवानिवृत्त होने के बाद जांच के आदेश दिए गए थे। जांच में दोषी पाये जाने पर बोर्ड ने उनकी पेंशन से आजीवन 5 प्रतिशत कटौती का निर्णय लिया। इसके अलावा दूसरे मामले में लखनऊ में तैनात रहे अधिशासी अभियंता गौतम कुमार पर इंदिरा नगर स्थित व्यावसायिक भूखंड संख्या 7/5 के ऑफर में विलंब करने का दोषी पाया गया, जिससे परिषद को आर्थिक क्षति हुई। परिषद ने भूखंड का आवंटन निरस्त करके कब्जा प्राप्त करने के निर्देश दिए थे। जिस पर बोर्ड ने उनकी पेंशन से आजीवन 10 प्रतिशत की कटौती करने का निर्णय लिया है।

### मऊ में 1391 करोड़ से होगी जमीन खरीद

मऊ जिले की गोरखपुर मार्ग भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना के लिए भी पांच गांवों की जमीन खरीद को मंजूरी दी गई। सहरोज, रेवरीडीह, मोहम्मदपुर सहरोज, मेघई सहरोज और डांडीखास गांवों में जमीन खरीद पर करीब 1391 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

### काशीद्वार योजना में खरीदी जाएगी जमीन

वाराणसी की काशीद्वार भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना के लिए 10 गांवों की जमीन आपसी समझौते से खरीदने के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिल गई। इन गांवों में पिंडरा, पिंडराई, समोगरा, बहुतरा, कैथोली, पुरारघुनाथपुर, बसनी, चकइन्दर, जदूपुर और बेलवा शामिल हैं। उप आवास आयुक्त पल्लवी मिश्रा ने बताया कि योजना का कुल क्षेत्रफल 374 हेक्टेयर है। पहले चरण में 270 हेक्टेयर भूमि पर परिषद अधिनियम 1965 की धारा-31(1) के तहत कार्रवाई को मंजूरी दी गई है। वन विभाग, मंदिर, मजार और अन्य निर्माण वाले हिस्सों को इससे बाहर रखा गया है।

### वाराणसी की बाईपास योजना को हरी झंडी

बोर्ड बैठक में वाराणसी की प्रस्तावित जीटी रोड बाईपास भूमि विकास एवं गृहस्थान "पूरक" योजना के लिए 4.6870 हेक्टेयर जमीन अर्जित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। उप आवास आयुक्त चंदन पटेल ने बताया कि यह जमीन योजना के अप्रोच रोड के लिए जरूरी है।

# 7000 खाली फ्लैट की कीमत कम कर बेचेगा आवास विकास

**लखनऊ, अमृत विचार :** शहर में अपना आशियाना बनाने की चाहत रखने वालों के लिए खुशी का मौका है। आवास विकास फ्लैट और जमीनों के दाम अभी नहीं बढ़ाएगा। इसके लिए कमेटी बनाई गई है, जो एक हफ्ते में निर्णय लेगी। आवास विकास की बोर्ड बैठक में यह निर्णय लिया गया। अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने बताया कि एकमुश्त 60 दिन में भुगतान करने पर फ्लैट पर छूट की योजना समाप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि शासन की आदर्श कॉस्टिंग गाइडलाइन 2025 के तहत प्रदेश में लगभग 7000 खाली फ्लैट की कीमत कम की जाएगी।



कमजोर व्यक्ति कभी क्षमा नहीं कर सकता। माफ करना शक्तिशाली व्यक्ति का गुण है।
–महात्मा गांधी

## उड़ान पर संकट

भारत में विमानन ईंधन- एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में हालिया उछाल ने पूरे नागरिक उड्डयन क्षेत्र को असहज स्थिति में ला खड़ा किया है। फरवरी में इसके दाम साढ़े 91 हजार रुपये के आसपास प्रति किलो लीटर थे, वहीं अप्रैल तक यह दो लाख रुपये के पार पहुंच गया। सवाल यह है कि क्या यह वृद्धि अस्थायी है और क्या एयरलाइंस इसे बिना यात्रियों पर बोझ डाले समायोजित कर सकती हैं?

वास्तविकता यह है कि एटीएफ किसी भी एयरलाइन की परिचालन लागत का सबसे बड़ा घटक है। सामान्य परिस्थितियों में इसका हिस्सा 40 फीसद के आसपास रहता है, लेकिन मौजूदा उछाल ने इसे 60 प्रतिशत से ऊपर पहुंचा दिया है। ऐसे मेंफेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस द्वारा 'परिचालन बंद होने' की चेतावनी महज दबाव की राजनीति नहीं, आर्थिक यथार्थ भी है। बिना किराया बढ़ाए लागत समायोजन लगभग असंभव है। ठीक है कि सरकार ने अतीत में विमानन क्षेत्र को राहत दी है— कभी एटीएफ पर करों में कमी, तो कभी डायनेमिक प्राइसिंग और सीट-आधारित किराया वसूली की छूट देकर, परंतु इस बार स्थिति अधिक जटिल है। यदि सरकार करों में बड़ी कटौती करे या उत्पाद शुल्क घटाए तो राजस्व पर सीधा असर पड़ेगा। अनुमानतः एक प्रतिशत उत्पाद शुल्क में कमी से ही हजारों करोड़ रुपये का वार्षिक नुकसान हो सकता है, जो पहले से दबाव में चल रहे राजकोष के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। यदि एयरलाइंस को पूरी छूट दी जाती है कि वे टिकट कीमतें बढ़ाएं, तो 'हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा कर सके' यह सपना टूट जाएगा। पिछले एक दशक में मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोग बड़ी संख्या में उड़ान भरने लगे हैं। किराये में तीव्र वृद्धि इस सामाजिक-आर्थिक बदलाव को उलट सकती है। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के किराए के अलग-अलग मूल्य निर्धारण तर्कसंगत होने के बावजूद मौजूदा संकट में जब एयरलाइंस समान मूल्य निर्धारण या अधिक लचीलापन चाहती हैं, ताकि घाटे की भरपाई हो सके तो इस पर सोचना चाहिए। घाटे की भरपाई के लिए एयरलाइंस यात्रियों की सुविधाओं में कटौती करेंगी या सुरक्षा से समझौता करेंगी, यह आशंका सैद्धांतिक रूप से मौजूद है, पर व्यवहार में सुरक्षा मानकों को ढीला करना संभव नहीं, क्योंकि विमानन कंपनियां अंतर्राष्ट्रीय नियमों और भारत के डीजीसीए के सख्त नियंत्रण में है। कंपनियां सेवाओं जैसे भोजन, बैगेज या लाउंज सुविधाओं में कटौती कर सकती हैं। इस परिस्थिति में सरकार और उद्योग के बीच संतुलित दृष्टिकोण परम आवश्यक है। अल्पकाल में राज्य सरकारों द्वारा करों में अस्थायी कमी, केंद्र द्वारा सीमित उत्पाद शुल्क राहत और एयरलाइंस द्वारा आंशिक किराया समायोजन बढ़े बोझ को साझा कर सकते हैं। बाद में एटीएफ को जीएसटी के दायरे में लाकर कीमतों में स्थिरता लाई जा सकती है।

चुनावों के बाद कीमतों में वृद्धि वैश्विक तेल बाजार की दिशा पर निर्भर करेगा। यदि कच्चे तेल के दाम ऊंचे रहते हैं, तो ईंधन और किराए दोनों पर दबाव बना रहेगा। फिलहाल संकट केवल एयरलाइंस का नहीं, बल्कि पूरे आर्थिक तंत्र का है। ऐसे में समाधान भी एकतरफा नहीं, बल्कि साझेदारी में ही निकलेगा— ताकि उड़ानें भी जारी रहें और यात्रियों का भरोसा भी कायम रहे।

### प्रसंगवश

## शहरों का ढांचा बुनने वाले फिर भी हाशिए पर खड़े

भोर की पहली किरण जब शहर की नींद पर धीरे से दस्तक देती है, उसी समय किसी निर्माण स्थल पर हथौड़े की चोटें नए कल की नींव रखने लगती हैं। यह ध्वनि केवल पत्थर नहीं तराशती, बल्कि उस भविष्य को गढ़ती हैं, जिसे हम विकास के नाम से पहचानते हैं। धूल से सने, छालों से भरे ये हाथ ही वे अदृश्य निर्माता हैं, जिनकी मेहनत से कांच जैसी ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़कों की रेखाएं और उड़ान भरते एयरपोर्ट खड़े होते हैं। सुबह पांच बजे चाय की भाप के बीच वे अपने बच्चों के सपनों को संवारते हैं, जबकि स्वयं शहर की रोशनी से दूर, तिरपाल के साए में रातें काटते हैं। उनकी थकान ही उनकी ताकत है— जीने की, बनाने की और टूटे सपनों को फिर से खड़ा करने की अदम्य जिद।



कृति जैन
लेखिका

ये मजदूर जिसे हम 'अनस्किल्ड' कहकर खारिज करते हैं, दरअसल सबसे जरूरी स्किल रखते हैं— वो स्किल जो मशीनें अभी सीख नहीं पाईं। ये लोग बिना तकनीक के भी प्रकृति के संकेत पहचान लेते हैं, सीमित संसाधनों में समाधान खोज लेते हैं और छोटी-सी सजगता से बड़े जोखिम टाल देते हैं। शहरों की ऊंचाइयां इन्हीं के परिश्रम से आकार लेती हैं, फिर भी वे व्यवस्था के किनारों पर ही खड़े रह जाते हैं। कोई तपती सड़क पर डिलीवरी करता है, कोई आग की लपटों में वेल्डिंग कर भविष्य गढ़ता है, तो कोई दूसरों के घरों में सेवा देकर जीवन को सहारा देता है। उनकी पहचान फिर भी केवल 'मजदूर' तक सिमटी रहती है। वास्तव में वे समाज की रीढ़ हैं— जिनके बिना आधुनिकता का ढांचा ढह सकता है, और अगर ये हाथ थम जाएं तो स्मार्ट सिटी का सपना भी बिखर जाएगा।

विकास की ऊंचाइयों पर खड़ा आज का भारत, उन्हीं श्रमिक हाथों की नींव पर टिका है, जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। हालिया आंकड़े बताते हैं कि अनौपचारिक क्षेत्र लगभग 12.81 करोड़ श्रमिकों को रोजगार देता है, जबकि निर्माण क्षेत्र में 90 प्रतिशत से अधिक कार्यबल असंगठित है। करीब 15 करोड़ प्रवासी मजदूर अर्थव्यवस्था को गति दे रहे हैं और अनौपचारिक क्षेत्र कुल जीडीपी का लगभग 50 प्रतिशत योगदान करता है। ई-श्रम पोर्टल पर 31 करोड़ से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं। ये केवल आंकड़े नहीं, बल्कि उन अनगिनत कहानियों की गवाही हैं, जहां पेट भरने के लिए कोई बिहार से दिल्ली, कोई उत्तर प्रदेश से मुंबई पहुंचता है। उनकी निःशब्द मेहनत ही देश की प्रगति का असली आधार है।

मजदूरों का संघर्ष अब केवल वेतन या कार्य-घंटों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सम्मान, सुरक्षा और सुरक्षित भविष्य की लड़ाई बन चुका है। गिग अर्थव्यवस्था में काम करने वाले लाखों युवा तपती धूप और ठंडी रातों में सेवाएं देते हैं, फिर भी उन्हें पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलती। महिलाएं घरेलू कार्य से लेकर निर्माण स्थलों तक अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, लेकिन समान अवसर और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अभी भी गंभीर कमी है।

हमें ऐसे समाज की आवश्यकता है, जहां मेहनत को किसी वर्ग या दर्जे से नहीं, बल्कि उसके वास्तविक मूल्य और गरिमा के आधार पर देखा जाए। जहां कोई बच्चा अपने पिता को मजदूर कहकर शर्मिंदा न हो, बल्कि पूरे गर्व से उनका सम्मान करे। नीतियां ऐसी हों कि एआई मजदूरों का सशक्त सहायक बने, उन्हें ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण, वास्तविक समय सुरक्षा निगरानी और न्यायसंगत आय की सुनिश्चितता दे। निर्माण स्थलों पर एआई-सहायता प्राप्त आधुनिक उपकरण श्रम का बोझ भले हल्का करें, लेकिन आत्मसम्मान और गौरव को कभी कम न करें। जब तक उनकी मुस्कान विकास की मुख्यधारा का हिस्सा नहीं बनती, तब तक हर उपलब्धि अधूरी ही रहेगी। (यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता से हो रहा है याददाश्त का क्षरण





डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर

तकनीक ने मनुष्य को तमाम सहूलियतें दी हैं और धीरे-धीरे उसे अपने ऊपर निर्भर भी बनाया है। पहिए से लेकर इंटरनेट तक हर आविष्कार ने श्रम घटाया, गति बढ़ाई और जीवन को सरल बनाया। यही उसकी उपलब्धि है, लेकिन जब सुविधा, क्षमता का विस्तार करने के बजाय उसका विकल्प बनने लगे, तब वही प्रगति एक अनचाहे संकट का रूप भी लेने लगती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के तेज़ी से बढ़ते उपयोग के बीच यह प्रश्न अब टालना कठिन है- क्या हम सुविधा के बदले अपनी सोचने की आदत छोड़ते जा रहे हैं?

बहुत समय नहीं बीता, जब फोन नंबर याद रखना सामान्य जीवन-कौशल था। मोबाइल ने यह जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली और स्मरण-शक्ति का वह अभ्यास धीरे-धीरे समाप्त हो गया। यह परिवर्तन उपयोगी था, लेकिन इसके साथ एक मानसिक अनुशासन भी छूट गया। आज वही प्रक्रिया अधिक गहरे स्तर पर काम कर रही है। इस बार स्मृति नहीं, बल्कि समझ, तर्क और निर्णय की क्षमता प्रभावित हो रही है। दफ्तरों, विद्यालयों-विश्वविद्यालयों और निजी जीवन में एआई की उपस्थिति अब अपवाद नहीं, सामान्य स्थिति है। लेखन, अनुवाद, विश्लेषण और निर्णय-सहायता-मशीनें हर स्तर पर सक्रिय हैं। इससे कार्यकुशलता बढ़ी है, लेकिन उसी अनुपात में मनुष्य समस्या-समाधान की प्रक्रिया से बाहर होता जा रहा है। निष्कर्ष तक पहुंचना आसान हुआ है, निष्कर्ष तक पहुंचने की बौद्धिक यात्रा अनावश्यक लगने लगी है।

एआई के तेजी से बढ़ते उपयोग के बीच यह प्रश्न अब टालना कठिन है कि क्या हम सुविधा के बदले अपनी सोचने की आदत छोड़ते जा रहे हैं? अब निष्कर्ष तक पहुंचने की बौद्धिक यात्रा अनावश्यक लगने लगी है।

यहीं 'कॉग्निटिव ऑफलोडिंग' और 'कॉग्निटिव एट्रॉफी' की प्रक्रिया शुरू होती है। जब व्यक्ति लगातार मशीनों पर निर्भर रहता है, तो वह आलोचनात्मक सोच में कम श्रम लगाता है। धीरे-धीरे यह प्रवृत्ति आदत बन जाती है और आदतें ही अंततः बौद्धिक क्षमता की सीमा तय करती हैं। यह सुविधा नहीं, सोचने की जिम्मेदारी का क्रमिक स्थानांतरण है। यह बदलाव अमूर्त नहीं है बल्कि हमारी रोज़मर्रा की आदतों में दर्ज है। दिशा-निर्धारण के लिए जीपीएस पर निर्भरता ने स्थानिक स्मृति को कमजोर किया है। साधारण गणना के लिए कैलकुलेटर, सामान्य लेखन के लिए एआई और तमाम आसान-जटिल प्रश्नों के लिए तैयार उत्तर- ये सब मिलकर ऐसी मानसिक संरचना बना रहे हैं, जिसमें उत्तर मिल जाता है, पर उत्तर तक पहुंचने की प्रक्रिया छूट जाती है और जब प्रक्रिया छूटती है, तो केवल परिणाम नहीं, आत्मविश्वास भी मशीन के हवाले होने लगता है।

समस्या तकनीक में नहीं, उसके सामने आत्मसमर्पण में है। उपकरण तब तक उपयोगी हैं, जब तक वे मानव क्षमता को बढ़ाते हैं, जैसे ही वे उसका स्थान लेने लगते हैं, वे उसे निष्क्रिय करने लगते हैं। एआई का वास्तविक संकट इसी बिंदु पर है- वह सोचने की जगह उपलब्ध कराता है और मनुष्य धीरे-धीरे उस स्थान को खाली छोड़ने लगता है। सोचना केवल निष्कर्ष तक पहुंचना नहीं है। यह वह प्रक्रिया है जो विवेक, तर्क और निर्णय-क्षमता को गढ़ती है। कठिन प्रश्नों से जूझना, असहमति को समझना और त्रुटियों से सीखना— यही बौद्धिक परिपक्वता का आधार है। यदि यह पूरा श्रम मशीनों को सौंप दिया जाए, तो परिणाम तो मिल सकता है, पर वह क्षमता नहीं बनती जो जटिल परिस्थितियों में मार्गदर्शन करती है।

एआई की सीमाएं इस जोखिम को और गंभीर बनाती हैं। यह उपलब्ध डेटा और पैटर्न पर आधारित है, जिनमें पूर्वाग्रह और त्रुटियां निहित हो सकती हैं। इसके बावजूद यह अपने उत्तरों को जिस आत्मविश्वास से प्रस्तुत करता है, वह भ्रम पैदा कर सकता है। यदि उपयोगकर्ता के पास स्वतंत्र समझ नहीं है, तो वह सही और गलत के बीच अंतर नहीं कर पाएगा। इस बिंदु पर सुविधा निर्भरता में बदल जाती है और निर्भरता निर्णय-असमर्थता में।

एआई के लाभ स्पष्ट हैं- उत्पादकता में वृद्धि, ज्ञान तक आसान पहुंच और जटिल कार्यों का सरलीकरण, लेकिन स्पष्टता ही पर्याप्त नहीं होती, विवेक भी चाहिए। प्रश्न तकनीक का नहीं, उसके उपयोग का है। क्या वह मनुष्य को अधिक सक्षम बना रही है, या अधिक आश्रित? यहीं से संस्थानों की जिम्मेदारी शुरू होती है। शिक्षा-प्रणाली यदि केवल परिणाम देने वाली तकनीकों को बढ़ावा देगी, तो वह सोचने की प्रक्रिया को हाशिए पर धकेल देगी। कार्य स्थल यदि केवल गति को महत्व देंगे, तो विश्लेषण और विवेक कमजोर होंगे और यदि नीति-निर्माता इस बदलाव को केवल नवाचार के उत्सव के रूप में देखेंगे, तो उसके सामाजिक परिणाम अनदेखे रह जाएंगे।

इसलिए एक स्पष्ट बौद्धिक अनुशासन आवश्यक है- पहले तर्क, फिर तकनीक; पहले विश्लेषण, फिर स्वचालन; पहले सत्यापन, फिर प्रसार। तकनीक सहायक हो सकती है, लेकिन समझ का विकल्प नहीं। अंततः यह प्रश्न व्यक्तिगत भी है और सामूहिक भी। क्या हम सुविधा के कारण अपनी बौद्धिक जिम्मेदारी से बच रहे हैं? यदि ऐसा है, तो यह आदत नहीं, बौद्धिक चरित्र का परिवर्तन है। तकनीक का विस्तार अनिवार्य है, लेकिन विचारों का संकुचन नहीं। यदि सुविधा सोच का स्थान लेने लगे, तो यह प्रगति नहीं— विवेक की आउटसोर्सिंग है।

अब चुनौती केवल संतुलन की नहीं, सजगता की है। एआई के साथ हमारा संबंध यह तय करेगा कि वह हमारी क्षमताओं का विस्तार बनेगा या उनका विकल्प। आवश्यक है कि निर्णय की अंतिम जिम्मेदारी मनुष्य के पास ही रहे- जहां तर्क, अनुभव और नैतिक विवेक मिलकर दिशा तय करते हैं। यदि यह केंद्र कमजोर पड़ता है, तो तकनीक की दक्षता भी हमें सही मार्ग नहीं दे पाएगी। जरूरी है कि मनुष्य तकनीक का उपयोग करे, पर उसके आगे न झुके, क्योंकि जिस दिन विचार का श्रम अनावश्यक लगने लगेगा, उसी दिन विवेक भी अनावश्यक प्रतीत होगा और जब विवेक ही हाशिए पर चला जाए, तो प्रगति का कोई भी दावा अंततः खोखला रह जाएगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



दिल्ली में बिहार का युवक मारा गया है, कोई ऐसी बात होगी तो इसकी जांच की जाएगी। जांच के बाद अगर कोई दोषी होगा, तो उस पर आवश्यक कार्रवाई होगी। इसमें कौन बड़ी बात है, मार दिया तो मार दिया, कोई ऐसे ही जानबूझकर कोई किसी को नहीं मार देता है।

–जीतन राम मांझी
केंद्रीय मंत्री

दिल्ली में जो घटना हुई है, वो बहुत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। जीतन राम मांझी ने जो कहा है, जो बयान दिया, 'मार दिया तो मार दिया, मरते रहते हैं' हमने वो बयान देखा है। इस तरह का घटिया बयान देने के लिए जीतन राम मांझी को बिहार के लोगों से माफी मांगनी चाहिए।

–तेजस्वी यादव
राजद नेता



## 'आप' के लिए आत्ममंथन का समय



जयदेव राठी
अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट

आम आदमी पार्टी की बिखरती झाड़ू अब सिर्फ विपक्षी दलों को दोष देकर नहीं बांधी जा सकती। 24 अप्रैल 2026 को दिल्ली में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस ने पार्टी की आंतरिक स्थिति को पूरी तरह उजागर कर दिया। राघव चड्ढा के नेतृत्व में सात राज्यसभा सांसदों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया और भाजपा में विलय की घोषणा कर दी। यह विद्रोह कोई अचानक घटना नहीं है। यह लंबे समय से चली आ रही आंतरिक कलह, सिद्धांतों से समझौते और एक व्यक्ति केंद्रित सत्ता की परिणति है।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और केजरीवाल ने इसे 'पंजाब के स्वाभिमान पर चोट' और 'गद्दारी' करार दिया है, लेकिन सच्चाई यह है कि समस्या बाहरी नहीं, बल्कि पार्टी के अंदरूनी ढांचे में गहरी जड़ें जमाए हुए है। केजरीवाल को अब विपक्ष को कोसने के बजाय अपने अंदर झांकना चाहिए। वह पार्टी जो 2012 में अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से निकली थी, आज उसी भ्रष्टाचार के आरोपों में घिर गई है, जिसके खिलाफ उसने जन-आंदोलन छेड़ा था। सादगी, पारदर्शिता और आम आदमी के सिद्धांतों पर पार्टी बनी थी।

पिछले कुछ सालों में आम आदमी पार्टी से जिस तरह लोग गए हैं, अब उस पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। पार्टी के लिए यह आत्ममंथन का समय है।

सात सांसदों के इस्तीफे के पीछे के कारण स्पष्ट हैं। राघव चड्ढा को हाल ही में राज्यसभा में डिप्टी लीडर के पद से हटा दिया गया था। उन्होंने पार्टी पर आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार अब 'अनचेक' हो गया है और व्यक्तिगत स्वार्थ हावी है। स्वाति मालीवाल, जो दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रहीं और केजरीवाल की करीबी मानी जाती थीं, ने भी 'अनचेक भ्रष्टाचार' का सीधा जिक्र किया। इससे पहले उन्होंने केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार पर हमले का आरोप लगाकर पार्टी की छवि को झटका दिया था।

हरभजन सिंह, संदीप पाठक, अशोक मित्तल, राजिंदर गुप्ता और विक्रम साहनी, सभी ने सामूहिक रूप से यही कहा कि पार्टी मूल मिशन से भटक गई है। यह पहला विद्रोह नहीं है। आप की स्थापना के बाद से ही सिद्धांतों की हत्या, आंतरिक लोकतंत्र की कमी और केजरीवाल की तानाशाही शैली के आरोप लगते रहे हैं। 2014 में ही पार्टी के संस्थापक सदस्य शाजिया इल्मी ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने खुलकर कहा कि पार्टी में 'आंतरिक लोकतंत्र की कमी' है, फैसले एक छोटे समूह द्वारा लिए जा रहे हैं और आलोचना को दबाया जा रहा है। इल्मी, जो पार्टी की शुरुआती चेहरा और प्रवक्ता थीं, बाद में भाजपा में शामिल हो गईं। उसी समय कैप्टन जीआर गोपीनाथ जैसे अन्य संस्थापक सदस्य भी निराश होकर चले गए और उन्होंने पार्टी की रणनीतियों पर सवाल उठाए।

2015 में पार्टी को सबसे बड़ा झटका लगा जब दो संस्थापक सदस्य योगेंद्र यादव और प्रशांत भूषण को 'गंभीर अनुशासनहीनता और एंटी-पार्टी गतिविधि' के आरोप में निष्कासित कर दिया गया। यादव और भूषण ने केजरीवाल पर एकतरफा फैसले लेने, आंतरिक लोकतंत्र की हत्या और टिकट वितरण में भाई-भतीजावाद का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि 'आप अब एक खाप पंचायत की तरह चल रही है, जहां एक छोटा समूह और तानाशाह सारे सपनों को तोड़ रहा है।' उनके साथ आनंद कुमार और अजीत झा को भी बाहर कर दिया गया। 2017-18 का दौर आया, जब एक के बाद एक विद्रोह हुए। कुमार विश्वास, 2018 के आसपास पार्टी से दूरी बनाने लगे। उन्होंने पारदर्शिता की कमी, खासकर राज्यसभा नामांकनों में अनियमितताओं का आरोप लगाया और कहा कि नेतृत्व अब सिद्धांतों से समझौता कर रहा है। 2018 में ही पत्रकार से राजनेता बने अशुतोष ने इस्तीफा दे दिया। उसी साल अलका लांबा को पार्टी ने इस्तीफा देने को कहा। लांबा ने इसे 'एंटी-पार्टी एक्टिविटी' करार दिया। बाद में अल्का लांबा कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गईं। कपिल मिश्रा, जो केजरीवाल सरकार में मंत्री थे, 2017 में ही बागी हो गए। उन्होंने केजरीवाल पर भ्रष्टाचार का सीधा आरोप लगाया। कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन से करोड़ों रुपये नकद लेने का दावा किया। मिश्रा को कैबिनेट से हटा दिया गया और बाद में वे 2019 में भाजपा में शामिल हो गए।

एचएस फूलका, अशोक खेतान और कई अन्य दिल्ली इकाई के नेता भी इसी दौर में चले गए, आंतरिक लोकतंत्र की कमी और व्यक्तिगत स्वार्थ को वजह बताते हुए। आप पार्टी छोड़ चुके, नवीन जयहिंद ने भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। पंजाब में भी 2022 विधानसभा चुनाव से पहले कम से कम 11 विधायकों ने या तो इस्तीफा दे दिया या अयोग्य ठहराए गए। हर बार असहमति को 'गद्दारी' या 'विपक्षी साजिश' बताकर दबाया गया, लेकिन समस्या जड़ में थी- केजरीवाल की एकल सत्ता और फैसलों की एकतरफा प्रक्रिया।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## नाव वाली निन्ह

निन्ह-बिन्ह में हमारी नाव की चालक एक बालिका थी। वैसे चेहरे और बनावट से वियतनाम की अधिकांश महिलाएं बालिका ही लगती हैं। नदी किनारे से बीच में आते ही वह पांव से नाव चलाने लगी। पहले तो हमें लगा कि हमें प्रभावित करने के लिए करतब दिखा रही है, लेकिन आसपास देखा तो सभी नाविक पांव से ही नाव चला रहे थे।



अनूप शुक्ल
लेखक

बालिका ने टूटी-फूटी अंग्रेजी में बताया कि आने-जाने का छह किलोमीटर का रास्ता है, नदी में नाव चलाने का। दो घंटे लगातार पांव से नाव चलाती रही। बताया- 'यहां ऐसे ही चलाते हैं नाव। एक्सरसाइज हो जाती है। थक जाने पर कभी-कभी हाथ से भी चप्पू चला लेते हैं।'

बातचीत शुरू होने पर अपने बारे में उसने विस्तार से बताया। नाम जितनी बार बताया हमने उतनी बार जो समझा वह सही नहीं था। हारकर हम मोबाइल की शरण में गए। उसने अपने मोबाइल में लिखकर अपना नाम बताया- Linh. इसके बाद पूरी नाव चलाने के दौरान बातचीत होती रही। बातचीत में भाषा बाधा आने पर वह मुंह से मोबाइल में बोलकर उसको हमारे सामने कर देती। उसमें उसकी कहीं बात अंग्रेजी में अनुवादित होकर हमारे सामने आ जाती।

Linh ने बताया कि वह बारह साल की उम्र से नाव चला रही है। अठारह साल हो गए नदी में नाव चलाते हुए। इस बीच स्कूल की पढ़ाई भी पूरी की उसने। पति उसका एक रेस्टोरेंट में सफाई का काम करता है। दो बच्चे हैं एक चार साल का दूसरा दो साल का। पति-पत्नी दोनों काम करते हैं तो घर में बच्चों की देखभाल Linh की सास करती हैं। माता-पिता गांव वाले घर में रहते हैं। दोनों कढ़ाई और वाशिंग का काम करते हैं। पिता की उमर 65 साल की है।

Linh से बातचीत करके पता चला कि निन्ह-बिन्ह में क़रीब 1500 नाव चलती हैं। प्रतिदिन दो से तीन फेरे लग जाते हैं नाव के। बरसात में भी लोग आते रहते हैं। नाव उसकी अपनी ख़ुद की है। हमने पूछा- 'कितने की ली नाव?' उसने अपने हाथ बड़ा करके और मुंह पूरा खोलकर बताया- 'बहुत मंहगी है नाव।' हमने भी आगे नहीं पूछा।

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वियतनाम में महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी दुनिया में सबसे अधिक दरों में से एक है, जो लगभग 68% से 75% के बीच है। 15 वर्ष से अधिक आयु की लगभग 70% से अधिक वियतनामी महिलाएं आर्थिक रूप से सक्रिय हैं।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## भारत-न्यूजीलैंड समझौता नए अवसरों का नया युग

भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) केवल एक आर्थिक करार नहीं है, बल्कि यह दोनों देशों के बीच गहरे होते भरोसे, सहयोग और भविष्य की साझा संभावनाओं का प्रतीक भी है। इस समझौते के जरिए न सिर्फ व्यापारिक रिश्तों को नई गति मिलेगी, बल्कि किसानों, व्यापारियों, छात्रों और नौकरीपेशा युवाओं के लिए भी नए दरवाजे खुलेंगे। यह डील ऐसे समय में सामने आई है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था कई चुनौतियों से गुजर रही है और देशों के बीच मजबूत साझेदारी की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

इस समझौते पर भारत की ओर से वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले ने हस्ताक्षर किए, जबकि न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने इसे दोनों देशों के लिए ऐतिहासिक बताया। यह समझौता अब न्यूजीलैंड की संसद में अनुमोदन के बाद पूरी तरह लागू होगा, लेकिन इसके संभावित प्रभाव अभी से चर्चा का केंद्र बन चुके हैं।

एफटीए के तहत न्यूजीलैंड भारतीय निर्यात पर लगभग सभी टैरिफ समाप्त कर देगा, जिससे भारतीय उत्पाद वहां सस्ते और अधिक प्रतिस्पर्धी बन जाएंगे। इसके जवाब में भारत भी न्यूजीलैंड से आने वाले लगभग 95 प्रतिशत उत्पादों पर शुल्क में भारी कमी करेगा। इस तरह यह समझौता द्विपक्षीय व्यापार को संतुलित और व्यापक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले पांच वर्षों में दोनों देशों ने व्यापार को पांच अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, जो वर्तमान स्तर की तुलना में एक बड़ा उछाल होगा।

इस समझौते का सबसे बड़ा लाभ भारत के उन क्षेत्रों को मिलेगा जो निर्यात पर निर्भर हैं। रेडीमेड गारमेंट्स, चमड़ा, जूते, समुद्री उत्पाद, आभूषण, इंजीनियरिंग सामान और हस्तशिल्प जैसे सेक्टर न्यूजीलैंड के बाजार में बिना शुल्क के प्रवेश कर सकेंगे। इससे भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ेगी और देश के एमएसएमई सेक्टर को मजबूती मिलेगी। छोटे और मध्यम उद्योग, जो अक्सर वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाते हैं, उन्हें इस डील के जरिए अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी पहचान बनाने का मौका मिलेगा।

किसानों के लिए भी यह समझौता राहत लेकर आया है, हालांकि भारत ने डेयरी, कॉफी, मसाले, खाद्य तेल और कुछ अन्य संवेदनशील कृषि उत्पादों को इस समझौते से बाहर रखा है, ताकि घरेलू किसानों को नुकसान न हो। यह एक संतुलित रणनीति है, जिससे जहां एक ओर व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर किसानों के हितों की भी रक्षा होगी। दूसरी तरफ, भारत को न्यूजीलैंड से लकड़ी, कोकिंग कोल और धातु स्क्रैप जैसे औद्योगिक कच्चे माल पर ड्यूटी-फ्री पहुंच मिलेगी। इससे भारतीय उद्योगों की उत्पादन लागत कम होगी और विनिर्माण क्षेत्र को मजबूती मिलेगी।

यह समझौता केवल वस्तुओं के व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवा क्षेत्र और मानव संसाधन के आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देता है। भारतीय युवाओं के लिए यह एक बड़ा अवसर बनकर सामने आया है। इस डील के तहत हजारों भारतीय पेशेवरों को न्यूजीलैंड में काम करने के लिए अस्थायी वीजा मिलेगा। आईटी विशेषज्ञ, इंजीनियर, डॉक्टर, नर्स, योग प्रशिक्षक, शेफ और संगीत शिक्षक जैसे पेशों के लिए नए अवसर खुलेंगे। इससे न केवल युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय अनुभव मिलेगा, बल्कि भारत के सेवा क्षेत्र के निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# कैम्पस

## वर्ड स्मिथ

### Good शब्द की उत्पत्ति

'Good' शब्द की कहानी भाषा के विकास के साथ जुड़ी एक रोचक यात्रा है। आज हम जिस 'good' का इस्तेमाल 'अच्छा' या 'उत्तम' के अर्थ में करते हैं, उसकी जड़ें हजारों साल पुरानी हैं। यह शब्द सबसे पहले प्राचीन अंग्रेजी (Old English) में 'god' के रूप में प्रचलित था। उस समय इसका अर्थ सिर्फ 'अच्छा' नहीं, बल्कि 'सही, नैतिक और उपयुक्त' भी होता था।




'god' शब्द जर्मनिक भाषा परिवार से आया है, जिसमें जर्मन, डच और स्कैंडिनेवियाई भाषाएं शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि जर्मन भाषा में आज भी 'gut' शब्द इस्तेमाल होता है, जिसका अर्थ भी 'अच्छा' ही है। इससे पता चलता है कि 'good' का मूल अर्थ और भाव सदियों से लगभग एक जैसा ही बना हुआ है। समय के साथ जब अंग्रेजी भाषा में बदलाव आए खासकर मिडिल इंग्लिश (Middle English) के दौर में तो 'god' की स्पेलिंग बदलकर 'good' हो गई। इस दौरान उच्चारण में भी थोड़ा परिवर्तन आया, लेकिन अर्थ वही रहा। 'Good' शब्द का उपयोग धीरे-धीरे और व्यापक हो गया। यह सिर्फ किसी वस्तु या व्यक्ति की गुणवत्ता बताने के लिए ही नहीं, बल्कि भावनाओं, व्यवहार और नैतिकता को व्यक्त करने के लिए भी इस्तेमाल होने लगा। जैसे 'good person', 'good work' या 'feel good'। इस तरह 'good' शब्द केवल एक साधारण विशेषण नहीं, बल्कि भाषा और संस्कृति के विकास की एक जीवंत मिसाल है, जो हमें यह दिखाता है कि शब्द समय के साथ बदलते हुए भी अपने मूल भाव को बनाए रखते हैं।

## नोटिस बोर्ड

### परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 4 मई

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने जून 2026 सत्रांत परीक्षा के लिए अहम तिथियां घोषित की हैं। क्षेत्रीय समन्वयक के अनुसार, सभी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को असाइनमेंट 2 मई तक अध्ययन केंद्रों पर जमा करने होंगे। परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया 5 अप्रैल से जारी है, जिसकी अंतिम तिथि 4 मई निर्धारित की गई है। अनुत्तीर्ण या अनुपस्थित छात्र भी इस अवधि में आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद फॉर्म भरने पर 1200 रुपये विलंब शुल्क लगेगा, जबकि परीक्षा शुल्क 150 रुपये प्रति प्रश्नपत्र तय किया गया है।

### रोजगार मेला का आयोजन



कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग की ओर से 5 मई को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान श्रीनगर गढ़वाल में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला सुबह 11 बजे शुरू होगा। क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज मोटर्स समेत 10-12 कंपनियां शामिल होंगी। करीब 700-800 पदों पर भर्ती की संभावना है। हाईस्कूल से लेकर आईटीआई, डिप्लोमा और स्नातक योग्य अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित हों।



# क्रिएटिव युवाओं के लिए सुनहरा भविष्य
# फैशन स्टाइलिंग



प्रियंका शुक्ला
फैशन एक्सपर्ट

आज के दौर में फैशन केवल कपड़ों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह एक तेजी से बढ़ती हुई क्रिएटिव इंडस्ट्री बन चुका है, जहां स्टाइल, पर्सनालिटी और प्रेजेंटेशन का खास महत्व है। सोशल मीडिया, फिल्म इंडस्ट्री और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के बढ़ते प्रभाव ने फैशन स्टाइलिंग को एक ग्लैमरस और डिमांडिंग करियर बना दिया है। आपको नए-नए लुक्स एक्सपेरिमेंट करना, ट्रेंड्स को समझना और लोगों की पर्सनालिटी को बेहतर बनाना पसंद है, तो फैशन स्टाइलिंग कोर्स आपके लिए एक शानदार विकल्प साबित हो सकता है।

### क्या है फैशन स्टाइलिंग

फैशन स्टाइलिंग एक ऐसी कला है, जिसमें किसी व्यक्ति, मॉडल, सेलिब्रिटी या ब्रांड के लिए परफेक्ट लुक तैयार किया जाता है। इसमें कपड़ों के साथ-साथ एक्सेसरीज, फुटवियर, हेयरस्टाइल और मेकअप का सही संयोजन शामिल होता है। एक स्टाइलिस्ट को यह समझना होता है कि किसी खास मौके, थीम या इवेंट के अनुसार कौन-सा लुक सबसे बेहतर रहेगा। आज के समय में फैशन स्टाइलिंग का उपयोग फिल्मों, टीवी शो, वेब सीरीज, फोटोशूट, फैशन शो और सोशल मीडिया कंटेंट में बड़े स्तर पर किया जाता है। यही कारण है कि इस फील्ड में प्रोफेशनल्स की मांग लगातार बढ़ रही है।



### क्या-क्या सिखाया जाता है कोर्स में

फैशन स्टाइलिंग कोर्स सिर्फ कपड़े चुनने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यक्ति की पूरी पर्सनालिटी को निखारने पर आधारित होता है। इस कोर्स में आपको कई महत्वपूर्ण स्किल्स सिखाई जाती हैं, जैसे-

- लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स और फोरकास्टिंग की समझ
- कलर थ्योरी और सही कलर कॉम्बिनेशन
- बॉडी टाइप और स्किन टोन के अनुसार स्टाइलिंग
- फोटोशूट, एड शूट और रैंप के लिए स्टाइलिंग टेक्निक्स
- एक्सेसरीज और लेयरिंग का सही उपयोग
- बेसिक मेकअप और हेयर स्टाइलिंग
- वार्डरोब मैनेजमेंट और ब्रांड स्टाइलिंग

इसके अलावा, कई इंस्टीट्यूट्स में इंडस्ट्री एक्सपोजर, इंटर्नशिप और लाइव प्रोजेक्ट्स भी करवाए जाते हैं, जिससे छात्रों को रियल वर्ल्ड का अनुभव मिलता है। भारत में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (NIFT), पर्ल एकेडमी और अन्य फैशन स्कूल्स इस कोर्स को प्रोफेशनल तरीके से सिखाते हैं।

### करियर ऑप्शन

फैशन स्टाइलिंग कोर्स करने के बाद आपके सामने करियर के कई रास्ते खुल जाते हैं। आप अपनी रुचि और स्किल्स के अनुसार अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर सकते हैं-

- पर्सनल स्टाइलिस्ट (सेलिब्रिटी या क्लाइंट के लिए)
- फैशन कंसल्टेंट
- फोटोशूट या एड फिल्म स्टाइलिस्ट
- टीवी और फिल्म इंडस्ट्री में कॉस्ट्यूम स्टाइलिस्ट
- ई-कॉमर्स या ब्रांड्स के लिए स्टाइलिंग एक्सपर्ट
- फैशन ब्लॉगर, कंटेंट क्रिएटर या इन्फ्लुएंसर
- आज इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स ने भी इस फील्ड में नए अवसर पैदा किए हैं, जहां आप अपनी पहचान खुद बना सकते हैं।

### जरूरी स्किल्स

सिर्फ कोर्स करना ही काफी नहीं होता, बल्कि इस इंडस्ट्री में सफल होने के लिए कुछ जरूरी स्किल्स भी चाहिए-

- क्रिएटिविटी और यूनिक सोच
- ट्रेंड्स को समझने और अपनाने की क्षमता
- कम्युनिकेशन और नेटवर्किंग स्किल्स
- टाइम मैनेजमेंट और प्रोजेक्ट हैंडलिंग
- डिटेल्स पर ध्यान देने की आदत



### सैलरी

फैशन स्टाइलिंग में शुरुआती सैलरी आमतौर पर 15,000 से 30,000 रुपये प्रति माह तक हो सकती है। जैसे-जैसे आपका अनुभव और पोर्टफोलियो मजबूत होता जाता है, आपकी कमाई भी तेजी से बढ़ती है। कुछ अनुभवी स्टाइलिस्ट्स लाखों रुपये तक कमा लेते हैं। फ्रीलांसिंग इस फील्ड का सबसे आकर्षक हिस्सा है, जहां आप एक प्रोजेक्ट के लिए हजारों से लेकर लाखों रुपये तक चार्ज कर सकते हैं। खासकर जब आप बड़े ब्रांड्स, इन्फ्लुएंसर्स या सेलिब्रिटीज के साथ काम करते हैं, तो आपकी कमाई कई गुना बढ़ सकती है।

फैशन स्टाइलिंग एक ऐसा करियर है, जो न सिर्फ क्रिएटिव संतुष्टि देता है, बल्कि आपको ग्लैमर और पहचान भी दिलाता है। अगर आपके अंदर फैशन के प्रति जुनून, नई चीजें सीखने की इच्छा और लोगों को स्टाइलिश बनाने का टैलेंट है, तो यह फील्ड आपके लिए बेहतरीन अवसरों से भरा हुआ है।

## किस्सा कैंपस का

# कॉलेज ने दी मुझे मेरी आवाज

1990-91 का वह दौर बदलाव का समय था। इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने के बाद जब मैंने कानपुर के प्रतिष्ठित पीपीएन महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया, तो मन में उत्साह भी था और थोड़ी घबराहट भी। अब तक की शिक्षा लड़कों के स्कूल में हुई थी, जहां एक अनुशासन की सीमा थी, लेकिन कॉलेज का पहला दिन एक पूरी तरह से अलग दुनिया का अहसास करा रहा था। जैसे ही मैंने कॉलेज के भारी गेट से अंदर कदम रखा, नजारा बिल्कुल नया था। पहली बार मैं एक ऐसी जगह था, जहां सह-शिक्षा (Co-education) थी। लड़कों और लड़कियों को एक साथ कैंपस में देखना और कॉलेज की वह बेफिक्र आज़ादी शुरुआत में थोड़ी अजीब लगी। ठीक 9:00 बजे मेरी पहली क्लास हिंदी की थी। वह 45 मिनट की क्लास आज भी याद है, जहां प्रोफेसर के शब्दों से ज्यादा मेरा ध्यान खिड़की के बाहर दिखते कॉलेज के विशाल मैदान और नई दुनिया पर था। माहौल का रंग और मन में उठती हलचल धीरे-धीरे मैं कॉलेज के माहौल में ढलने लगा।



अनूप अवस्थी
कानपुर

पढ़ाई के साथ-साथ फुर्सत के पलों में मेरा ठिकाना 'छात्र संघ भवन' बनने लगा। यहां बैठकर छात्रों की बातें सुनना और कैंपस की राजनीति को समझना मेरी दिनचर्या का हिस्सा हो गया, लेकिन इसी बीच मैंने कुछ ऐसा महसूस किया, जो मुझे भीतर तक खटकने लगा। कॉलेज के शांत और शैक्षिक माहौल में कुछ बाहरी तत्व और अराजक लड़के अनावश्यक हस्तक्षेप कर रहे थे। कैंपस में उनकी मौजूदगी और व्यवहार साधारण छात्रों के लिए असुविधाजनक था। वहीं से मेरे भीतर एक बदलाव आया। मैंने तय किया कि मैं केवल एक छात्र बनकर नहीं रहूंगा, बल्कि इस संस्थान की गरिमा की रक्षा करूंगा। मैंने मन बना लिया- मैं छात्र संघ का चुनाव लड़ूंगा। कॉलेज परिसर से असामाजिक तत्वों को बाहर करना और बाहरी लड़कों के प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाना। जैसे-जैसे दिन बीते, मेरी इस मुहिम से अन्य छात्र भी जुड़ने लगे। दोस्तों का कारवां बढ़ता गया और मेरी पहचान एक जुझारू छात्र नेता के रूप में होने लगी।

मैंने छात्र संघ के उपाध्यक्ष पद के लिए ताल ठोंकी। चुनाव प्रचार का वह शोर, पोस्टर और साथियों का जोश अद्भुत था। जब परिणाम आए, तो मैं सफल नहीं हो पाया, लेकिन उस हार में भी एक बड़ी जीत छिपी थी। मेरी मुहिम ने कॉलेज प्रशासन और प्राचार्य एन. के. सक्सेना जी का ध्यान खींचा। सक्सेना जी ने मेरे विजन को समझा और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने में मेरा भरपूर सहयोग किया। परिणाम यह हुआ कि वह असामाजिक तत्व धीरे-धीरे कैंपस से गायब होने लगे। पीपीएन कॉलेज में बिताए वे तीन वर्ष महज किताबी शिक्षा के नहीं थे। उन तीन सालों ने मुझे सिखाया कि स्कूल और कॉलेज में बहुत बड़ा अंतर है। स्कूल आपको नियम सिखाता है, लेकिन कॉलेज आपको उन नियमों को लागू करना और समाज की विसंगतियों से लड़ना सिखाता है। 90 के दशक की वह यादें आज भी जहन में ताजा हैं। वह हिंदी की क्लास, छात्र संघ की सीढ़ियां और वह संकल्प जिसने मुझे एक साधारण छात्र से एक जिम्मेदार नागरिक और जनसेवक की राह पर आगे बढ़ाया। पीपीएन कॉलेज ने मुझे मेरी आवाज दी।

## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में न्यायमूर्ति लीसा गिल ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित किया गया था। राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने 25 अप्रैल को जस्टिस गिल को शपथ दिलाई। जस्टिस गिल ने जस्टिस धीरज सिंह ठाकुर की जगह ली है, जो 24 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गए।
- हाल ही में भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता नई दिल्ली के भारत मंडपम में हस्ताक्षरित किया गया। इस समझौते पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री माननीय टॉड मैक्ले ने हस्ताक्षर किए। इस समझौते को दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम के रूप में देखा जा सकता है। इसका उद्देश्य व्यापार बाधाओं को दूर करना, बाजार तक पहुंच में सुधार करना और दीर्घकालिक आर्थिक अवसर पैदा करना है।
- हाल ही में भारत ने एक बड़े आर्थिक बदलाव की तैयारी शुरू कर दी है, क्योंकि नीति आयोग ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के लिए एक नई दो-चरणों वाली रणनीति पेश की है। डीपीआई का यह नया चरण 2047 तक देश को $30 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखता है। इस रोडमैप का शीर्षक 'DPI@2047 : The Roadmap to Prosperity' है, जो यह बताता है कि कैसे डिजिटल सिस्टम अलग-अलग क्षेत्रों में समावेशी विकास, इनोवेशन और उत्पादकता को बढ़ावा देंगे। इस विजन का लक्ष्य प्रति व्यक्ति आय को $18,000 तक पहुंचाना भी है, जो बड़े पैमाने पर आर्थिक सशक्तिकरण का संकेत देता है।
- हाल ही में भारत के क्रिकेट दिग्गज विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में 9000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने यह उपलब्धि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए मैच के दौरान हासिल की।

## जॉब अलर्ट

### भारतीय रिजर्व बैंक सेवा बोर्ड

- पद का नाम-ग्रेड 'B' (DR) में अधिकारी (परिवीक्षा पर) – सामान्य / DEPR / DSIM कैडर
- सेवा-सामान्य कैडर / DEPR कैडर / DSIM कैडर
- कुल रिक्तियां-60 (PwBD पदों सहित)
- वेतनमान -शुरुआती मूल वेतन 78,450/- प्रति माह, 78450-4050(9)-114900-EB-4050(2)-123000-4650(4)-141600 (16 वर्ष) के वेतनमान में, सकल परिलब्धियां लगभग 1,54,936/- प्रति माह (HRA के बिना)
- वेबसाइट -www.rbi.org.in

### LIC Housing Finance Limited

- पद का नाम-जूनियर असिस्टेंट
- कुल रिक्तियां-180 पद
- रोजगार का प्रकार-नियमित / स्थायी राष्ट्रीयता भारतीय
- आवेदन की अंतिम तिथि-30 अप्रैल 2026
- वेबसाइट-www.lichousing.com

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

- पद का नाम- अप्रेंटिस (अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 के तहत नियुक्ति) विभाग मानव संसाधन वर्टिकल, जनशक्ति नियोजन और भर्ती प्रभाग
- कुल पद-1865 (जिसमें 98 PWD शामिल हैं) वजीफा Rs. 15,000/- (ग्रामीण/अर्ध-शहरी) | Rs. 18,000/- (शहरी) | Rs. 20,000/- (मेट्रो) प्रति माह
- प्रशिक्षण की अवधि-अनुबंध की तारीख से एक वर्ष
- आवेदन का तरीका- केवल ऑनलाइन (BFSI SSC पोर्टल के माध्यम से)
- चयन का तरीका- ऑनलाइन परीक्षा (100 अंक, 60 मिनट) + स्थानीय भाषा की प्रवीणता परीक्षा
- वेबसाइट- www.unionbankofindia.co.in

### PGIMER चंडीगढ़

- पद-सीनियर रेजिडेंट, सीनियर मेडिकल ऑफिसर, सीनियर/जूनियर डेमोंस्ट्रेटर
- कुल पद-134 पद (PGIMER में 119 + संगरूर में 15)
- आवेदन करने की अंतिम तारीख-11 मई 2026
- CBT की तारीख-22 मई 2026
- वेबसाइट-www.pgimer.edu.in

# स्कूल की चौखट पर खड़ा बाजार, भीतर सिमटती शिक्षा

निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी पुस्तकों के अनुपालन का सवाल अब महज पाठ्य सामग्री का विवाद नहीं रहा, बल्कि यह देश की शिक्षा व्यवस्था के चरित्र की परीक्षा बन चुका है। जब एक ओर कानून स्पष्ट दिशा देता हो और दूसरी ओर संस्थान स्वार्थवश उससे भटकें, तो यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि नैतिक विचलन का संकेत होता है। अप्रैल 2026 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा केंद्र, सीबीएसई और सभी राज्यों को जारी नोटिस ने इस विडंबना को उजागर किया है। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या शिक्षा का अधिकार कानून केवल औपचारिक घोषणा बनकर रह गया है या उसे लागू करने की प्रतिबद्धता ही क्षीण हो गई है। यह पूरा घटनाक्रम बताता है कि शिक्षा में समानता का मूल सिद्धांत निरंतर दबाव और उपेक्षा के बीच संघर्ष कर रहा है।



आर के जैन
प्रोफेसर

शिक्षा का अधिकार कानून 2009 की धारा 29 ने स्पष्ट रूप से यह प्रावधान किया था कि प्रारंभिक शिक्षा (कक्षा 1 से 8) में पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों का निर्धारण एनसीईआरटी या संबंधित एससीईआरटी द्वारा किया जाएगा। इसी सोच के तहत एनसीईआरटी और एससीईआरटी को पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों के निर्धारण का अधिकार सौंपा गया। इन संस्थाओं द्वारा तैयार पुस्तकें न केवल शैक्षणिक रूप से संतुलित और विश्वसनीय होती हैं, बल्कि आम परिवारों के लिए किफायती भी रहती हैं। इसके विपरीत, निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें इस मूल उद्देश्य को कमजोर करती हैं। जब एक ही कक्षा की पुस्तकों पर हजारों रुपये खर्च होने लगें, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या शिक्षा अब अधिकार से ज्यादा एक लाभकारी व्यापार में बदलती जा रही है।

निजी विद्यालयों में महंगी पुस्तकों को अनिवार्य बनाना कोई आकस्मिक भूल नहीं, बल्कि एक सुव्यवस्थित आर्थिक तंत्र की ओर संकेत करता है। कई स्थानों पर स्कूल और प्रकाशक मिलकर ऐसा गठजोड़ रचते हैं, जिसमें शिक्षा का उद्देश्य पीछे छूट जाता है और मुनाफा केंद्र में आ जाता है। अभिभावकों को "उच्च गुणवत्ता" और "अधिक उपयोगी सामग्री" का हवाला देकर इन पुस्तकों को खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है, जबकि इन दावों की ठोस पुष्टि प्रायः नहीं होती। इस पूरी प्रक्रिया में अभिभावकों की विवशता का व्यवस्थित दोहन होता है और वे विरोध करने में असहाय महसूस करते हैं। ऐसी प्रवृत्ति शिक्षा के नैतिक आधार को कमजोर करती है और संस्थागत विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती है।



सबसे चिंताजनक परिणाम एक तेजी से गहराते शिक्षा-विभाजन के रूप में सामने आता है। जहां सरकारी विद्यालयों के बच्चे सस्ती, मानकीकृत और समान पुस्तकों से पढ़ते हैं, वहीं निजी स्कूलों के छात्र महंगी और अलग सामग्री पर निर्भर होते हैं, जिससे उनके ज्ञान का आधार ही भिन्न बन जाता है। यही अंतर आगे चलकर अवसरों की खाई को और चौड़ा कर देता है। मध्यम और निम्न वर्गीय परिवार पहले से ही शिक्षा पर बढ़ते खर्चों का दबाव झेल रहे हैं, ऐसे में किताबों का अतिरिक्त आर्थिक बोझ उनके लिए बेहद असहनीय हो जाता है। यह स्थिति केवल आर्थिक असमानता को नहीं बढ़ाती, बल्कि समाज में गहराते असंतुलन और विभाजन को भी और मजबूत करती है।

इस पूरे परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की पहल एक महत्वपूर्ण और समयोचित हस्तक्षेप के रूप में सामने आती है, जिसने शिक्षा के अधिकार को मानवाधिकार के व्यापक दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता को और स्पष्ट किया है। अनावश्यक तथा भारी-भरकम पुस्तकों का बढ़ता बोझ बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, जो राष्ट्रीय स्कूल बैग पॉलिसी-2020 की मूल भावना के विपरीत है। यदि राज्य सरकारें और संबंधित संस्थाएं अब भी इस मुद्दे पर उदासीन बनी रहती हैं, तो यह केवल प्रशासनिक अक्षमता नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्वों की स्पष्ट उपेक्षा मानी जाएगी। इसलिए इस विषय को अब सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ठोस और प्रभावी कदम उठाना अनिवार्य हो गया है।

समान पाठ्य सामग्री सिर्फ शैक्षणिक जरूरत नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और अवसर की समानता का एक अहम स्तंभ है। अब सरकार और समाज दोनों के सामने यह स्पष्ट विकल्प है कि शिक्षा को बराबरी का सेतु बनाया जाए या उसे विभाजन की खाई में बदलने दिया जाए।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,496.36 | 24,177.65 |
| बढ़त | 609.45 | 181.95 |
| प्रतिशत में | 0.79 | 0.76 |

सोना 1,52,800 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,44,500 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, गुरुवार ,30 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** :-तुलसी 2535, राज श्री 1940, फ़ॉर्चून कि. 2695, रविन्द्रा 2480, फॉर्चुन 13kg 2375, जय जवान 2080, सचिन 2300, सूरज 2080, अवसर 2125, उजाला 2070, गृहणी 13 kg 2130, क्लासिक (kg) 2440, मोर 2285, चक्र टिन 2505, ब्लू 2380, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2490

**किराना** :- निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150

**चावल** :-(प्रति कु0)- डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400,लाडली 4400

**दाल दलहन** :- मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10700-12200, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 7000-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000-11600, अरहर कोरी छोटी 12600

**चीनी** :- द्वारकेश 4300, बहेड़ी 4280, सितारगंज 4250

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**- सोना पक्के आभूषण 151700, सोना गिन्नी 147700, चांदी (पक्की) 2430 (अनुमानित)

## बिजनेस ब्रीफ

### फेडरल बैंक का शुद्ध लाभ 22 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के फेडरल बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में 22 प्रतिशत बढ़कर 1,341 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 1,091 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। फेडरल बैंक ने बताया कि उसे आयकर रिफंड पर ब्याज के रूप में 456 करोड़ रुपये का एकमुश्त लाभ मिला है।

# गंगा एक्सप्रेस-वे से 12 जिलों में आर्थिक क्रांति की नींव

## मेरठ से प्रयागराज तक बनेगा एकीकृत आर्थिक नेटवर्क, मैन्युफैक्चरिंग, एग्री-बेस्ड इंडस्ट्री और टेक्सटाइल को मिलेगा बढ़ावा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** गंगा एक्सप्रेस-वे मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज जैसे 12 जिलों को जोड़ते हुए व्यापक आर्थिक परिवर्तन की आधारशिला रख रहा है। अलग-अलग क्षेत्रों की आर्थिक विशेषताओं के अनुरूप नए अवसर उभर रहे हैं।

मेरठ-हापुड़ में मैन्युफैक्चरिंग और स्पोर्ट्स गुड्स, बुलंदशहर-अमरोहा में फूड प्रोसेसिंग व डेयरी, शाहजहांपुर-हरदोई में एग्री-बेस्ड इंडस्ट्री, उन्नाव-रायबरेली में टेक्सटाइल व एमएसएमई और प्रयागराज में लॉजिस्टिक्स व टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। इस तरह यह एक्सप्रेस-वे विभिन्न आर्थिक गतिविधियों को जोड़कर एक इंटरकनेक्टेड नेटवर्क तैयार करता है। गंगा एक्सप्रेस-वे को केवल सड़क परियोजना नहीं, बल्कि इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट कॉरिडोर के रूप में डिजाइन किया गया है। दो मुख्य टोल प्लाजा, 19 रैंप टोल, 9 जनसुविधा परिसर, 960 मीटर लंबे गंगा ब्रिज और 720 मीटर रामगंगा ब्रिज जैसी संरचनाएं इसे मजबूत बनाती हैं। 120 मीटर का राइट ऑफ वे भविष्य के विस्तार और औद्योगिक विकास के लिए पर्याप्त स्थान देता है।

- **दो मुख्य टोल प्लाजा, 19 रैंप टोल 9 जनसुविधा परिसर, 960 मीटर लंबे गंगा ब्रिज और 720 मीटर रामगंगा ब्रिज हैं इसकी मजबूती**




### गाड़ियां ही नहीं, दौड़ेंगे सपने और अवसर

गंगा एक्सप्रेस-वे सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के आर्थिक भविष्य की नई धुरी बनकर उभर रहा है। यहां अब केवल गाड़ियां ही नहीं, बल्कि निवेश, उद्योग, सपने और अवसर भी दौड़ेंगे। यह प्रोजेक्ट पश्चिमी यूपी की औद्योगिक क्षमता को पूर्वांचल के कृषि और श्रम आधारित क्षेत्रों से जोड़ता है। इससे उत्पादन, आपूर्ति और बाजार के बीच दूरी कम होगी और प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

### वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की ओर ...

उत्तर प्रदेश के एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था लक्ष्य में यह एक्सप्रेस-वे 'इकोनॉमिक मल्टीप्लायर' की भूमिका निभाएगा। बेहतर कनेक्टिविटी से निवेश बढ़ेगा, उद्योग स्थापित होंगे, रोजगार सृजित होंगे और आय में वृद्धि होगी। इस तरह गंगा एक्सप्रेस-वे प्रदेश को इंफ्रास्ट्रक्चर-ड्रिवन ग्रोथ मॉडल की ओर ले जाकर आर्थिक नेतृत्व की नई दिशा देगा।

### मुख्यमंत्री योगी की प्रतिबद्धता और सक्रिय निगरानी रही निर्णायक

इस पूरे प्रोजेक्ट की गति बनाए रखने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सक्रिय निगरानी और प्रतिबद्धता निर्णायक रही। उन्होंने नियमित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठकों के माध्यम से हर चरण की प्रगति पर नजर रखी, जबकि उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) की सक्रिय भूमिका ने जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन को गति दी। ड्रोन सर्वे, डिजिटल ट्रैकिंग और रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग से कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की गई। परिणामस्वरूप, यह मेगा प्रोजेक्ट न केवल चुनौतियों को पार करता हुआ आगे बढ़ा, बल्कि तय समयसीमा में पूरा होकर प्रभावी प्रशासन और मजबूत नेतृत्व का उदाहरण भी बना।

### निवेश का हाईवे, रोजगार का इंजन

एक्सप्रेस-वे के किनारे विकसित हो रहे इंडस्ट्रियल और लॉजिस्टिक्स हब इसे निवेश का प्रमुख केंद्र बना रहे हैं। वेयरहाउसिंग, कोल्ड स्टोरेज, एमएसएमई, फूड प्रोसेसिंग और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग जैसे सेक्टर तेजी से विकसित होंगे। इससे लाखों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे और स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में अवसर मिलेंगे।

## भारत-केन्या ने की अपनी मुद्राओं में व्यापार पर चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अफ्रीका क्षेत्र में भारत के एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार के रूप में उभर रहे केन्या के साथ नैरोबी में हुई एक बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग की समीक्षा की है। दोनों देशों ने इसे और विस्तृत एवं मजबूत बनाने के अलावा अपनी मुद्राओं में व्यापार करने की संभावनाओं पर भी पर चर्चा की।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार भारत-केन्या संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) की 27-28 अप्रैल को नैरोबी में हुई दसवीं बैठक में दोनों पक्षों ने स्थानीय मुद्राओं में व्यापार निपटान को बढ़ावा देने की संभावना को स्वीकार किया है। यह उल्लेख किया गया कि केन्याई बैंकों ने भारतीय बैंकों के साथ विशेष रुपये पर आधारित वोस्त्रो खाते (एसआरवीए) खोले हैं, और इस व्यवस्था का अधिक उपयोग द्विपक्षीय लेनदेन को सुगम बना सकता है।

# वाहन और दूरसंचार शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी, सेंसेक्स 609 अंक उछला

मुंबई,एजेंसी

एशियाई बाजारों में मजबूती और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, वाहन एवं दूरसंचार शेयरों में लिवाली के बीच बुधवार को घरेलू बाजार चढ़कर बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 609 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि एनएसई निफ्टी में 182 अंक की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 609.45 अंक यानी 0.79 फीसदी उछलकर 77,496.36 अंक अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,095.6 अंक तक चढ़ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 181.95 अंक यानी 0.76 प्रतिशत बढ़कर 24,177.65 अंक पर पहुंच गया।

प्रमुख वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी का शेयर सकारात्मक नतीजों के बाद 2.82 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 में 14,679.5 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड वार्षिक शुद्ध लाभ दर्ज किया है।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का सूचकांक कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए।


ब्रेंट क्रूड 114.4 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया

**बढ़त के साथ बंद हुए शेयर** :- आईटीसी लिमिटेड, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और महिंद्रा एंड महिंद्रा।

**नुकसान में रहे शेयर** :- इंटरग्लोब एविएशन, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में गिरावट देखी गई।

### स्माल कैप 0.75% चढ़ा, मिडकैप 0.49% फिसला

छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.75 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.49 प्रतिशत की गिरावट आई। क्षेत्रवार सूचकांकों में दैनिक उपभोग के सामान (एफएमसीजी) खंड में सर्वाधिक 1.57 प्रतिशत की तेजी रही जबकि रियल्टी खंड में 1.42 प्रतिशत, दूरसंचार खंड में 1.28 प्रतिशत और ऊर्जा खंड में 1.14 प्रतिशत की बढ़त रही।

- वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 114.4 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।
- विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 2,103.74 करोड़ की बिकवाली व घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 1,712.01 करोड़ की खरीदारी की।

रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि बाजार में तेजी के पीछे तिमाही नतीजों से जुड़ी उम्मीद और चुनिंदा प्रमुख कंपनियों में खरीदारी प्रमुख कारण रहे। हालांकि कच्चे तेल के दाम 110 डॉलर प्रति बैरल के पार चले जाने से तेजी पर लगाम रही। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-कमजोर वैश्विक संकेतों और कच्चे तेल के ऊंचे दाम के बावजूद निवेशकों ने गिरावट का फायदा उठाकर खरीदारी की।

## सोना 1,500 रुपये टूटा, चांदी में बढ़त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमत में 1,500 रुपये की गिरावट आई और यह 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। यह गिरावट मुनाफावसूली के कारण हुई, क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के बारे में फैसले से पहले कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से महंगाई को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमतों में मामूली बढ़त दर्ज की गई। यह 500 रुपये बढ़कर 2,44,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। 99.9 % शुद्धता वाला सोना 1,500 रुपये यानी एक प्रतिशत गिरकर 1,52,800 रुपये (सभी करों सहित) प्रति 10 ग्राम रह गया।

# प्राकृतिक आपदा में बैंक कर्जदारों को खुद दे सकेंगे राहत, आरबीआई ने दी मंजूरी

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत उपायों पर संशोधित दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि बैंक अब उधारकर्ताओं के अनुरोध का इंतजार किए बिना ही उन्हें राहत दे सकेंगे। नए नियम एक जुलाई, 2026 से लागू हो जाएंगे।

केंद्रीय बैंक ने अपने निर्देश में कहा है कि कर्जदाताओं को सभी पात्र उधारकर्ताओं को अपने स्तर पर ही राहत देने की अनुमति होगी। हालांकि ग्राहक चाहें तो प्राकृतिक आपदा घोषित होने के 135 दिनों के भीतर इससे बाहर निकल सकते हैं।




नए दिशा-निर्देश वाणिज्यिक बैंकों, लघु वित्त बैंकों, सहकारी बैंकों, एनबीएफसी और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों पर लागू होंगे।

आरबीआई के मुताबिक, आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बैंक अस्थायी परिसरों से शाखाएं चला सकेंगे और सैटेलाइट ऑफिस, एक्सटेंशन काउंटर या मोबाइल बैंकिंग के जरिए सेवाएं बहाल कर सकेंगे। एटीएम सेवाओं को जल्द चालू करने और नकदी जरूरतों के लिए वैकल्पिक इंतजाम करने के भी निर्देश दिए गए हैं। बैंक अपने विवेक से एक वर्ष तक शुल्क और अन्य मदों में छूट या कटौती कर सकते हैं।

राहत केवल उन खातों को मिलेगी जो स्टैंडर्ड श्रेणी में हैं और आपदा के समय 30 दिन से अधिक बकाया में नहीं थे।आरबीआई ने यह भी कहा कि अगर आपदा के बाद कोई खाता गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) हो जाता है, तो समाधान योजना लागू होने पर उसे फिर से 'स्टैंडर्ड' श्रेणी में अद्यतन किया जा सकेगा।

## टाटा मोटर्स ने एक वर्ष में दाखिल किए 144 पेटेंट आवेदन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी टाटा मोटर्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 में 144 पेटेंट आवेदन दाखिल किए। यह एक वर्ष में अब तक की सर्वाधिक संख्या है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि ये आवेदन वाहन सुरक्षा को अच्छा बनाने, विश्वसनीयता बढ़ाने, ग्राहकों की कुल लागत को कम करने और यात्रियों के आराम को बेहतर बनाने जैसे रणनीतिक लक्ष्यों के अनुरूप हैं। टाटा मोटर्स के उपाध्यक्ष एवं इंजीनियरिंग प्रमुख अनिरुद्ध कुलकर्णी ने कहा कि 2025-26 में दाखिल पेटेंट आवेदनों की रिकॉर्ड संख्या हमारी इंजीनियरिंग टीम के जुनून, रचनात्मकता और तकनीकी उत्कृष्टता का प्रमाण है। आगे भी हम अपनी क्षमताओं का उपयोग ग्राहकों, समाज और देश के दीर्घकालिक हितों के लिए करते रहेंगे।

### सरकार ने हब-एंड-स्पोक मॉडल पर अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के संचालन का एसओपी जारी किया

**नई दिल्ली,एजेंसी।** नागर विमानन मंत्रालय ने विमानों के संचालन का हब-एंड-स्पोक (एचएंडएस) मॉडल लागू करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है, जिससे यात्रियों के लिए घरेलू से अंतरराष्ट्रीय यात्रा के बीच जुड़ना अधिक सुगम होगा। इस मॉडल के तहत छोटे हवाई अड्डों यानी स्पोक से यात्री बड़े हवाईअड्डों यानी हब के जरिए अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों तक पहुंच सकेंगे। सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया जून से वाराणसी से इस विमानन मॉडल पर आधारित परीक्षण शुरू कर सकती है। इसमें यात्री पहले दिल्ली और फिर वहां से लंदन के लिए उड़ान भरेंगे। मंत्रालय की तरफ से 27 अप्रैल को जारी एसओपी के अनुसार, यात्रियों का आव्रजन और सीमा शुल्क मंजूरी यात्रा की शुरुआत वाले हवाई अड्डे और अंतिम गंतव्य पर होगा जबकि हब एयरपोर्ट पर उनका सामान बाहर निकाले बगैर सीधे अगली उड़ान में भेज दिया जाएगा।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# बंगाल चुनाव: भांगर में मतदान के दौरान तनाव आईएसएफ ने धमकाने के लगाए आरोप

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में बुधवार को दूसरे चरण के मतदान के दौरान दक्षिण 24 परगना के भांगर और उसके आसपास के इलाकों में तनाव का माहौल रहा, जहां इंडियन सेक्युलर फ्रंट( आईएसएफ) ने तृणमूल कांग्रेस पर मतदान एजेंटों को डराने और मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का मतदान जारी रहने के बीच, कम से कम सात विधानसभा क्षेत्रों में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अधिकारियों को तैनात किया गया है।

पुलिस ने 26 अप्रैल को भांगर में तृणमूल कार्यकर्ता बताये जा रहे एक व्यक्ति के घर से देसी बम बरामद किए थे। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर एनआईए ने राज्य में 79 देसी बमों की बरामदगी की जांच के लिए मामला दर्ज किया। भांगर और कैनिंग पूर्व क्षेत्र के कई इलाकों से सुबह से ही अशांति की खबरें आ रही थीं। संवेदनशील क्षेत्रों में केंद्रीय बलों, राज्य पुलिस और एनआईए टीम की तैनाती की गई।


अभिनेता प्रोसेनजीत चटर्जी (दाएं) और उनके बेटे त्रिशांजीत मतदान करने के बाद।

### आरजी कर पीड़िता की मां का तृणमूल ने किया विरोध

कोलकाता। पानीहाटी सीट से भाजपा उम्मीदवार एवं आरजी कर बलात्कार-हत्या मामले की पीड़िता की मां रत्ना देवनाथ को उत्तर 24 परगना जिले में स्थित एक मतदान केंद्र पर जाने के दौरान तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। देवनाथ ने आरोप लगाया कि मतदाताओं को प्रभावित करने के आरोप को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ हुई बहस के बाद सत्तारूढ़ दल के समर्थकों ने उन्हें बूथ परिसर से बाहर निकलने से रोक दिया।, केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों ने उन्हें वहां से निकलने में मदद की। उन्होंने केंद्रीय बलों से उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया।

## तृणमूल सांसद ने केंद्रीय बलों पर लगाया नागरिकों पर लाठीचार्ज का आरोप

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष ने बुधवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान दक्षिण 24 परगना जिले में एक मतदान केंद्र के पास केंद्रीय सुरक्षा बलों ने महिलाओं और एक बच्चे सहित नागरिकों पर लाठीचार्ज किया। घोष ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में सुरक्षा बलों पर अविश्वसनीय हिंसा का आरोप लगाया। दावा किया कि महिलाओं पर लाठीचार्ज करने के बाद अर्धसैनिक बल के जवानों ने एक बच्चे को घायल कर दिया। घोष ने कहा कि यह अस्वीकार्य है। निर्वाचन आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयास के आरोपों के बाद सुरक्षा बलों ने फाल्टा के बेलसिंह इलाके में एक बूथ के बाहर एक समूह पर लाठीचार्ज किया, जिसमें पुरुष और महिलाएं शामिल थीं।

## कैमरे की नजर में पश्चिम बंगाल चुनाव

बुधवार को पश्चिम बंगाल चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण का मतदान हुआ। देखिए झलकियां....


कोलकाता में अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर में एक बूथ का निरीक्षण करने पहुंचीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।


कोलकाता के भवानीपुर में एक बूथ पर भाजपा प्रत्याशी शुभेंदु अधिकारी।


मतदान के बाद उंगली पर स्याही का चिह्न दिखाती महिला।


सेंट मैरी चर्च एंड स्कूल के बूथ पर मतदान को पहुंची मिशनरीज ऑफ चैरिटी की नन, उनकी जांच करते केंद्रीय बल के जवान।


मतदान के लिए ला मार्टिनियर स्कूल फॉर बॉयज़ के मतदान केंद्र पर कतार में खड़े इस्कॉन के साधुओं की जांच करता जवान।


एक मतदान केंद्र पर वोट डालकर बाहर आती वृद्ध महिला।

सभी फोटो : शुभंकर चक्रवर्ती

### इन क्षेत्रों में दोबारा होगा मतदान: मुख्य निर्वाचन अधिकारी

कोलकाता,एजेंसी। पश्चिम बंगाल के सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि राज्य के उन क्षेत्रों में दोबारा मतदान कराया जाएगा, जहाँ से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के साथ छेड़छाड़ की रिपोर्टें मिली हैं। कहा कि जहाँ कहीं भी मशीन के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आई हैं, चाहे वह टेप चिपकाकर की गई हो या किसी अन्य तरीके से, हम वहां फिर से मतदान करवाएंगे।

## एक ही क्षेत्र में पहुंचे ममता-शुभेंदु अधिकारी, कसे तंज

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी बुधवार सुबह भवानीपुर के चक्रबेड़िया स्थित एक ही मतदान केंद्र से संबंधित क्षेत्र में पहुंचे और बिना किसी सीधे संवाद या औपचारिक अभिवादन के एक-दूसरे पर तंज कसते नजर आए। यह स्थिति मुख्यमंत्री के राजनीतिक गढ़ में जारी प्रतिष्ठा की लड़ाई को रेखांकित करती है। बनर्जी चक्रबेड़िया के वार्ड नंबर 70 में स्थानीय तृणमूल नेताओं को कथित तौर पर डराने-धमकाने की शिकायत मिलने के बाद मतदान केंद्र के बाहर बैठी हुई थीं, तभी अधिकारी भी वहां पहुंचे। हालांकि, दोनों आमने-सामने नहीं आए। बनर्जी जब पार्टी कार्यालय के बरामदे में बैठी थीं, तभी अधिकारी केंद्रीय बलों के कर्मियों की एक बड़ी टुकड़ी के साथ ठीक सामने वाली सड़क पर पहुंचे और मुख्यमंत्री पर हमला बोलते हुए दावा किया कि उन्हें (ममता बनर्जी) को एहसास हो गया है कि 'एक भी वोट' उनके पक्ष में नहीं आ रहा है। बनर्जी भाजपा पर केंद्रीय बलों, पुलिस पर्यवेक्षकों और चुनाव अधिकारियों के जरिए चुनाव में धांधली करने की कोशिश करने का आरोप लगाया जबकि अधिकारी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे हताशा का संकेत बताया।



## बंगाल चुनाव में केंद्रीय बल भाजपा की मदद कर रहे: ममता बनर्जी

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि विधानसभा चुनावों के लिए तैनात केंद्रीय बल भाजपा के पक्ष में काम कर रहे हैं और दावा किया कि राज्य में चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से नहीं कराए जा रहे हैं। भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के मित्रा इंस्टीट्यूशन स्कूल में मतदान करने के बाद ममता बनर्जी ने केंद्रीय बलों पर तीखा हमला बोला। बनर्जी ने आरोप लगाया कि उनके पार्टी कार्यकर्ताओं और पोलिंग एजेंटों को डराया-धमकाया जा रहा है और उन्हें मतदान केंद्रों से बाहर निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बलों द्वारा किए जा रहे अत्याचार अभूतपूर्व हैं। जो कुछ हो रहा है वह किसी भी तरह से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव नहीं है।

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि केंद्रीय बलों को उनके संवैधानिक कर्तव्य निभाने के बजाय पक्षपातपूर्ण राजनीतिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा का नाम लिए बिना कहा कि केंद्रीय बलों को देश की सीमाओं की रक्षा करनी चाहिए, लेकिन इसके बजाय वे एक विशेष पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। बनर्जी ने दावा किया कि तृणमूल कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है। बनर्जी ने आरोप लगाया कि उन्होंने हमारे कई कार्यकर्ताओं पर हमला किया है और हमारे मतदान एजेंटों को बूथ छोड़ने के लिए मजबूर किया है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इससे पहले भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का दौरा किया था, जिनमें चेतला, पद्मपुकुर और चक्रबेरिया इलाके शामिल हैं। यह दौरा स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेताओं से कथित धमकी और अनियमितताओं की शिकायतें मिलने के बाद किया गया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### जवाबी कार्रवाई: ब्रिटेन ने रूसी राजनयिक को निष्कासित किया

**लंदन।** ब्रिटेन ने मॉस्को द्वारा हाल में एक ब्रिटिश अधिकारी के निष्कासन और उसके बाद चलाए गए अभियान के जवाब में बुधवार को एक रूसी राजनयिक को निष्कासित कर दिया। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय ने कहा कि उसने रूसी राजदूत को लंदन स्थित अपने कार्यालय में तलब कर जवाबी कार्रवाई की जानकारी दी। इससे मॉस्को और पश्चिमी देशों के बीच बढ़ते तनाव का पता चलता है। विदेश कार्यालय ने कहा, यह व्यवहार पूरी तरह अस्वीकार्य है, और हम अपने राजनयिक कर्मचारियों के उत्पीड़न या उन्हें धमकी दिए जाने को बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह कदम तब उठाया गया जब पिछले महीने रूस ने जासूसी के आरोपों पर ब्रिटिश राजनयिक को निष्कासित कर दिया था।

### लंदन में यहूदियों पर चाकू से हमला आतंकी घटना : पुलिस

**लंदन।** लंदन पुलिस ने यहूदियों की बड़ी आबादी वाले एक इलाके में बुधवार को समुदाय से जुड़े दो पुरुषों पर चाकू से किए गए हमले को आतंकवादी घटना करार दिया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि हमारे यहूदी समुदाय पर हमले ब्रिटेन पर हमले के समान हैं। लंदन पुलिस ने कहा कि इस बात की जांच की जा रही है कि क्या बुधवार के हमले में विशेष रूप से यहूदी समुदाय को निशाना बनाया गया। पुलिस ने बताया कि गोल्डर्स ग्रीन इलाके में 34 साल और 76 साल के दो यहूदी पुरुष चाकू से किए गए हमले में घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, संदेह के आधार पर 45 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

### श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति पर अदालत में चलेगा अभियोग

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और उनके सचिव समन एकनायके पर 1.66 करोड़ श्रीलंकाई रुपये के सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले में अभियोग चलाया जाएगा। पूर्व राष्ट्रपति और एकनायके पर आरोप है कि वर्ष 2023 में विक्रमसिंघे की पत्नी के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए ब्रिटेन स्थित एक विश्वविद्यालय की यात्रा पर सरकारी धन खर्च किया गया था। विक्रमसिंघे ने 2022 से 2024 तक राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। उन्होंने तर्क दिया कि यह वॉल्वरहैम्प्टन विश्वविद्यालय का एक आधिकारिक निमंत्रण था।

# ईरान युद्ध में खुद ही चौतरफा घिरा अमेरिका, ट्रंप की बढ़ने लगीं मुश्किलें

## तय समयसीमा में युद्ध समाप्त न करने पर अमेरिकी कानून मांग सकता है जवाब

**कैनबरा, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने ईरान के खिलाफ जारी युद्ध को समाप्त करने की समयसीमा तेजी से नजदीक आ रही है। इस समयसीमा को पार करना अमेरिकी कानून का उल्लंघन माना जाएगा। लिहाजा इसके बाद ट्रंप की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। ट्रंप के लिए हालात इसलिए ज्यादा दुष्कर माने जा रहे हैं क्योंकि मध्यावधि चुनाव में केवल छह महीने शेष बचे हैं और कांग्रेस में उनका बहुमत भी बेहद कम है।

अमेरिकी कानून वॉर पावर्स रिजोल्यूशन 1973 के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति कांग्रेस की अनुमति के बिना 60 दिनों तक युद्ध छेड़ सकते हैं। इसके बाद कांग्रेस को युद्ध की मंजूरी देनी होती है वर्ना राष्ट्रपति को सैन्य कार्रवाई समाप्त करनी पड़ती है। फिलहाल अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम लागू है, लेकिन ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी बनाए रखने के लिए तैनात अमेरिकी नौसैनिक बलों और जहाजों पर यह कानून लागू होगा। ऐसे में इन सवालों का जवाब तलाश पाना मुश्किल साबित हो रहा है कि 60 दिनों की समयसीमा समाप्त होने के बाद भी ट्रंप पीछे हटने से इन्कार करते हैं तो क्या होगा। माना जा रहा है कि ईरान संघर्ष में यह कानून रिपब्लिकन सांसदों को इस युद्ध को समाप्त करने का माध्यम प्रदान कर सकता है। इस कानून की दो धाराओं के तहत युद्ध समाप्त करने की समयसीमा लागू होती है।



बुधवार को ट्रंप ने ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय के साथ राजकीय रात्रिभोज किया।

### अर्थव्यवस्था पर आंच... तेल महंगाई के कारण अमेरिकी शेयर बाजार गिरकर न्यूनतम स्तर पर

**वाशिंगटन।** ईरान के साथ चल रहे युद्ध के कारण तेल की कीमतों में आए एक और उछाल ने मंगलवार को अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट को रिकॉर्ड स्तर से नीचे धकेल दिया। शेयर बाजार सूचकांक 'एस एंड पी 500'' अपने नवीनतम सर्वकालिक उच्च स्तर से 0.5 प्रतिशत गिर गया। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज सूचकांक 25 अंक यानी 0.1 प्रतिशत लुढ़का, नैस्डैक कंपोजिट सूचकांक रिकॉर्ड स्तर से 0.9 प्रतिशत नीचे आ गया। जून अनुबंध के लिए ब्रेंट क्रूड तेल 2.8 प्रतिशत बढ़कर 111.26 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ, जबकि जुलाई अनुबंध में 2.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 104.40 डॉलर पर पहुंच गया। एएए रेटिंग के अनुसार, गैसोलिन की औसत कीमत बढ़कर 4.18 डॉलर गैलन हो गई है जो 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि गैस की ऊंची कीमतें अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती हैं और उपभोक्ता अपने खर्च में कटौती कर सकते हैं, जिससे समग्र जीडीपी वृद्धि को खतरा हो सकता है।

### रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ की होगी हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी में पेशी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को ईरान के खिलाफ युद्ध की शुरुआत के बाद पहली बार सांसदों के कड़े सवालों का सामना करना होगा। यह सुनवाई हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के समक्ष आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रशासन के 2027 के सैन्य बजट प्रस्ताव पर चर्चा होगी। यदि यह प्रस्ताव पारित हुआ तो सैन्य खर्च बढ़कर 1.5 ट्रिलियन डॉलर के ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर पहुंच जाएगा। डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद लगातार यह आरोप लगाते रहे हैं कि यह युद्ध कांग्रेस की मंजूरी के बिना शुरू किया गया था और कइयों ने इसे अनावश्यक बताते हुए इसकी आलोचना भी की है। उम्मीद जताई जा रही है कि हेगसेथ और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन अधिक ड्रोन, मिसाइल रक्षा प्रणाली और युद्धपोतों की आवश्यकता पर जोर देंगे। रक्षा मंत्री ने अब तक युद्ध के बारे में सांसदों के सार्वजनिक सवालों से दूरी बनाए रखी है, हालांकि उन्होंने केन के साथ मिलकर टेलीविजन पर ब्रीफिंग दी है। डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों द्वारा ईरान युद्ध की बढ़ती लागत, अमेरिकी गोला-बारूद की भारी कमी और एक स्कूल पर बमबारी जैसे मुद्दों को उठाने की संभावना है, जिसमें बच्चों की मौत हुई थी। इसके अलावा, कुछ सांसद सैन्य तैयारी पर भी सवाल उठा सकते हैं।

# ऐतिहासिक यात्रा पूरी करने के बाद प्रक्षेपण स्थल पर लौटा नासा का आर्टेमिस-2 यान

**केप केनवरल।** चार अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा के चारों ओर ले जाने वाला अंतरिक्ष यान उस स्थान पर वापस पहुंच गया है, जहां से उसकी यह ऐतिहासिक यात्रा शुरू हुई थी। नासा का आर्टेमिस-2 कैप्सूल मंगलवार को फ्लोरिडा स्थित कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र लौट आया, जहां से लगभग एक महीने पहले उसने आधी सदी से अधिक समय में मनुष्य की पहली चंद्र यात्रा के लिए उड़ान भरी थी।

ओरियन कैप्सूल 10 अप्रैल को प्रशांत महासागर में सफलतापूर्वक उतरा था, जिसके बाद उसे सैन डिएगो से ट्रक के जरिए केप केनवरल लाया गया। इंजीनियर अगले वर्ष आर्टेमिस-3 मिशन के दौरान पृथ्वी की कक्षा में यानों को जोड़ने (डॉकिंग) के परीक्षण की तैयारी के लिए कैप्सूल की हीट शील्ड सहित सभी प्रणालियों की विस्तार से जांच करेंगे।

कैप्सूल के इलेक्ट्रॉनिक बॉक्स हटाकर दोबारा उपयोग में लाए जाएंगे, साथ ही अनुसंधान उपकरण भी निकाले जाएंगे। अमेरिका-कनाडा के चालक दल द्वारा 'इंटीग्रिटी' नाम दिया गया यह कैप्सूल अंतरिक्ष यात्रियों को अब तक मानव द्वारा तय की गई सबसे अधिक दूरी तक अंतरिक्ष में ले गया।



### आर्टेमिस-3 : चंद्रमा पर 2028 में पड़ेंगे इंसानी कदम

आर्टेमिस-2 से पहले आखिरी बार 1972 में अंतरिक्ष यात्री अपोलो 17 मिशन में चंद्रमा तक गए थे। आर्टेमिस-3 के लिए नया कैप्सूल और नया चालक दल होगा। वे पृथ्वी की कक्षा में रहकर स्पेसएक्स और ब्लू ओरिजिन द्वारा विकसित किए जा रहे चंद्र लैंडर के साथ डॉकिंग अभ्यास करेंगे। इसके बाद 2028 तक दो नए अंतरिक्ष यात्रियों के चंद्रमा पर उतरने का मार्ग प्रशस्त होगा।

### फिलिस्तीन के पूर्व राजदूत को लेबनान ने हिरासत में लिया

**बेरुत।** लेबनान प्रशासन ने फिलिस्तीन के पूर्व राजदूत को उसके देश में पहुंचने के कुछ ही देर बाद भ्रष्टाचार के आरोप में हिरासत में ले लिया।

अधिकारियों ने बताया कि पूर्व राजदूत अशरफ डब्बूर को मंगलवार देर रात बेरूत के रफिक हरीरी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया गया। इन अधिकारियों में दो न्यायिक क्षेत्र एवं सुरक्षा क्षेत्र के अधिकारी हैं तथा उन्होंने पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर यह जानकारी दी।

# केजरीवाल को आबकारी मामले में जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका

- बरी किए जाने के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई 4 मई को
- जस्टिस स्वर्णकांता के कोर्ट में पेश न होने का कर चुके हैं एलान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति मामले में पूर्व दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य को बरी करने संबंधी अधीनस्थ अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के लिए चार मई की तारीख निर्धारित की है। आम आदमी पार्टी के नेता न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा के समक्ष चल रही सुनवाई में शामिल न होने का एलान कर चुके हैं। जस्टिस स्वर्णकांता ने उन्हें अपना जवाब दाखिल करने का अंतिम अवसर दिया है।

न्यायमूर्ति शर्मा ने 20 अप्रैल को मामले से खुद को अलग करने संबंधी केजरीवाल और सिसोदिया की याचिकाओं को खारिज कर दिया था जिसके बाद दोनों नेताओं ने इस सप्ताह की शुरुआत में न्यायमूर्ति शर्मा को एक पत्र लिखकर कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से या किसी वकील के माध्यम से उनके समक्ष पेश नहीं होंगे। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि अदालत को अब तक अधीनस्थ अदालत के सभी रिकॉर्ड प्राप्त नहीं हुए हैं जिनमें अधीनस्थ अदालत द्वारा पारित पिछले कुछ आदेश भी शामिल हैं और उन्होंने सीबीआई की याचिका पर सुनवाई चार मई तक के लिए स्थगित कर दी।

न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि हम रिकॉर्ड मंगवाएंगे और सोमवार से सुनवाई शुरू करेंगे। इसके साथ निर्देश दिया कि रिकॉर्ड कल तक मंगवा लिया जाए। अदालत ने यह भी गौर किया कि कई पक्षों ने अपने-अपने जवाब दाखिल कर दिए हैं लेकिन बरी किए गए कुछ आरोपियों ने अब तक ऐसा नहीं किया है। अदालत ने कहा, उन्हें जवाब दाखिल करने का एक और आखिरी मौका दिया जा रहा है।

### टिप्पणी हटाने की ईडी की याचिका पर भी सुनवाई

अदालत ने ईडी की उस याचिका पर सुनवाई के लिए भी चार मई की तारीख तय की है जिसमें अधीनस्थ अदालत के फैसले में ईडी के खिलाफ की गई कुछ टिप्पणियों को हटाने का अनुरोध किया गया है। अधीनस्थ अदालत ने 27 फरवरी को केजरीवाल, सिसोदिया और 21 अन्य को आबकारी नीति मामले में बरी कर दिया और अपने फैसले में कहा कि यह मामला न्यायिक जांच में पूरी तरह से खरा नहीं उतरता और पूरी तरह से निराधार है।

# अमेरिकी सैनिकों का अरब सागर में वाणिज्यिक जहाज पर हमला

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी मरीन सैनिकों ने इस शक के कारण अरब सागर में एक वाणिज्यिक जहाज पर धावा बोल दिया कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नाकाबंदी तोड़कर ईरान जा रहा था। एम/वी ब्लू स्टार 3 नाम के इस जहाज की तलाशी ली गई और बाद में यह पुष्टि होने के बाद उसे छोड़ दिया गया कि वह किसी ईरानी बंदरगाह की ओर नहीं जा रहा था।

अमेरिकी सेंट्रल कमान ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि सुबह अरब सागर में अमेरिकी मरीन सैनिकों ने एम/वी ब्लू स्टार 3 नामक एक वाणिज्यिक जहाज पर धावा बोल कर कार्रवाई की। सैनिकों ने जहाज की तलाशी लेने और इस बात की पुष्टि होने पर कि जहाज किसी ईरानी बंदरगाह पर नहीं रुकेगा, उसे जाने दिया। समुद्री यातायात निगरानी वेबसाइट के अनुसार एम/वी ब्लू स्टार 3 कोमोरोस के ध्वज के तहत चलने वाला एक कंटेनर जहाज है और यह ओमान के सोहार बंदरगाह की ओर जा रहा था। सेंट्रल कमान ने बताया कि नाकाबंदी का पालन सुनिश्चित करने के लिए 39 जहाजों का मार्ग बदला गया है। ईरान के खिलाफ 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल युद्ध शुरू होने के बाद से होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर जहाजों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ है जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजार प्रभावित हुआ है और लंबे समय तक आर्थिक नुकसान की आशंका बढ़ गई है।इस नाकाबंदी के कारण क्षेत्र के विभिन्न बंदरगाहों पर कई जहाज लंगर डाले हुए हैं।



- ईरान की ओर जाने का था शक पुष्टि न होने के बाद छोड़ा

### नाकेबंदी पर भड़का ईरान, कहा- समुद्री डकैतों जैसा रवैया दिखा रहा अमेरिका

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में की अमेरिका की आलोचना

**न्यूयॉर्क।** ईरान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका की कड़ी आलोचना करते हुए अमेरिका पर समुद्री डकैती को अंजाम देने और खास समुद्री क्षेत्र को बंधक बनाने का आरोप लगाया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावनी ने होर्मुज में ईरान के अपने कदमों का बचाव करते हुए कहा कि अमेरिकी नीतियां अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन कर रही हैं। जलमार्गों की सुरक्षा और संरक्षण पर सुरक्षा परिषद की एक खुली बहस में इरावनी ने अमेरिकी नीति के खिलाफ ईरान के कड़े रुख को स्पष्ट किया। उन्होंने हालिया अमेरिकी कार्रवाइयों को अंतरराष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय स्थिरता पर सीधा हमला बताते हुए घोषणा की कि अमेरिका समुद्री डकैतों और आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहा है। ईरानी राजदूत ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने 28 फरवरी से ईरान के खिलाफ एक गैरकानूनी समुद्री नाकाबंदी लागू कर दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में ईरानी वाणिज्यिक जहाजों को जब्त किया और चालक दल के सदस्यों को हिरासत में लिया, जो अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत समुद्री डकैती है।

# दिल्ली हाईकोर्ट: वर्चुअल सुनवाई के दौरान चले अश्लील वीडियो, रुकी कार्यवाही

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हो रही सुनवाई उस समय बाधित हो गई जब एक प्रतिभागी ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अश्लील वीडियो चला दिया। ऐसा ही वाकया कुछ और अदालतों में भी हुआ। सिर्फ मुख्य न्यायाधीश की अदालत में ही इस कारण तीन बार कार्यवाही बाधित हुई।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ के समक्ष इस घटना का उल्लेख करते हुए घटना की रिकॉर्डिंग के प्रसारण को रोकने के लिए कार्रवाई की मांग की। चेतन शर्मा ने कहा कि इस तरह की घटनाएं न्यायालय की पवित्रता और समग्र सत्यनिष्ठा को नुकसान पहुंचाती हैं। उन्होंने कहा, मुझे पता चला है कि दोपहर के भोजन से पहले के सत्र में एक नहीं बल्कि कई अदालतों में इस तरह की असहज करने वाली एक या उससे ज्यादा घटनाएं हुई हैं।

मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय ने कहा कि इस मामले में रजिस्ट्रार जनरल को प्रशासनिक रूप से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उच्च न्यायालय के नियमों के तहत अदालती कार्यवाही की रिकॉर्डिंग प्रतिबंधित है और यदि कोई अनधिकृत सामग्री प्रसारित हो रही है, तो अधिकारी उसका पता लगाएंगे। मुख्य न्यायाधीश की अदालत में एक प्रतिभागी के अश्लील वीडियो चलाने से वर्चुअल कार्यवाही दोपहर के भोजन से पहले के सत्र में तीन बार बाधित हुई। इसी बीच, पीछे से एक आवाज आई कि मीटिंग हैक हो गई है। इस ऑडियो में कहा जा रहा है, मीटिंग तुरंत बंद करें। आप हैक हो गए हैं। मीटिंग बंद करें। मीटिंग अभी खत्म नहीं हुई है। प्रत्येक घटना के बाद वर्चुअल मीटिंग कुछ समय के लिए रोक दी गई।





- मुख्य न्यायाधीश ने दिए रिकॉर्डिंग का प्रसारण रोकने के निर्देश

### बाली में एयर इंडिया के पायलट की दिल का दौरा पड़ने से मौत

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के एक पायलट की बुधवार को इंडोनेशिया के बाली में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। वह वहां विश्राम अवकाश पर थे।

एयरलाइन के एक अधिकारी के अनुसार, 40 वर्षीय यह फर्स्ट ऑफिसर मंगलवार को दिल्ली से बाली की उड़ान लेकर वहां पहुंचे थे। वह बाली में चालक दल के निर्धारित विश्राम पर थे, तभी उन्होंने अपने होटल में बेचैनी और अस्वस्थता की शिकायत की। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां पता चला कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा है। चिकित्सा दल के प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। बताया गया कि पायलट ने कुछ महीने पहले ही सभी अनिवार्य चिकित्सा जांच करवाई थीं।

# नरेंद्र दाभोलकर हत्याकांड के दोषी की जमानत मंजूर

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2013 में महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति (एमएएनएस) के संस्थापक नरेंद्र दाभोलकर की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए शरद कलस्कर की जमानत याचिका बुधवार को मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति अजय गडकरी और न्यायमूर्ति आरआर भोंसले की पीठ ने यह याचिका स्वीकार की।

इससे पहले विशेष अदालत ने 10 मई 2024 को कलस्कर को सजा सुनाई थी। कलस्कर ने इसे चुनौती दी थी और अपील पर अंतिम सुनवाई होने तक अंतरिम जमानत की मांग की थी। दाभोलकर ने अंधविश्वासों, पाखंडी बाबाओं, तांत्रिकों के खिलाफ मुहिम छेड़ी थी। इसके कारण उन्हें दक्षिणपंथी संगठनों के गुस्से का सामना करना पड़ा था। बीस अगस्त 2013 को पुणे में सुबह की सैर के दौरान उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनकी हत्या तर्कवादियों की हाईप्रोफाइल हत्याओं की शृंखला में पहली वारदात थी, जिसमें फरवरी 2015 में कोल्हापुर में गोविंद पानसरे, अगस्त 2015 में धारवाड़ में कन्नड़ विद्वान एमएम कलबुर्गी और सितंबर 2017 में बेंगलुरु में पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या शामिल है।



- बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला, विशेष अदालत सुना चुकी है सजा

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज तकनीकी कार्यों में बड़ी सफलता मिलेगी। गैजेट्स पर धन खर्च हो सकता है। किसी उलझे हुए मामले में मध्यस्थता करनी पड़ सकती है।

**तुला** – आज का दिन व्यापार में साझदारी के लिए निर्णायक साबित होगा। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा।

**वृष** – आज पुराने कर्जों को चुकाने के लिए का दिन सही है। विदेश से जुड़े कार्यों में गति आएगी। घर में किसी मांगलिक आयोजन की चर्चा होगी।

**वृश्चिक** – आज कानूनी अड़चनें दूर होंगी। व्यर्थ की चिंता छोड़कर काम पर ध्यान केंद्रित करें। नौकरी में सहकर्मियों का व्यवहार सहयोगात्मक रहेगा।

**मिथुन** – आज आपकी कल्पना शक्ति बढ़ी रहेगी। किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करने से बचें। संतान की सेहत में सुधार होगा।

**धनु** – आज प्रेम संबंधों में नया मोड़ आएगा। छात्रों को किसी प्रतियोगिता में सफलता मिल सकती है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

**कर्क** – आज करियर में बड़ा बदलाव कर सकते हैं। पैतृक संपत्ति से लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी ईमानदारी सम्मान दिलाएगी।

**मकर** – आज प्रॉपर्टी के क्रय-विक्रय से बड़ा मुनाफा होगा। सुख-साधनों में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में पदोन्नति मिल सकती है।

**सिंह** – आज आप दूसरों की मदद के लिए आगे आएंगे। यात्रा से व्यापारिक लाभ के योग हैं। मार्केटिंग के लोगों को बड़ा टार्गेट मिल सकता है।

**कुंभ** – आज साहस और पराक्रम के बल पर कठिन लक्ष्य हासिल करेंगे। संचार माध्यमों से कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है।

**कन्या** – आज गुप्त धन या बीमा से लाभ होने की संभावना है। किसी पुरानी कड़वाहट को भुलाकर नए सिरे से रिश्तों की शुरुआत करेंगे।

**मीन** – आज बैंक और फाइनेंस से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। घर में किसी अतिथि का आगमन हो सकता है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com





**आज की ग्रह स्थिति :** 30 अप्रैल, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी 21.12 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**दिशाशूल**–दक्षिण, **ऋतु**– ग्रीष्म। **चन्द्रबल**– मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। **ताराबल**–भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**–चित्रा 1 मई 02.16 तक तत्पश्चात स्वाती।

### सुडोकू - 134 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 6 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 3 | 6 | 2 | 5 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 6 | 5 | 1 | 9 | 4 |
| 4 | 8 | 1 | 2 | 7 | 9 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 4 | 3 | 8 | 7 | 2 |
| 7 | 4 | 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 9 | 5 | 2 | 3 | 1 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 5 | 4 | 3 | 2 | 9 |

### सुडोकू -135

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 3 | | | 8 | |
| 4 | | | | | | 6 | | |
| 5 | | 2 | | | 1 | | 3 | |
| | | 1 | | | | | 6 | |
| | | 3 | | | | 7 | | |
| | 6 | | 2 | 7 | | 1 | | |
| | 4 | 5 | 8 | | | | | |
| | | 9 | | | | | | 6 |
| | 2 | 7 | | | | | 1 | |

# लिंगानुपात में हुआ सुधार शिक्षा और रोजगार में बढ़ी महिलाओं की भागीदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट

केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने देश में जन्म के समय लिंगानुपात में सुधार होने का दावा किया है। मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक लिंगानुपात 2017-19 में 904 था जो 2021-23 में बढ़कर 917 हो गया है।

मंत्रालय ने ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में 'भारत में महिलाएं और पुरुष 2025 : चयनित संकेतक एवं आंकड़े' शीर्षक से अपनी 27वीं रिपोर्ट में महिला और पुरुषों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का आकलन प्रस्तुत किया है। 'डेटा फॉर डेवलपमेंट' रिपोर्ट राष्ट्रीय विचार-विमर्श सम्मेलन के दौरान बुधवार को जारी की गई। रिपोर्ट के अनुसार, 2008 से 2023 के बीच शिशु मृत्यु दर में लगातार कमी आई है और शिक्षा के क्षेत्र में प्राथमिक से उच्च माध्यमिक स्तर तक लैंगिक समानता प्राप्त हो चुकी है। उच्च शिक्षा में महिलाओं का सकल नामांकन अनुपात 2021-22 के 28.5 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 30.2 प्रतिशत हो गया है।

रोजगार क्षेत्र में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में श्रम बल भागीदारी दर बढ़ी है। ग्रामीण महिलाओं में यह दर 2022 से 2025 के बीच 37.5 प्रतिशत से बढ़कर 45.9 प्रतिशत हो गई है। रिपोर्ट कहती है कि 2017 से 2025 के बीच प्रबंधकीय पदों पर महिलाओं की भागीदारी 102.54 प्रतिशत बढ़ी है, पुरुषों में यह वृद्धि 73.80 प्रतिशत रही है।

# उत्तर भारत का कोई नास्तिक सबरीमाला में प्रवेश के अधिकार के लिए कैसे कर सकता है दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सवाल किया कि उत्तर भारत का कोई नास्तिक व्यक्ति सबरीमाला मंदिर में प्रवेश के अधिकार का दावा कैसे कर सकता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि मंदिरों में प्रवेश के अधिकार पर फैसला करते हुए यह भी देखना होगा कि यह अधिकार कोई श्रद्धालु मांग रहा है या गैर श्रद्धालु। नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने यह टिप्पणी धार्मिक स्थलों पर महिलाओं से भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान की।

न्यायालय के 2018 के फैसले का समर्थन कर रहीं दो महिलाओं बिंदु अम्मिनी और कनकदुर्गा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने कहा कि याचिकाकर्ताओं में से एक अनुसूचित जाति की महिला है और उसे मंदिर जाने से रोकना संविधान के अनुच्छेद 17 (अस्पृश्यता उन्मूलन) का उल्लंघन होगा। सितंबर 2018 में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 4:1 के बहुमत से 10 से 50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं के सबरीमाला मंदिर में प्रवेश पर लगी रोक हटा दी थी और सदियों पुरानी इस प्रथा को अवैध और असंवैधानिक बताया था। जयसिंह ने कहा, आज हमें बताया जा रहा है कि जातिगत व्यवस्था से परे हिंदू सबरीमाला में प्रवेश कर सकते हैं, लेकिन महिलाएं नहीं।

पीठ ने कहा कि महिला को अनुसूचित जाति से होने के कारण नहीं रोका गया था, बल्कि इसलिए रोका गया क्योंकि वह 10 से 50 वर्ष आयु वर्ग की थी। जयसिंह ने कहा कि सबरीमाला मंदिर में महिलाओं का बहिष्कार उनके जीवन के सबसे सृजनशील काल यानी 10 से 50 वर्ष की आयु के बीच लागू होता है। आप मुझे आधा जीवन जीने को नहीं कह सकते। इससे गंभीर पृथक्करण होगा।

उन्होंने कहा कि मंदिर में पूजा संविधान के अनुच्छेद 25(1) के तहत मौलिक अधिकार है। उन्होंने तर्क दिया कि 2018 का फैसला आने के बाद दोनों महिलाएं मंदिर गई थीं, लेकिन वे बाहर आईं तो कुछ संघ नेताओं ने शुद्धिकरण की बात की। जयसिंह ने कहा, यही दो महिलाएं थीं जो दर्शन करने में सफल हुईं। तब से कोई और महिला मंदिर में जाने में सफल नहीं हुई क्योंकि राज्य सरकार ने ऊपर जाने के लिए कोई भी सुरक्षा देने से इन्कार कर दिया।



- सबरीमाला मंदिर में महिलाओं से भेदभाव मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम टिप्पणी



"मुझे नहीं लगता कि हमें कोई खास रणनीतिक बदलाव करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि हम जिस तरह से खेल रहे हैं उससे हम काफी सहज हैं। जाहिर है क्रिकेट को किसी दूसरे ही अंदाज में खेलने को लेकर काफी चर्चा हो रही है।
–पार्थिव पटेल, गुजरात के सहायक कोच


# स्टेडियम

बरेली, गुरुवार, 30 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

गुजरात टाइटंस
बनाम
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**समय** - शाम 7:30 बजे

## हाईलाइट

### बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप में नहीं खेलकर गलती की : शाकिब

**मुंबई।** पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन ने इस साल की शुरुआत में भारत में हुए टी20 विश्व कप से बांग्लादेश के बाहर रहने को एक बड़ी गलती करार किया और उम्मीद जताई है कि अगर दोनों टीम कुछ सीरीज खेलती हैं तो उनके बीच क्रिकेट के रिश्ते बेहतर हो सकते हैं। बांग्लादेश ने अपने तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स से बाहर किए जाने के बाद टी20 विश्व कप के लिए भारत का दौरा नहीं किया था जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका ने मिलकर की थी। जिसके बाद बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल किया गया। शाकिब ने ईयूटी20 बेल्जियम की जर्सी लांच के मौके पर बुधवार को यहां पत्रकारों से कहा मुझे लगता है कि यह एक बड़ा नुकसान था। उन्होंने कहा बांग्लादेश क्रिकेट के लिहाज से यह एक बहुत बड़ी चूक थी क्योंकि एक देश के तौर पर हमें अपने खिलाड़ियों को विश्व कप में खेलते हुए और उन मैचों में हिस्सा लेते हुए देखना बहुत पसंद है।

### विनेश फोगाट की कुश्ती में वापसी

**नई दिल्ली।** विनेश फोगाट कुश्ती में वापसी करते हुए अपना वेट क्लास बदलेंगी। वह गोंडा, उत्तर प्रदेश में 10 से 12 मई तक होने वाले नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट 2026 में 57किग्रा वर्ग में हिस्सा लेंगी। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता पेरिस 2024 ओलंपिक्स के बाद उनकी पहली उपस्थिति होगी, और जापान में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होने वाले आगामी एशियाई खेलों के लिए क्वालिफिकेशन का रास्ता भी बनेगी। 31 वर्षीय भारतीय पहलवान ने पेरिस 2024 ओलंपिक्स में गोल्ड मेडल मुकाबले के लिए तय वज़न (वेट) पूरा न कर पाने के एक दिन बाद ही संन्यास की घोषणा कर दी थी।

### गेंदबाज लगातार कर रहे सही प्रदर्शन : जहीर

**मुंबई।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने आईपीएल 2026 में बल्लेबाजों के आक्रामक खेल के बावजूद गेंदबाजों के लगातार बेहतर प्रदर्शन का श्रेय उनकी आक्रामक सोच और सही रणनीतियों को दिया। बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन के बीच अकील हुसैन (17 रन पर चार विकेट), मोहसिन खान (23 रन पर पांच विकेट), जोश हेजलवुड (12 रन पर चार विकेट) और भुवनेश्वर कुमार (पांच रन पर तीन विकेट) जैसे गेंदबाजों ने पिछले एक हफ्ते में अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। जहीर ने ईयू टी20 बेल्जियम की जर्सी के अनावरण के मौके पर संवाददाताओं से कहा, मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में गेंदबाज अब वापसी कर रहे हैं।

# क्लासेन-अभिषेक की विस्फोटक पारियों से सनराजर्स ने लगाया जीत का पंजा

## आईपीएल-2026 : रिकेल्टन की नाबाद शतकीय पारी मुंबई के काम न आई

**मुंबई, एजेंसी**

अभिषेक शर्मा, ट्रेविड हेड और हेनरिक क्लासेन के तूफानी अर्धशतक से सनराइजर्स हैदराबाद ने सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन के शतक पर पानी फेरते हुए मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। इस जीत से सनराइजर्स की टीम नौ मैच में 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। मुंबई की टीम आठ मैच में चार अंक के साथ नौवें स्थान पर है।

मुंबई के 244 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स ने हेड (76 रन, 30 गेंद, आठ छक्के, चार चौके) और अभिषेक शर्मा (45 रन, 24 गेंद, तीन छक्के, चार चौके) के बीच पहले विकेट की 8.4 ओवर में 129 रन की साझेदारी के बाद हेनरिक क्लासेन (नाबाद 65 रन, 30 गेंद, चार छक्के, सात चौके) के अर्धशतक से 18.4 ओवर में चार विकेट पर 249 रन बनाकर जीत दर्ज की। क्लासेन ने नितीश कुमार रेड्डी (21) के साथ चौथे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी भी की। सलील अरोड़ा ने अंत में 10 गेंद में दो चौकों और तीन छक्कों से नाबाद 30 रन बनाए। रिकेल्टन ने इससे पहले अपने करियर और मुंबई के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 55 गेंद में आठ छक्कों और 10 चौकों से नाबाद 123 रन बनाए जिससे मुंबई इंडियन्स ने पांच विकेट पर 243 रन का स्कोर खड़ा किया। रिकेल्टन ने विल जैक्स (46) के साथ पहले विकेट के लिए 93, नमन धीर (22) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 और कप्तान हार्दिक पंड्या (31) के साथ चौथे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी भी की। सनराइजर्स की ओर से प्रफुल्ल हिंगे सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 54 रन देकर दो विकेट चटकाए जबकि इशान मलिंगा ने 29, नितीश कुमार रेड्डी ने 31 और साकिब हसन ने 39 रन देकर एक-एक विकेट हासिल किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे सनराइजर्स को अभिषेक और हेड ने तेजतर्रार शुरुआत दिलाई। अभिषेक ने ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह पर छक्के मारे। हेड हालांकि भाग्यशाली रहे जब बोल्ट की गेंद पर नमन उनका कैच लपकने में नाकाम रहे और गेंद छह रन के लिए चली गई। उन्होंने इसी ओवर में दो और छक्के मारे। नमन ने इसके बाद अल्लाह गजनफर की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर हेड को दूसरा जीवनदान दिया। हेड ने इसका फायदा उठाते हुए बुमराह की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा जबकि अभिषेक ने भी इस स्टार तेज गेंदबाज पर छक्का जड़ा। सनराइजर्स ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 92 रन बनाए। नमन ने सातवें ओवर में अश्वनी कुमार की गेंद पर तीसरी बार हेड का कैच टपकाया और छक्के के साथ 20 गेंद में बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का अर्धशतक पूरा हुआ। इसी ओवर में टीम के रनों का शतक भी पूरा हुआ।



रन लेते ट्रैविस हेड (दाएं) और अभिषेक शर्मा। एजेंसी

### मुंबई इंडियंस

**243/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| विल जैक्स का इशान बो नितीश | 46 |
| रेयान रिकेल्टन नाबाद | 123 |
| सूर्यकुमार यादव अभिषेक बो मलिंगा | 05 |
| नमन धीर का दुबे बो हिंगे | 22 |
| हार्दिक पंड्या का क्लासेन बो साकिब | 31 |
| तिलक वर्मा का क्लासेन बो हिंगे | 07 |
| रोबिन मिंज नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त :** 08, विकेट पतन : 1-93, 2-110, 3-165, 4-221, 5-232

**गेंदबाजी :** कमिंस 4-0-39-0, हिंगे 4-0-54-2, मलिंगा 4-0-29-1, दुबे 3-0-50-0, साकिब 3-0-39-1, नितीश 2-0-31-1

### सनराइजर्स हैदराबाद

**249/4** (18.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा का बोल्ट बो गजनफर | 45 |
| ट्रेविस हेड का जैक्स बो पंड्या | 76 |
| ईशान किशन बो गजनफर | 00 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 65 |
| नितीश कुमार रेड्डी का सूर्यकुमार बो बोल्ट | 21 |
| सलील अरोड़ा नाबाद | 30 |

**अतिरिक्त :** 12, **विकेट पतन :** 1-129, 2-129, 3-133, 4-213

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-41-1, बुमराह 4-0-54-0, जैक्स 1-0-19-0, गजनफर 4-0-51-2, अश्वनी 2-0-41-0, पंड्या 3.4-0-39-1

### ऑरेंज कैप



- अभिषेक शर्मा हैदराबाद – 425 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद – 414 रन
- वैभव सूर्यवंशी राजस्थान – 400 रन

### पर्पल कैप



- इशान मलिंगा हैदराबाद – 15 विकेट
- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु – 14 विकेट
- जोफ्रा आर्चर राजस्थान – 14 विकेट

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 8 | 6 | 1 | 1 | 13 | 1.043 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 8 | 6 | 2 | 0 | 12 | 1.919 |
| 3. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 0.832 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 0.617 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 | -0.475 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -0.121 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -1.060 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 8 | 2 | 5 | 1 | 5 | -0.751 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -0.784 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -1.106 |

### युवी पाजी के साथ प्रशिक्षण ने मेरा नजरिया बदल दिया : अभिषेक शर्मा

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद के ओपनर अभिषेक शर्मा ने युवराज सिंह को अपनी सोच को सही दिशा देने का श्रेय दिया है। उन्होंने कहा कि बचपन के अपने आदर्श के साथ ट्रेनिंग करने से उन्हें टॉप लेवल के हाई-प्रेशर क्रिकेट के लिए तैयार होने में मदद मिली। 25 साल के अभिषेक मौजूदा आईपीएल सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने आठ मैचों में 380 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। अभिषेक ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान युवराज के साथ करीब से काम करना उनके विकास का एक अहम मोड़ साबित हुआ। युवी पाजी के साथ ट्रेनिंग करना मेरे लिए एक बहुत बड़ा पल था। मैं बचपन से ही उन्हें अपना आदर्श मानता था। वह मेरे हीरो थे। उन्होंने शुरुआत में मुझे कुछ सलाह दी थी, लेकिन हमारे पास साथ बिताने के लिए ज़्यादा समय नहीं था। फिर लॉकडाउन लग गया। मुझे लगता है कि युवी पाजी ने इसे कुछ खिलाड़ियों के साथ करीब से काम करने के एक मौके के तौर पर देखा। अभिषेक ने जियोस्टार को बताया मैं खुशकिस्मत था कि मैं उन खिलाड़ियों में से एक था। जब हमारा कैंप शुरू हुआ, तो उन्होंने कुछ ऐसा कहा जिसने सचमुच मेरा नज़रिया बदल दिया। उन्होंने मुझसे कहा कि हम जिस तरह की ट्रेनिंग और सोच पर काम कर रहे हैं, वह सिर्फ़ घरेलू क्रिकेट या आईपीएल के लिए नहीं है, और न ही सिर्फ़ भारत के लिए कुछ मैच खेलने के लिए है। उन्होंने कहा कि वह मुझे मानसिक तौर पर भारत के लिए बड़े मैच जीतने, यादगार पारियां खेलने और जब सबसे ज़्यादा ज़रूरत हो, तब गेंद से कमाल दिखाने के लिए तैयार कर रहे हैं। उन्होंने क्रिकेट में अपने शुरुआती दिनों के बारे में भी बात की और बताया कि कैसे उनके परिवार ने इस खेल में उनकी दिलचस्पी जगाने में अहम भूमिका निभाई।

# पेरिस सेंट जर्मेन ने सेमीफाइनल का पहला चरण 5-4 से जीता

## चैंपियंस लीग

**पेरिस, एजेंसी**

मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के पहले चरण में बायर्न म्यूनिख पर 5-4 से रोमांचक जीत हासिल की। चैंपियंस लीग के किसी सेमीफाइनल मुकाबले में यह सर्वाधिक गोल का नया रिकॉर्ड है। सेमीफाइनल का दूसरा चरण अगले सप्ताह खेला जाएगा।

बायर्न की तरफ से हैरी केन ने 17वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन पीएसजी ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही 5-2 की बढ़त बना ली, जिसमें तेजतर्रार विंगर ख्विचा क्वारात्सखेलिया (24वें और 56वें मिनट) और औस्मान डेम्बेले (45वें और 58वें मिनट) ने दो-दो गोल किए। पीएसजी के लिए जोआओ नेवेस ने भी 33वें मिनट में गोल किया था। बायर्न की तरफ से केन के अलावा माइकल ओलिस (41वें), डेयोत उपामाकानो (65वें) और लुई डियाज (68वें मिनट) ने गोल दागे।



पीएसजी के खिलाफ गोल करते बायर्न के लुई डियाज। एजेंसी

### नया नियम : मुंह ढककर बहस करने पर खिलाड़ी को मिल सकता है लाल कार्ड

**वैंकूवर।** चैंपियंस लीग मैच के दौरान विनीसियस जूनियर के खिलाफ की गई कथित नस्लीय टिप्पणी को गंभीरता से लेते हुए अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल संघ बोर्ड (आईएफएबी) ने एक नए नियम को मंजूरी दी है जिससे खिलाड़ियों को दूसरे खिलाड़ी से मौखिक बहस करते समय मुंह ढकने पर लाल कार्ड से दंडित किया जाएगा। ब्रिटिश कोलंबिया के वैंकूवर में मंगलवार को हुई बैठक में आईएफएबी ने सर्वसम्मति से इस नियम को मंजूरी दी। यह नियम 11 जून से शुरू होने वाले विश्व कप फुटबॉल में लागू होगा।

# बेंगलुरु के सामने गुजरात की होगी कड़ी परीक्षा

**अहमदाबाद, एजेंसी**

निरंतरता हासिल करने के लिए बेताब गुजरात टाइटंस को गुरुवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। अब जबकि टूर्नामेंट का आधा चरण पूरा हो चुका है तब गुजरात टाइटंस की टीम आठ मैचों में चार जीत और चार हार के साथ अंक तालिका में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष कर रही है। दूसरी तरफ मौजूदा चैंपियन आरसीबी शानदार फॉर्म में है और उसने आठ मैचों में से छह में जीत दर्ज की है। आरसीबी अभी अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है।

आरसीबी की तरफ से उसके तेज गेंदबाजों भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड ने मिलकर कहर बरपाया है। जहां भुवनेश्वर ने अपनी शानदार स्विंग से पुराने दिनों की याद दिला दी है, वहीं हेजलवुड ने टेस्ट मैच के स्तर की गेंदों से बल्लेबाजों को परेशान किया है। वह बल्ले के बाहरी किनारे को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं। इसके अलावा बीच के ओवरों में क्रुणाल पंड्या का सामना करना भी बड़ी चुनौती है क्योंकि उनकी गेंदबाजी में काफी विविधता है। गुजरात टाइटंस की टीम शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अधिक निर्भर है। उसके चोटी के तीन बल्लेबाजों साई सुदर्शन, कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर ने एक बार फिर अधिकतर रन बनाए हैं।



अभ्यास सत्र के दौरान गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल। एजेंसी

### घरेलू मैदान पर दबदबा नहीं बना पाया टाइटंस

गुजरात टाइटंस की टीम अभी तक अपने घरेलू मैदान पर दबदबा बनाने में नाकाम रही है। उसने मोटेरा में खेले गए तीन मैचों में से दो मैच गंवाए हैं। आरसीबी इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार है, लेकिन सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है। इंग्लैंड के अपने साथी खिलाड़ी फिल साल्ट की चोट के कारण पिछले दो मैच में खेलने वाले जैकब बेथेल कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। यह प्रतिभाशाली बल्लेबाज गुरुवार को विराट कोहली के साथ पारी का आगाज करते हुए अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होगा। बेथेल ने टी20 विश्व कप के दौरान शानदार प्रदर्शन किया था और वह किसी भी समय अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखा सकते हैं।

- भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड की गेंदबाजी से रहना होगा सावधान

### टीम

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, मानव सुथार, निशांत सिंधु, वॉशिंगटन सुंदर, गुरनूर बराड़, अरशद खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कैगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, जयंत यादव, ईशांत शर्मा, अशोक शर्मा, जेसन होल्डर, टॉम बैंटन, ल्यूक वुड, साई सुदर्शन, अनुज रावत, कुलवंत खेजरोलिया, राहुल तेवतिया।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), टिम डेविड, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, फिलिप साल्ट, जितेश शर्मा, जैकब बेथेल, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, अभिनंदन सिंह, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम डार, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, नुवान तुषारा, वेंकटेश अय्यर, जैकब डफी, मंगेश यादव, जॉर्डन कॉक्स, विक्की ओस्टवाल, विहान मल्होत्रा, कनिष्क चौहान, सात्विक देसवाल।

## आई मुसीबत

**राजस्थान रॉयल्स के कप्तान पर गैरकानूनी कार्य का आरोप, पहली बार दोषी पाए जाने पर एक साल तक हो सकती कैद**

# ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट पीने पर विवादों से घिरे रियान पराग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम में 'वेपिंग' (ई-सिगरेट का इस्तेमाल करना) करते हुए टीवी कैमरों में कैद होने के बाद विवादों में घिर गए हैं। भारत सरकार ने 2019 में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसमें इसका उत्पादन, बिक्री और वितरण शामिल था। इस संबंध में कानून के अनुसार पहली बार अपराध करने पर दोषी को एक साल तक की कैद हो सकती है या/और उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया सकता है।

आईपीएल के मौजूदा सत्र में रन बनाने के लिए जूझ रहे पराग पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के सीधा प्रसारण के दौरान ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट का सेवन करते हुए देखे गए। कैमरे में कैद हुई इस घटना पर सोशल मीडिया पर तुरंत ही प्रतिक्रिया होने लगी। पराग ने अपनी टीम की जीत में 16 गेंदों में 29 रन बनाए थे। इस प्रतियोगिता के संचालन से जुड़े आईपीएल और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों ने इसे सोशल मीडिया और टीवी कैमरों की निगरानी के युग में बेहद लापरवाही वाला कृत्य करार दिया। आईपीएल के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कई खिलाड़ी ई-सिगरेट का सेवन करते हैं, लेकिन वे ड्रेसिंग रूम में ऐसा नहीं करते। इतने सारे कैमरों के बीच ऐसा करना बेहद जोखिम और लापरवाही भरा है। पराग को खुलेआम ई-सिगरेट पीते हुए पकड़े जाने के बाद बीसीसीआई को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। राजस्थान रॉयल्स टीम का कोई भी अधिकारी इस मामले पर टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं था।

आईपीएल के मौजूदा सत्र में यह पहला अवसर नहीं है जबकि राजस्थान किसी विवाद में पड़ा। इससे पहले इसी महीने की शुरुआत में टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर डगआउट में फोन का इस्तेमाल करने कारण नियमों का उल्लंघन करने के लिए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। आईपीएल के एक अन्य सूत्र ने पीटीआई को बताया कि मौजूदा टूर्नामेंट से पहले मुंबई में कप्तानों की बैठक में ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की निजता का मुद्दा उठाया गया था। कुछ कप्तानों ने सीधा प्रसारण के दौरान ड्रेसिंग रूम की ओर कैमरे घुमाए जाने पर आपत्ति जताई थी। सूत्र ने कहा यह ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट के इस्तेमाल से सीधे तौर पर संबंधित नहीं था। यह मोटे तौर पर खिलाड़ियों की निजता से जुड़ा था। कई बार खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में पूरे कपड़े नहीं पहने होते हैं या वे कैमरों से बचना चाहते हैं।



### क्या है नियम

ई-सिगरेट निषेध अधिनियम (पीईसीए) 2019 के अनुसार कोई भी व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ई-सिगरेट का उत्पादन या निर्माण या आयात या निर्यात या परिवहन या बिक्री या वितरण नहीं करेगा और ई-सिगरेट का विज्ञापन नहीं करेगा या किसी ऐसे विज्ञापन में भाग नहीं लेगा जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ई-सिगरेट के उपयोग को बढ़ावा देता हो। जॉन हॉपकिंस मेडिसिन के अनुसार ई-सिगरेट का इस्तेमाल करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, हालांकि यह सिगरेट पीने जितना हानिकारक नहीं हो सकता है। उसके अनुसार निकोटिन नियमित सिगरेट और ई-सिगरेट का मुख्य घटक है और इससे लत लग जाती है।

# आयुष और प्रणय जीते, पर भारत थॉमस कप फाइनल में चीन से हारा

**होर्सेंस (डेनमार्क), एजेंसी**

आयुष शेट्टी और एच एस प्रणय ने बुधवार को यहां जबरदस्त वापसी करते हुए जीत दर्ज की लेकिन भारत थॉमस कप फाइनल के अंतिम ग्रुप ए मुकाबले में चीन से 2-3 से हार गया।

2022 के चैंपियन भारत ने पहले ही क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी। लेकिन लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी के करीबी मुकाबले में हारने से भारत बैकफुट पर आ गया था जिससे चीन को 2-0 से बढ़त मिल गई थी।

दबाव भरे हालात में आयुष ने शानदार प्रदर्शन किया और एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए वेंग होंग यांग को दूसरे एकल में 17-21, 21-13, 21-15 से हराकर अंतर कम किया। दूसरे युगल मैच में हरिहरन अमसकारुनन और एमआर अर्जुन की जोड़ी को ही जी टिंग और रेन जियांग यू से 17-21, 13-21 से हार मिली जिससे चीन ने 3-1 की अजेय बढ़त बना ली। इसके बाद प्रणय ने तीसरे एकल में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लू गुआंग जू को 20-22, 21-19, 21-11 से हराया और हार के अंतर को और कम किया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य को दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी ली शि फेंग से कड़ा संघर्ष करने के बावजूद तीन गेम तक चले मुकाबले में शिकस्त झेलनी पड़ी। लक्ष्य ने पिछले महीने 'ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप' में ली को हराया था। वह बुधवार को निर्णायक गेम में उसी फॉर्म को दोहरा नहीं पाए और 19-21, 21-8, 12-21 से पराजित हो गए। भारत को सात्विक और चिराग की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से मुकाबले को बराबर करने की उम्मीद थी। लेकिन पांच मैच प्वाइंट बचाने के बावजूद यह जोड़ी मौकों को भुनाने में नाकाम रही।



आयुष शेट्टी।